**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 03 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 296, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**कंपनियों की पूंजी 95447 करोड़ बढ़ी**

10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरणमें बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 95,447 .38 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन की आज शुरुआत करेंगे मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन नवंबर को पहले उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। } 16

# भारत की बेटियों ने रचा इतिहास, बनी वर्ल्ड चैंपियन

## टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया,दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया

मुंबई। भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई।

दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई। 298 का यह किसी भी विश्व कप फाइनल में भारत का सबसे बड़ा स्कोर है और ओवरऑल महिला वनडे विश्व कप फाइनल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे ऊपर केवल 2022 में ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड के खिलाफ 356/5 का स्कोर है, जो अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 58 रन और शेफाली ने 87 रन की पारी खेली। इसके अलावा स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 24 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जेमिमा रॉड्रिग्स 24 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर ने 12 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए। वहीं, मलाबा, डी क्लर्क और क्लो ट्रायोन को एक-एक विकेट मिला। (विस्तृत खेल पेज पर)







"खेल के मैदान में ऑपरेशन सिंदूर। नतीजे बिल्कुल वैसे ही है। भारत जीता। हमारे क्रिकेटरों को शुभ कामनाएं। प्रिय टीम इंडिया, विश्व कप में आपकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प काबिले तारीफ था। आपने पूरे जोश के साथ खेला और देश का नाम रोशन किया। हम आज और हमेशा आपके साथ हैं। नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री"



"ऐतिहासिक विजय !विश्वविजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हार्दिक अभिनंदन। देशवासियों को हृदयतल से बधाई। आप सभी देश का गौरव हैं। भारत माता की जय। योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री"

संक्षेप

### अमेरिका में शटडाउन से खाद्य वितरण केंद्रों पर लगीं लंबी कतारें

लुइसविले। अमेरिका में सरकारी शटडाउन के कारण संघीय सरकार ने सप्लीमेंटल न्यूट्रिशन असिस्टेंस प्रोग्राम (एसएनएपी) पर रोक लगा दी, जिसके बाद खाद्य वितरण केंद्रों और दुकानों पर मुफ्त भोजन एवं किराने का सामान लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। न्यूयॉर्क के ब्रॉन्क्स इलाके में शनिवार को वर्ल्ड ऑफ लाइफ क्रिश्चियन फेलोशिप इंटरनेशनल पैंट्री में सामान्य से लगभग 200 अधिक लोग पहुंचे। कुछ लोग सुबह चार बजे ही पहुंच गए ताकि वे फलों, सब्जियों, ब्रेड, दूध, जूस, सैंडविच आदि सामान हासिल कर सकें। इस पैंट्री में स्वयंसेवा करने वालीं मैरी मार्टिन खुद भी यहां से खाद्य सहायता लेती हैं। मार्टिन ने कहा, अगर मेरे पास यह पैंट्री न होती, तो मुझे नहीं पता हम कैसे जीते।

### हत्या के 3 दोषियों को आजीवन कारावास

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में आरोपी तीन लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है और उनपर जुर्माना भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) रामलाल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शनिवार को हत्या के तीन आरोपियों- मनीष कुमार वर्मा, नन्हे लाल वर्मा एवं सुनील वर्मा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उनपर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि एक किशोर आरोपी का मामला किशोर न्याय बोर्ड को विचारार्थ भेज दिया गया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ओरी का ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था से ही पूरे होंगे सुशासन के लक्ष्य : योगी

## विश्वविद्यालयों में ई-कोर्ट, साइबर लॉ और एआई आधारित प्रशिक्षण पर सरकार दे रही जोर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रदेश और देश दोनों के लिए गौरव का विषय है। यहां से निकलने वाले छात्र समाज और राष्ट्र की न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिया जाने वाला दीक्षा मंत्र, 'सत्यं वद्, धर्मं चर' (सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो) भारत



की प्राचीन गुरुकुल परंपरा की नींव है। यही भावना हमारे संविधान, संसद और न्यायपालिका के बोधवाक्य धर्मो रक्षति रक्षितः और यतो धर्मस्य ततो जयः में भी प्रतिबिंबित होती है। सीएम योगी ने कहा कि धर्म हमारे लिए जीवन पद्धति का हिस्सा है, जबकि उपासना आस्था का विषय है। धर्म का अर्थ है अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना। इसी भावना के साथ युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता के लिए एक सुदृढ़ न्यायिक प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। न्याय व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना उतना ही सरल होगा। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्राचीन काल का रामराज्य भेदभाव रहित और न्यायसंगत शासन का प्रतीक था, जिसे आज की आधुनिक व्यवस्था में सुशासन के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ई-कोर्ट प्रणाली, वैकल्पिक विवाद निपटान (अऊफ़), साइबर लॉ प्रशिक्षण, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर विशेष जोर दिया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और छात्रावास के निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों, अभियोजकों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के स्किल डेवलपमेंट और प्रशिक्षण के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इसरो ने नौसेना के लिए लॉन्च किया जीसैट-7आर सैटेलाइट

एजेंसी

हरिकोटा। इसरो ने श्रीहरिकोटा से भारतीय नौसेना के लिए निर्मित अपने शक्तिशाली रॉकेट एलवीएम3-एम5 के जरिए सीएमएस-03 (जीसैट-7आर) संचार उपग्रह को आज सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। तकरीबन 4000 किलोग्राम वजनी यह उपग्रह अब तक का भारत का सबसे भारी संचार उपग्रह है। इसके जरिए नौसेना को समुद्र में बेहतर संचार सुविधा और समुद्री क्षेत्र की निगरानी में बड़ी मदद मिलेगी।

इस उपग्रह में कई देश में विकसित अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण लगाए गए हैं, जो भारतीय नौसेना की संचालन क्षमता को और मजबूत बनाएंगे। इसरो के अनुसार, सीएमएस-03 रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हुआ है, इसरो ने इसे परफेक्ट इंजेक्शन बताया है। इसरो के एलवीएम-एम5



द्वारा सीएमएस-03 संचार उपग्रह के प्रक्षेपण पर, इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा, 'सीएम-03 उपग्रह एक बहु-बैंड संचार उपग्रह है, जिसकी कवरेज भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में है, और इसे कम से कम 15 वर्षों तक संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह में कई नई तकनीकों का समावेश है और यह आत्मनिर्भर भारत का एक और ज्वलंत उदाहरण है। मैं देश की संचार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखंड आस्था, संस्कृति और प्रकृति का अद्भुत संगम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में दो महत्वपूर्ण आगंतुक केन्द्रित परियोजनाओं फुट ओवर ब्रिज और घुड़सवारी क्षेत्र का लोकार्पण किया।

इन दोनों सुविधाओं के उद्घाटन के

**❍ राष्ट्रपति निकेतन में आगंतुक केन्द्रित दो परियोजनाओं को किया लोकार्पित**

साथ राष्ट्रपति निकेतन को आधुनिक अवसंरचना, सुरक्षा और हिमालयी सांस्कृतिक विरासत के संगम के रूप में एक नया आयाम प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उत्तराखंड की धरती पर पर्वतों की शांति, नदियों की निर्मलता और लोकजीवन की जीवंतता एक साथ



धड़कती है। यह राज्य न केवल प्रकृति की गोद में बसा है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक आत्मा का भी प्रतिबिंब है। राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन परिसर में निर्मित यह 105 फीट लंबा फुट ओवर ब्रिज अपनी भव्यता और पारंपरिक स्थापत्य के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। 9 करोड़ की लागत से राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा केवल छह महीनों में पूर्ण की गई इस परियोजना को 'हिमालयी डिजाइन की आधुनिक मिसाल' कहा जा रहा है। पुल के निर्माण में स्थानीय पत्थर, लकड़ी और इस्पात का समन्वित उपयोग किया गया है, जिससे यह परंपरा और तकनीक दोनों का संगम प्रस्तुत करता है। रैंप, रेलिंग और एंटी-स्लिप पथ जैसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### चुनाव में हिंसा बर्दाश्त नहीं

कानपुर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव कानून-व्यवस्था के दायरे में पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे। कुमार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, निर्वाचन आयोग चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बिहार में चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे तथा सभी मतदाताओं को लोकतंत्र का उत्सव मनाने का अवसर मिलेगा। मतदान कानून-व्यवस्था के दायरे में होगा। उन्होंने कहा, किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मतदाता शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से अपना वोट डाल सकेंगे। निर्वाचन आयोग इसके लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, मैं यह स्पष्ट कर देना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भीषण सड़क हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

जोधपुर। जोधपुर जिले के मतोड़ा क्षेत्र में रविवार शाम एक टैंपो ट्रैवलर के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। । हादसे में मारे गए सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन कर जोधपुर लौट रहे थे। सभी जोधपुर के सूरसागर इलाके के निवासी हैं।

फलोदी के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में 10 महिलाएं, चार बच्चे और एक चालक शामिल हैं। वहीं घायलों को मतोड़ा से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हादसे की खबर मिलते ही जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश मथुरादास



माथुर एमडीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित के साथ घायलों के इलाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। फलौदी थाना प्रभारी अमानाराम ने बताया कि ये परिवार कोलायत मेला दर्शन के लिए गए थे। वापसी के दौरान ये भीषण हादसा हो गया। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा है कि सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को सभी घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति दें तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 29.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ बौद्धिक निश्चितता पर सवाल उठायें विधि छात्र : न्यायमूर्ति सूर्यकांत (पृष्ठ-02)
❍ एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में उत्तराखंड ने रचा इतिहास (पृष्ठ-02)
❍ वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
❍ एफपीआई ने शेयर बाजार में 14610 करोड़ डाले (पृष्ठ-14)
❍ त्योहारी सीजन में पेट्रोल की बिक्री बढ़ी (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

**प्रधानमंत्री मोदी ने पटना में रोडशो किया, राजग के घोषणा पत्र को बिहार के विकास का दस्तावेज बताया**

# विकसित बिहार का मतलब है युवाओं को रोजगार देना

एजेंसी

आरा/नवादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विकसित भारत की बुनियाद बिहार है और विकसित बिहार का अर्थ है राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार की जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को रिकॉर्ड संख्या में सीट दिलाने जा रही है और जंगलराज को करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री ने आरा में आयोजित एक चुनावी सभा में कहा कि राजग का घोषणापत्र बिहार के तेज विकास के लिए समर्पित एक दूरदर्शी दस्तावेज है। यह ईमानदार और स्पष्ट सोच वाला घोषणापत्र है, जबकि जंगलराज वाले झूठे वादों का पुलिंदा लेकर आए हैं। लेकिन, ये जनता है, सब जानती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों के हित में कदम और महिलाओं



के सशक्तीकरण के उपाय-ये सभी राजग के घोषणापत्र के प्रमुख बिंदु हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम यहां एक रोडशो का नेतृत्व किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री और जद (यू) नेता राजीव रंजन सिंह ललन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद के साथ दिनकर गोलंबर से रोडशो शुरू किया। प्रधानमंत्री ने अपने वाहन से शहर की सड़कों से गुजरते समय सड़क के दोनों ओर और इमारतों के ऊपर खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। मोदी ने कहा कि 1.30 करोड़ महिलाओं को उनके खातों में 10,000 रुपये मिले हैं। बिहार में देश की सबसे अधिक युवा आबादी है, इसलिए हमारा घोषणापत्र युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) और कुटीर उद्योगों के नेटवर्क का और अधिक विस्तार किया जाएगा तथा बिहार जल्द ही पूर्वी भारत का प्रमुख वस्त्र और पर्यटन केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राजग प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 6,000 रुपये दिए हैं, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दुलार चंद यादव हत्याकांड में अनंत सहित तीन गिरफ्तार

एजेंसी

पटना। बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड)-जद (यू) के उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक अनंत सिंह को जन सुराज समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में रविवार तड़के गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो अन्य व्यक्तियों मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम को भी गिरफ्तार किया गया है। राजधानी पटना से करीब 200 किलोमीटर दूर बाढ़ स्थित आवास से अनंत सिंह को हिरासत में ले लिया गया। तीनों आरोपियों को दिन में अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, यादव की हत्या बृहस्पतिवार को पटना जिले के मोकामा क्षेत्र में हुई थी, जब वह जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। यह घटना भदौर और घोसवरी थाना क्षेत्रों के बीच हुई थी। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा ने शनिवार देर रात जिलाधिकारी एस एम थायागराजन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया, पुलिस ने दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में तीन लोगों अनंत सिंह, मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि यादव की मौत हृदय और फेफड़ों पर किसी कठोर ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# बौद्धिक निश्चितता पर सवाल उठायें विधि छात्र : न्यायमूर्ति सूर्यकांत

## अदालतें वकीलों की ऊंची आवाजों की नहीं बल्कि सबसे तैयार दिमाग की इज्जत करती हैं : मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत के भावी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने विधि छात्रों को हमेशा जिज्ञासु बने रहने, लगातार सीखने की ललक रखने और बौद्धिक निश्चितता पर सवाल उठाते रहने की नसीहत देते हुए रविवार को कहा कि वे तंत्र को तात्कालिक रूप में स्वीकार करने के बजाय उसे वैसा बनाने की कोशिश करें, जैसा उसे होना चाहिये।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने लखनऊ स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि वे हमेशा

- डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के धूमधाम से मना चौथे दीक्षांत समारोह

जिज्ञासु बने रहें। उन्होंने कहा कि सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है, इसलिए सीखना कभी बंद न करें और बौद्धिक निश्चितता पर भी सवाल उठाना सीखें। उन्होंने कहा, मैं आज पक्के विश्वास के साथ कह




रहा हूं कि कानून का पेशा आपका होगा, इसलिए नहीं कि यह आपके सामने एकमात्र रास्ता है, बल्कि इसलिए कि यह वह रास्ता है, जिसे बदलने के लिए आप पूरी तरह से तैयार हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने छात्र-छात्राओं को बेहतर अधिवक्ता बनने का सूत्र देते हुए कहा, एक विचार जो आपके साथ रह सकता है, वह है उन वकीलों के बीच का फर्क जो सिर्फ जिंदा रहने के लिए काम करते हैं और जो सच्चे मायनों में कामयाब होते हैं। यह फर्क इससे तय नहीं होता कि आप शुरू में कितना जानते हैं, बल्कि आपके जिज्ञासु बने रहने और कभी सीखना बंद न करने की इच्छा से निर्धारित होता है। उन्होंने कहा कि यह विधि विश्वविद्यालय डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के नाम पर है। उन्होंने कहा, लोहिया एक ऐसे इंसान थे जो मानते थे कि बौद्धिक निश्चितता आराम की सबसे खतरनाक श्रेणी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, लोहिया की विरासत हमें सिखाती है कि आगे बढ़ने के लिए यह पूछने की हिम्मत चाहिए कि क्या यह (काम) इस तरह होना चाहिए, या (किसी) अलग तरह से नयापन तब शुरू होता है जब हम सवाल करने की हिम्मत करते हैं। कानून के क्षेत्र में अपने सफर का एक शुरुआती सबक याद करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वह एक बार दो भाइयों के बीच सम्पत्ति के झगड़े के मुकदमे को अति आत्मविश्वास की वजह से हार गए थे। उन्होंने कहा, मुझे खुद पर इतना विश्वास हो गया था कि मैंने अपने ड्राफ्ट (मुकदमे का लिखित दस्तावेज) को दोबारा देखने या अपनी दलीलों को दोबारा जांचने की जहमत नहीं उठाई।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, जब मैं हार गया तो मुझे एहसास हुआ कि मैंने उस मुकदमे के जरूरी सवालों को नजरअंदाज कर दिया था। उस नाकामी ने मुझे हर बार शून्य से शुरू करना सिखाया। हर मामले का बारीकी से अध्ययन करना दरअसल नाकामी से पैदा हुई वह आदत बनी जो मेरी नयी सोच की नींव बन गई। उन्होंने विधि छात्र-छात्राओं से कानून के पेशे को उन्नत बनाने का आग्रह किया और कहा, सालों बाद जब आप इस दिन (दीक्षांत समारोह) के बारे में सोचेंगे तो मुझे उम्मीद है कि आपको सिर्फ यह समारोह ही याद नहीं रहेगा, बल्कि यह आपको ध्यान से सोचने, ईमानदारी से काम करने और हर तरफ से आने वाली जानकारी को स्वीकार करने के लिए भी याद रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, इस पेशे को आपकी जरूरत है। आपको इसे मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करने की नहीं, बल्कि इसे वैसा बनाने की जरूरत है, जैसा इसे होना चाहिए।

### दीक्षांत समारोह में इन विद्यार्थियों ने प्राप्त किये मेडल

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में इस वर्ष कई छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभिन्न श्रेणियों में मेडल प्राप्त किए। एलएलएम वर्ग में हर्षिता यादव ने गोल्ड मेडल, आकृति श्रीवास्तव ने सिल्वर मेडल और ऋषभ ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वहीं बीए एलएलबी वर्ग में अभ्युदय प्रताप को गोल्ड मेडल, साइमा खान को सिल्वर मेडल तथा दर्शिका पांडेय को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। बीए एलएलबी ऑनर्स के अंतर्गत विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में लॉ ऑफ टेक्सेशन में स्वर्णायती, क्रिमिनल लॉ में मुस्कान शुक्ला और कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ में दर्शिका पांडेय को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। विशेष पुरस्कारों में स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब दर्शिका पांडेय को, बेस्ट मोअरटर ऑफ द ईयर का सम्मान अभ्युदय प्रताप को तथा बेस्ट परफॉर्मेंस इन यूपीएससी/स्टेट पब्लिक सर्विस एग्जाम का पुरस्कार धीरज दिवाकर को मिला। इसी प्रकार साइबर लॉ विषय में अमन कुमार ने गोल्ड, संयुक्ता सिंह ने सिल्वर और प्रांजल पांडेय ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स में आत्रेय त्रिपाठी को गोल्ड, अक्षिता सिंह को सिल्वर और श्रेया अवस्थी को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया। वहीं मीडिया लॉ में राघव त्रिपाठी ने गोल्ड, इशिका गौतम ने सिल्वर और सान्या गांधी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अब अपने जीवन के एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुके हैं और अब उनके सामने पेशेवर क्षेत्र का पूरा फलक खुला है। उन्होंने कहा कि अब उपाधि धारकों के लिए कोई पाठ्यक्रम नहीं होगा, बल्कि अब उनके सामने सिर्फ मुवक्किल और कानूनी लड़ाई के नतीजे होंगे।

न्यायमूर्ति भंसाली ने विधि छात्र-छात्राओं को मुकदमों की बारीकी से तैयारी करने पर जोर देते हुए कहा, तैयारी का कोई विकल्प नहीं है। वाक्पटुता एक दिन के लिए चकाचौंध कर सकती है, लेकिन करियर तो तैयारी से ही बनता है। उन्होंने कहा कि अदालतें वकीलों की ऊंची आवाजों की नहीं बल्कि सबसे तैयार दिमाग की इज्जत करती हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीश उन वकीलों को याद नहीं रखते जिन्होंने सबसे ऊंची आवाज में बात की, बल्कि उन्हें याद रखते हैं जिन्होंने दमदार तरीके से बात रखी।

# देव दीपावली में दिखेगी काशी की दिव्यता और आस्था का संगम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देव दीपावली 05 नवंबर पर काशी एक बार फिर प्रकाश, आस्था और संस्कृति के अनुपम संगम का साक्षी बनेगी। वाराणसी के मनोरम घाटों पर देव दीपावली समितियों तथा कुण्डों और

- दीप पर्व कार्यक्रम के लिए कुल 20 सेक्टर बनाये गये : जयवीर सिंह

तालाबों पर स्थानीय समितियों द्वारा एक साथ लाखों दीप जलाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, राज्य सरकार तथा महोत्सव समिति, वाराणसी द्वारा 10 लाख से अधिक मिट्टी के दीपों की व्यवस्था की गई है। दीपक, तेल एवं बाती आदि का वितरण राजघाट से प्रारंभ हो चुका है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

मंत्री ने बताया कि गंगा के घाटों और उसके पार के तटों को सम्मिलित करते हुए दीप पर्व कार्यक्रम के लिए कुल 20 सेक्टर बनाए गए हैं। इनमें प्रत्येक के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं ताकि व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे।



मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत शंखनाद और डमरू की गूंज से होगी, जो भगवान शिव की उपस्थिति और काशी की दिव्य ऊर्जा का प्रतीक होगी। शो में भगवान शिव-पार्वती विवाह का दृश्य, भगवान विष्णु के चक्र पुष्करिणी कुंड की कथा, भगवान बुद्ध के धर्मोपदेश, संत कबीर और गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति परंपरा तथा आधुनिक युग में महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय की गौरवशाली यात्रा को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। यह पूरा शो काशी की आत्मा, उसकी परंपरा और आध्यात्मिकता को एक सूत्र में पिरोते हुए यह संदेश देगा कि कण-कण में काशी और रस-रस में बनारस बसता है।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि देव दीपावली की पावन संध्या पर वाराणसी का आकाश रंग-बिरंगी रोशनी और आस्था के प्रकाश से जगमगाने वाला है। श्रद्धालु और पर्यटक इस अवसर पर मनोरम दृश्य के साक्षी बनेंगे, जब 25 मिनट का भव्य शकाशी-कथाश 3-डी प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। इस अद्भुत प्रस्तुति में काशी के प्राचीन गौरव, गंगा की महिमा और भगवान विश्वनाथ की नगरी की आस्था को आधुनिक तकनीक के माध्यम से दर्शाया जाएगा।

संयुक्त निदेशक पर्यटन, दिनेश कुमार ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में 8 मिनट का विशेष लेजर शो भी शामिल होगा, जो दर्शकों को दिव्यता और आधुनिकता के संगम का अनुभव कराएगा। पर्यटकों के लिए 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो का निःशुल्क प्रदर्शन तीन बार- रात्रि 08:15, 09:00 और 09:35 बजे किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस दृश्य का आनंद ले सकें। इसके साथ ही श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के सामने रात्रि 08:00 बजे 10 मिनट की ह्लग्रीन आतिशबाजीह्व का निःशुल्क आयोजन भी किया जाएगा, जो पर्यावरण के अनुकूल होते हुए भी आकाश को दिव्य रंगों से भर देगी। इस पूरे आयोजन का उद्देश्य काशी की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करना है, जिससे देव दीपावली की रात एक अविस्मरणीय अनुभव बन सके।

# प्रदेश में पर्याप्त खाद उपलब्ध : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में खाद की अद्यतन उपलब्धता की समीक्षा की गई और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद

- कृषि मंत्री ने की उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा

उपलब्ध है जिसे किसानों को उनकी जोत के अनुपात में उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसकी समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि रबी 2025-26 सीजन के लिए प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। एमएफएमएस पोर्टल के अनुसार 02 नवंबर 2025 तक कुल 35.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हो चुका है, जिनमें से 9.77 लाख मीट्रिक टन की बिक्री की जा चुकी है। इस प्रकार राज्य में 25.91 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपलब्ध है। यह गत वर्ष की इसी अवधि में उपलब्ध मात्रा 24.32 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष 1.59 लाख मीट्रिक टन अधिक है।



उन्होंने कहा कि रबी सीजन के लिए उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। अभी 4.35 लाख मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.94 लाख मीट्रिक टन अधिक है। एनपीके 4.80 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.60 लाख मीट्रिक टन अधिक है। इसके साथ ही यूरिया की उपलब्धता 12.71 लाख मीट्रिक है। इसी प्रकार एसएसपी की उपलब्धता 3.03 लाख मीट्रिक टन है। एमओपी की उपलब्धता 1.02 लाख मीट्रिक टन है। इसमें से सहकारिता (कोआपरेटिव सोसाइटी) के पास 5.27 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.80 लाख मीट्रिक टन डीएपी तथा 1.13 लाख मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि समितियों और बिक्री केंद्रों पर भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई गई है इसलिए किसान एक साथ भारी संख्या में कतार लगाने के बजाय अपनी सुविधानुसार समितियों या प्राइवेट दुकानों पर जाकर खाद ले सकते हैं। सभी किसानों को उनकी जोत के अनुसार खाद उपलब्ध करायी जाएगी।

# बागवानी में निःशुल्क माली प्रशिक्षण योजना

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र में रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन (राष्ट्रीय बागवानी मिशन) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में माली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

यह प्रशिक्षण बागवानी में दक्षता अर्जित कर पौधशाला स्थापना एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकार की दूरदर्शी नीति का हिस्सा है, जिसके तहत नागरिकों को तकनीकी कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बागवानी और पौधशाला क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें इस प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि न्यूनतम 390 घंटे (लगभग 50 दिन) की होगी। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री तथा एक बार आने-जाने का किराया विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।

औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बस्ती को बस्ती, गोरखपुर एवं आजमगढ़ मण्डल की, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, मलिहाबाद, लखनऊ को अयोध्या, बरेली एवं देवीपाटन मण्डल की, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, खुशरूबाग, प्रयागराज को प्रयागराज, मीरजापुर एवं चित्रकूट मण्डल की, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर को सहारनपुर, मुरादाबाद एवं मेरठ मण्डल

- 390 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण, आवास-भोजन व यात्रा व्यय सरकार उठायेगी

की, अधीक्षक राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ को लखनऊ, झाँसी एवं वाराणसी मण्डल की, सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फार वेजीटेबल कन्नौज को कानपुर, आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के इच्छुक नागरिकों का पंजीकरण कराकर उन्हें माली प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त, किसी भी जनपद के नागरिक अपने निकटतम केंद्र पर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ भानु प्रकाश राम ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ को माली प्रशिक्षण के लिए झांसी, लखनऊ एवं वाराणसी मण्डल का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 1 जुलाई 2025 को अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा शैक्षणिक योग्यता के रूप में कम से कम कक्षा 5 उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य है। आवेदन पत्र 10 नवम्बर सायं 5:00 बजे तक किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ में स्वयं जमा किए जा सकते हैं। चयन प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी हेतु मोबाइल/व्हाट्सएप 9451476482, 9919108242 और ईमेल– sgglko@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

# बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से चुनाव प्रबंधन करना होगा : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्य एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की। धर्मपाल सिंह ने एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र की क्षेत्रशः समीक्षा की

- शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव बैठक में आगामी कार्य एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की

तथा क्षेत्र व जिला के संयोजक, सहसंयोजको से संवाद करते हुए माइक्रो प्लानिंग का मंत्र दिया।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी चुनाव के प्रदेश संयोजक अमर पाल मौर्य ने विगत कार्यों का बिन्दुवार ब्यौरा बैठक में प्रस्तुत किया। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने संचालन किया। एमएलसी चुनाव के सहसंयोजक के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी, त्रयम्बक त्रिपाठी,




प्रदेश मंत्री शंकर गिरि व बसन्त त्यागी उपस्थित रहे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से चुनाव प्रबंधन करना होगा, जिससे संख्यात्मक तथा गुणात्मक दृष्टि से परिणाम हमारे अनुकूल होंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूरी तरह से प्रबंधन का चुनाव है, इसलिए अधिकतम मतदाता बनाना, मतदाताओं से सम्पर्क एवं संवाद करना तथा मतदान के दिन अधिकतम मतदान के लिए जुटने की रणनीति बनाकर काम करना होगा।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यकताओं को मतदाता बनाने की जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही हमें विचार परिवार के साथ मिलकर काम करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को योग्यता और क्षमता के आधार पर जिम्मेदारी सौंपना है। व्यापक रूप से लोगों को इस अभियान से जोड़ना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश, क्षेत्र, जिला से लेकर विधानसभा, मंडल तथा बूथ स्तर तक सक्रियता, समन्वय तथा संवाद के साथ ही समीक्षा के फामूर्ले पर काम करना है। शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा विद्यालयों में पहुंचकर मतदाता बनाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे टारगेट तय करते हुए काम करने से काम आसान होता है। कॉलेजो की सूची तैयार करना है तथा टीम वर्क से मतदाता बनाने का काम करना है। स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए घर-घर पहुंचकर मतदाता बनाना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में पार्टी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, सरदार पटेल 150वीं जयन्ती समारोह अभियान, वंदे भारत अभियान, विरसा मुंडा जनजातीय गौरव अभियान के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण अभियान चल रहे है। हमें सभी अभियानों में सहभागिता के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण अभियान में विशेष रूप से जुटना है। शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव में निश्चित विजय के लिए लक्ष्य निर्धारित करके बड़ी संख्या में मतदाता बनाना है।

# एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में उत्तराखंड ने रचा इतिहास

प्रमुख संवाददाता

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)।** साहसिक खेलों के क्षेत्र में रविवार को उत्तराखंड में नया इतिहास रचा गया है। सीमांत व अतिदुर्गम आदि कैलाश में आज 60 किलोमीटर लंबी अल्ट्रा रन मैराथन आयोजित किया गया जिसमें देश के 22 राज्यों से 700 से

- आदि कैलाश में अल्ट्रा रन मैराथन का हुआ आयोजन
- ऐतिहासिक अल्ट्रा रन के आयोजन से साहसिक पर्यटन व खेल संस्कृति को मिलेगी नई दिशा : धामी

अधिक धावकों ने भाग लिया। ऊंचाई, कठोर मौसम और चुनौतीपूर्ण हिमालयी ट्रैक के बीच प्रतिभागियों ने अदम्य साहस, धैर्य और फिटनेस का




अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश यात्रा के बाद इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में तेजी आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आदि कैलाश जैसे पवित्र व आध्यात्मिक धाम में आयोजित यह ऐतिहासिक अल्ट्रा रन न केवल साहस और समर्पण की मिसाल है, बल्कि यह सीमांत क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन और खेल संस्कृति को नई दिशा देगा। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य और असीम संभावनाओं का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास हमारी प्राथमिकता है। अल्ट्रा मैराथन जैसे आयोजन न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देते हैं बल्कि युवा पीढ़ी में साहसिक खेलों के प्रति उत्साह भी पैदा करते हैं। आने वाले समय में उत्तराखंड साहसिक खेलों और पर्वतीय पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनेगा। उत्तराखंड के पौराणिक और आध्यात्मिक धरोहर स्थल आदि कैलाश की पवित्र छाया में आज राज्य की पहली हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह आयोजन उत्तराखंड की साहसिक खेल क्षमता, प्राकृतिक धरोहर और पर्यटन संभावनाओं के नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर यह आयोजन उत्तराखंड की ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ है, जो राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में एडवेंचर टूरिज्म और खेल संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। आदि कैलाश जैसे पवित्र और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थल से इस साहसिक पहल की शुरूआत को दूरगामी परिणामों वाला कदम माना जा रहा है। प्रतिभागियों ने उत्तराखंड सरकार और जिला प्रशासन की ओर से की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की जमकर प्रशंसा की। धावकों ने कहा कि आईटीबीपी तथा भारतीय सेना का सहयोग और मार्गदर्शन अतुलनीय रहा, जिसने इस कठिन रूट पर आयोजन को सफल और सुरक्षित बनाया।

कार्यक्रम में सचिव पर्यटन, आईटीबीपी के अधिकारीगण ,जिला प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान स्थानीय जनता में भारी उत्साह देखने को मिला और हजारों लोगों ने धावकों का उत्साहवर्धन किया।

# निजीकरण और उत्पीड़न के विरोध में विद्युत अभियंता संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी ने पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस न ली गयी और अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं का समय रहते समाधान न किया गया तो प्रदेश के तमाम विद्युत अभियंता 20 नवंबर के बाद आंदोलन शुरु करेगें।

अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव में यह संकल्प दोहराया गया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण का टेंडर होते ही तमाम अभियंता सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारंभ करने के लिए बाध्य होगें जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव में मुख्यतः संयुक्त उपक्रम में बनाई जा रही ओबरा डी और अनपरा ई परियोजना को उत्पादन निगम को दिया जाए, उत्पादन निगम में सैकड़ों की संख्या में अधिशासी अभियंताओं के पद रिक्त होने के बावजूद विगत 4 वर्षो से सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता के पद पर रुकी हुई पदोन्नति तत्काल की जाए, वर्टिकल रीस्ट्रचरिंग के नाम पर निजीकरण करने के लिए अभियंताओं के पदों को समाप्त करने की साजिश तत्काल बंद की जाए।

बैठक के बाद अभियंता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान और महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि विद्युत अभियंताओं ने निजीकरण के विरोध में आंदोलन के साथ-साथ प्रदेश को बेहतर बिजली आपूर्ति देने का सतत प्रयास किया है और अभी भी विद्युत अभियंता इस कार्य में लगें हैं किंतु पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन इसके बदले में अभियंताओं का तरह-तरह से उत्पीड़न करने पर आमदा है। जिसके विरोध में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया गया। अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की आज लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यतः अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह, उपाध्यक्ष राहुल बाबू कटियार, संयुक्त सचिव आलोक श्रीवास्त, संगठन सचिव जगदीश पटेल, सहायक सचिव निखिल कुमार सहित तमाम क्षेत्रीय सचिव व शाखा सचिव उपस्थित रहे।

# छह लेन वाले विज्ञान पथ से जुड़ेंगे लखनऊ, बाराबंकी समेत छह जिले

## एलडीए ने इस योजना पर शुरू किया काम, 20 नोड से विकसित होंगी सुविधाएं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी की यातायात व्यवस्था में सुधार के चलते अब विज्ञान पथ तैयार करने की योजना है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 250 किलोमीटर लंबी, छह-लेन की सड़क परियोजना को लेकर काम शुरू कर दिया है। इस पथ के बनने से लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली और उन्नाव जिले आपस में जुडेंगे।

एलडीए इस परियोजना को एससीआर के विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में शामिल कर रहा है। सिक्स लेन का यह मार्ग लखनऊ को ग्लोबल सिटी के रूप में डेवलप करेगा। इसके साथ ही 20 नोड के जरिए कई औद्योगिक पार्क, शिक्षण संस्थाएं और अन्य सुविधाएं विकसित किये जा सकते हैं। सरकार का मानना है कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की दिशा में यह विज्ञान पथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित करने के बाद अब योगी सरकार पूर्व प्रधानमंत्री और लखनऊ के पूर्व सांसद भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कथन 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' के मंत्र को आधार मानकर लखनऊ को ग्लोबल सिटी के तौर पर डेवलप करने की तैयारी में है। जवानों को समर्पित शहीद पथ और अन्नदाताओं को समर्पित किसान पथ के बाद अब लखनऊ के लिए विज्ञान पथ की परिकल्पना की जा रही है। 6 लेन विज्ञान पथ के जरिए प्रदेश की राजधानी को इसके उत्तर में हरदोई और सीतापुर, पूर्व में बाराबंकी, दक्षिण में रायबरेली और पश्चिम में उन्नाव जिले से जोड़ते हुए विकास को रफ्तार देने का प्रस्ताव है। इससे लखनऊ समेत छह जिलों में आना जाना आसान हो जाएगा। इसके बनने से हर जिले से राजधानी तक 60 से 75 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। एलडीए के अनुसार, विज्ञान पथ को 2027 तक राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) का हिस्सा बना दिया जाएगा। इसके बनने से राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन आएगा। शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या में भारी कमी होगी, क्योंकि भारी वाहन सीधे बाहरी परिधीय मार्ग से गुजर सकेंगे। इस परियोजना के साथ 20 विकास नोड भी प्रस्तावित हैं, जिनमें औद्योगिक पार्क, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य केंद्र और व्यावसायिक परिसर विकसित किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि विज्ञान, प्रगति और समृद्धि का मार्ग बनेगी।

विज्ञान पथ बनने से जहां क्षेत्रीय यातायात सुगम होगा, वहीं राजधानी की सीमाओं का विस्तार भी एससीआर मॉडल के तहत सुनिश्चित होगा।

# पारा ओवरब्रिज में लापरवाही की रक्षा मंत्री से शिकायत

**लखनऊ।** पारा रेलवे क्रासिंग पर बन रहे ओवरब्रिज निर्माण में हो रही लापरवाही को लेकर पूर्व पार्षद व भाजपा नेता नागेंद्र सिंह ने शनिवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और निर्माण कार्य की धीमी गति एवं जनता को हो रही परेशानियों की शिकायत की। नागेंद्र सिंह ने बताया कि पारा ओवरब्रिज (8 सी मार्ग) का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। इस कारण स्थानीय लोगों को जाम, धूल, गड्ढों और मार्ग बंदी जैसी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन उन्हें रक्षा मंत्री से सीधे मिलकर समस्या बतानी पड़ी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए संबंधित विभाग को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता को राहत मिले इसके लिए ओवरब्रिज निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। मुलाकात के दौरान नागेंद्र सिंह ने पारा क्षेत्र की अन्य समस्याएं भी रखीं।

# अब वैश्विक मंच तक पहुंची शिल्पकला की गूंज

## विदेशी अतिथियों ने भारतीय शिल्प की बारीकियों की सराहना की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकल फॉर ग्लोबल के मंत्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। यही वजह है कि अब इसकी गूंज वैश्विक स्तर पर सुनाई दे रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ में रविवार को सेंट्रल एवं दक्षिणी अमेरिकी देशों तथा कैरेबियन द्वीप समूहों के लगभग 47 सदस्यीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने भ्रमण किया। इस प्रतिनिधिमंडल में डिजाइन, शिक्षा, कला एवं फैशन उद्योग से जुड़े अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल थे।

भ्रमण के दौरान संस्थान की ओर से पारंपरिक भारतीय कला एवं हस्तशिल्प पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बोन कार्विंग, जरी-जरदोजी, चिकनकारी, बाटिक प्रिंटिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग, टेराकोटा और लोक कलाओं का लाइव प्रदर्शन किया गया। प्रसिद्ध शिल्पगुरु माधुरी मिश्रा (बाटिक प्रिंटिंग), राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता जलालुद्दीन (बोन कार्विंग), राज्य पुरस्कार विजेता अकील अख्तर (बोन कार्विंग) और विनोद मिश्रा (बाटिक प्रिंटिंग) सहित कई कुशल शिल्पकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। विदेशी अतिथियों ने भारतीय शिल्प की बारीकियों को नजदीक से देखा और सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के शिल्पकारों की निपुणता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रेरणादायक है। प्रतिनिधियों ने संस्थान के पुस्तकालय और म्यूजियम का भी अवलोकन किया, जहाँ डिजाइन, कला और फैशन से जुड़ी 100 से 150 वर्ष पुरानी दुर्लभ पुस्तकें एवं कलाकृतियां संरक्षित हैं। इसके अलावा उन्होंने ओडीओपी उत्पादों की आर्ट गैलरी एवं डिजाइन स्टूडियो का भी दौरा किया, जहाँ संस्थान में प्रशिक्षित लाभार्थियों द्वारा तैयार उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। विदेशी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत की पारंपरिक कला और फैशन इंडस्ट्री में अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम विश्व स्तर पर डिजाइन नवाचार को नई दिशा प्रदान करते हैं। संस्थान की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भ्रमण ‟अंतरराष्ट्रीय सहयोग, कला आदान-प्रदान और डिजाइन शिक्षा में साझेदारी‟ को प्रोत्साहन देगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से प्रदेश की पारंपरिक हस्तशिल्प परंपरा को वैश्विक पहचान मिलेगी और प्रधानमंत्री जी के ‟लोकल फॉर ग्लोबल‟ विजन को साकार किया जा सकेगा।

**इन देशों के प्रतिनिधि रहे शामिल :** प्रतिनिधिमंडल में कई देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इनमें एंटीगुआ एंड बरबूडा, अर्जेंटीना, बहामास, बारबाडोस, ब्राजील, कैरीकॉम सेक्रेटेरिएट, कोलंबिया, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, कॉमनवेल्थ ऑफ डोमिनिका, कोस्टा रिका, क्यूबा, डोमिनिकन रिपब्लिक, एल साल्वाडोर, गुयाना, हैती, होंडुरास, जमैका, पनामा, पैराग्वे, पेरु, सूरीनाम, सेंट किड्स एंड नेविस और वेनेजुएला के प्रतिनिधि शामिल रहे।

इस अवसर पर एमएसएमई विभाग के संयुक्त आयुक्त सुनील कुमार, संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्थान ने विदेशी अतिथियों को ओडीओपी उत्पादों के विशेष उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

# एलडीए में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए आज से विशेष कैम्प

विशेष संवाददाता (vol)

- 15 नवम्बर तक लगेगा शिविर, अंतिम 03 दिनों में रजिस्ट्री विभाग की टीम रहेगी मौजूद

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए 03 नवम्बर से प्राधिकरण भवन में 13 दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के पहले 10 दिनों में एलडीए के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार करेंगे। वहीं, अंतिम 03 दिनों में निबंधन विभाग के अधिकारी कैम्प में उपस्थित होकर रजिस्ट्री की कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये हैं।

एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें कई सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी नहीं हो पायी है। इसके दृष्टिगत प्राधिकरण व निबंधन विभाग के परस्पर सहयोग से विशेष निबंधन शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 3 नवंबर से 15 नवंबर तक प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्राधिकरण के सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी एक ही पटल पर उपस्थित होकर निबंधन सम्बन्धी दस्तावेज तैयार करेंगे। वहीं, शिविर के आखिरी तीन दिनों में रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी कैम्प में उपस्थित रहेंगे, जिनके द्वारा निबंधन पंजीयन की कार्यवाही पटल पर ही सुनिश्चित करवायी जाएगी। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि जिन आवंटियों ने सम्पत्ति का पूरा पैसा जमा कर दिया है, उन्हें कॉल सेंटर के माध्यम से रजिस्ट्री कराने के सम्बंध में सूचना भेजी जा रही है। इसके अलावा जो आवंटी सम्पत्ति की धनराशि का 80 प्रतिशत या उससे अधिक भुगतान कर चुके हैं, उन्हें भी पूर्ण धनराशि जमा करवाकर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# आईएमई में रणनीतिक साझेदारी की : शरद

**लखनऊ।** यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट्स एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (यूएमपीईएसएल) ने कोलकाता में इंटरनेशनल माइनिंग एक्जिबिशन में पोलैंड के इंफ्राडीप कंसोर्टियम के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण, संयुक्त परियोजनाओं और समाधान विकास के माध्यम से भारत की भूमिगत खनन क्षमताओं को आगे बढ़ाना है, जिसमें सुरक्षा और स्थिरता पर विशेष जोर दिया गया है। यह रणनीतिक एमओयू यूएमपीईएसएल के लिए भारत के भूमिगत खनन क्षेत्र में वैश्विक नवाचार लाने के उसके मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर यूएमपीईएसएल के माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (एमएंडसीई) प्रमुख शरद थुस्सू ने कहा इस गठबंधन से भारत में खनन मशीनरी और भारी इंजीनियरिंग समाधानों में यूएमपीईएसएल की सात दशकों की स्थिति को मजबूत किया है। इससे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, टेक्नोलॉजी को अपनाने और भारत के खनन एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्र में कौशल उन्नयन के लिए उत्प्रेरक की भूमिका को मजबूती मिली है।

# वाइब्रेशन साइंस से दूर हो सकती है स्ट्रोक व स्ट्रेस

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लन्दन अकादमी ऑफ स्पोर्ट्स एंड हेल्थ साइंस व मयोफंक्शनल पोस्चुरल रहाबिलिटेशन साइंस, स्पेन की ओर से एक निजी होटल में फिजियोथेरेपी की द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एक विशिष्ट तकनीक वाइब्रेशन साइंस की ओर से स्ट्रोक, न्यूरो व आर्थो बीमारियों तथा उसके समाधान के बारे में बताया गया। सेमिनार का उद्घाटन रक्षा मंत्री के पीआरओ डॉ. राघवेन्द्र शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, समाजसेवक अमित गुप्ता व अल्पसंख्यक मंत्री हज कमेटी डॉ. एहितशाम हुदा ने किया।

सेमिनार में मुख्य वक्ता लन्दन अकादमी ऑफ स्पोर्ट्स एंड हेल्थ साइंस, यूके के एसोसिएट डायरेक्टर, प्रोफेसर डॉ. सैय्यद मोहम्मद वारिस ने बताया कि वाइब्रेशन साइंस से हम मरीजों को स्ट्रोक व स्ट्रेस से निजात दिला सकते हैं। डॉ. वारिस ने कई देशों में वाइब्रेशन की उपचार किया है व काफी फिजियोथेरेपिस्टों को इस आधुनिक तकनीक के बारे मे सिखाया है। भारत मे यह सेमिनार दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है।

सेमिनार मे डॉ. अलेक्स ने पेरू देश से ऑनलाइन जुड़कर मयोफेसिअल की आधुनिक तकनीक के बारे में बताया व डॉ. सिल्वा डी रोका ने अपने रेकॉर्डेड लेक्चर मे पोस्चर के रिहेबिलिटेशन पर बताया। साथ ही सेमिनार में लखनऊ के सीनियर फिजिओथेरेपिस्ट अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. योगेश मंध्यान ने पेलविक फ्लोर व एरा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. सुमित अस्थाना ने न्यूरो रहाबिलिटेशन पर चर्चा की। सेमिनार में विभिन्न प्रकार के स्थायी दर्द का फिजियोथेरेपी के माध्यम से समाधान के बारे में बताया गया। इसके साथ ही भाग-दौड़ भरे जीवन में विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं और दर्द के निवारण में फिजियोथेरेपी की भूमिका पर भी चर्चा हुई। सेमिनार के कोषाध्यक्ष डॉ. विष्णु मूर्ति पाठक ने कहा कि आज की चिकित्सा प्रणाली में फिजियोथेरेपी की एक अहम भूमिका है। फिजियोथेरेपी का सही उपयोग करके काफी लोगों को घुटने के प्रत्यारोपण से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक ने फिजियोथेरेपी को और अधिक कारगर बनाया है। लेजर थेरेपी ऐसी ही एक तकनीक है। इसमें लेजर के माध्यम से लोगों को शरीर के विभिन्न अंगों के दर्द से निजात दिलाई जाती है। सेमिनार में शहर के फिजियोथेरेपिस्ट को विभिन्न टाइटल के साथ सम्मानित भी किया गया। सेमिनार में डॉ. ब्रजेश त्रिपाठी, डॉ. तेजवीर सिंह, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डा. सुरेन्द्र गौतम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से आये फिजियोथेरेपिस्ट समेत भारी मात्रा में छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# एलर्जी और अस्थमा के रोग समाप्त करेगा केजीएमयू: एस चूड़ामणि

**लखनऊ।** एलर्जी और अस्थमा वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के रूप में उभर रहे हैं। इसमें नवाचार और बेहतर रोगी देखभाल को बढ़ावा देने के लिए में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ.) एस. चूड़ामणि गोपाल पूर्व कुलपति, केजीएमयू ने सांस की आजादी हर व्यक्ति का अधिकार है। एलर्जी को पहचानें, जीवन को आसान बनायें। बढ़ती एलर्जी एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। आओ मिलकर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण बनाये। हर सांस में स्वस्थ भारत की उम्मीद है। एलर्जी की सही पहचान एवं उपचार से जीवन को स्वस्थ बनायें।

### ये हो रहा है वर्तमान में

- एलर्जी पूरे विश्व में बहुत तेजी से बढ़ रहा है
- विश्व एलर्जी संगघठन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत लोग पूरे विश्व में संक्रमित है।
- शहरी क्षेत्रों में यह समस्या प्रदूषण और बदलती जीवनशैली के कारण तेजी से बढ़ रही है।
- वायु प्रदूषण भारत में प्रतिवर्ष लगभग 16 लाख मौतों का कारण बनता है।
- लगभग 10-30 प्रतिशत वयस्क एवं 40 प्रतिषत बच्चे ग्रसित हैं।
- लगभग 6-8 प्रतिशत बच्चे एवं 2-4 प्रतिशत वयस्क ग्रसित हैं।
- एक अध्ययन के मुताबिक, एलर्जी की दवाइयों में लगभग 4 हजार करोड़ रुपये का व्यय प्रतिवर्ष होता है।
- अस्थमा भी एक प्रकार की फेफड़े की एलर्जी है। विश्व में लगभग 30 करोड़ व्यक्ति ग्रसित हैं।
- अस्थमा से प्रतिवर्ष पूरे विश्व में लगभग 4.5 लाख व्यक्तियों की मृत्यु होती है जबकि इसमें से ज्यादातर मृत्यु को रोका जा सकता है।
- एक अनुमान के मुताबिक पूरे विश्व में 68,300 करोड़ रुपये का व्यय वर्ष 2021 में हुआ था।
- 2018 के सर्वे में भारतीय (7 करोड़ 40 लाख व्यक्ति) अस्थमा से ग्रसित है।

### अस्थमा

- इसमें खाँसी, सांस फूलना, छाती में सीटी बजना, जकड़ा होना इत्यादि लक्षण दिख सकते है।

### एलर्जी एवं अस्थमा का निदान

- इसमे विभिन्न प्रकार के एलर्जी के तत्व सुई के माध्यम से शरीर में लगाकर उससे होने वाली एलर्जी के लक्षण को देखा जाता है।

### खून जॉच

- जाँच से एलर्जी के बारे में पता लगाया जाता है।
- फेफड़े की जॉच - इसमें देखा जाता है कि फेफड़े किस प्रकार से काम कर रहे है।
- मेडिकल डायरी में एलर्जी के लक्षणो को लिखकर ध्यानपूर्वक नोट करने से भी एलर्जी के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकती है जो कि इलाज मे मील का पत्थर साबित हो सकती है।

### एलर्जी अस्थमा का इलाज

- एलर्जी करने वाला तत्व अगर ज्ञात हो सके तो उससे दूर रहे।
- डाक्टर की सलाह से एन्टी एलर्जी एवं स्टेरॉयड के सेवन से एलर्जी को नियंत्रित किया जा सकता है।
- इन्हेलर के समुचित तरह से सेवन से अस्थमा को कारगर तरह से नियंत्रित किया जा सकता है।
- एलर्जी के बारे मे जागरुकता फैलाकर एलर्जी को रोका जा सकता है।
- विभिन्न प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित करके एलर्जी को नियंत्रित किया जा सकता है।

### अस्थमा एवं एलर्जी के लक्षण

- एलर्जिक रायनाइटिस- इससे रोगियों को जुकाम, खासी, नाक बंद होना, आँख से पानी आना, गले में खुजली इत्यादि लक्षण दिखते है।
- फूड एलर्जी- इसमे विशेष किसी खाद्य पदार्थ का सेवन करने से मुहँ एवं होटों पर खुजली एवं सूजन, गले में खुजली, शरीर पर चकत्ते, उल्टी एवं जी मिचलाने जैसे लक्षण दिखते है।
- दवाइओं की एलर्जी : इसमे एलर्जी के लक्षण किसी विशेष दवाई से एलर्जिक रोगियों को विशेष दवा के सेवन से हो सकते है।
- एलर्जिक कंजक्टिवाटिस : इसमें ऑख में सूजन एवं लाल होना, ऑख में गढ़न, आँख से पानी आना इत्यादि हो सकता है।

**इम्यूनोथेरेपी-** यह आज की तारीख में एलर्जी का सबसे एडवांस इलाज है परन्तु यह महंगा है और विशेष परिथितियों में ही इसका इस्तेमाल किया जाता है।

हमारा पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग एलर्जी एवं अस्थमा के क्षेत्र में समुचित निदान एवं इलाज के लिये प्रतिबद्ध है एवं हमारे विभाग में इसके निदान एवं इलाज की परिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध है। यहॉ पर अत्याधिक कुशल चिकत्सको एवं स्टाफ की टीम है जो अस्थमा एवं एलर्जी के सम्पूर्ण इलाज के लिये प्रशिक्षित एवं प्रतिबद्ध है। यहॉ एडवान्स फेफड़े की जॉच, जो इस विभाग को एलर्जी एवं अस्थमा के समुचित इलाज के लिये स्टेट-आफ-आर्ट का दर्जा देती है। विश्वविद्यालय में भारत का सबसे बड़ा रेस्पिरेटरी आईसीयू (30 बिस्तरों वाला) स्थापित है, जहाँ 85 से अधिक गंभीर रोगियों की सफल रिकवरी दर्ज की गई है। पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग ने इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी, स्लीप मेडिसिन और एलर्जी अनुसंधान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ने श्वसन चिकित्सा और नवाचार के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग ने इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा एंड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी 2025 के 59वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। देश का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित मंच है जो एलर्जी, अस्थमा और एप्लाइड इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में कार्यरत है। यह चार (4) दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम है। समारोह के दौरान, शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध उपलब्धियों को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के माध्यम से मान्यता दी गई। एम्स भुवनेश्वर डॉ. रश्मि रंजन दास को वी. राजू पुरस्कार मिला, जबकि केजीएमयू की डॉ. शुभ्रा श्रीवास्तव को पुरस्कार प्रदान किया गया। एम. सुंदरम युवा वैज्ञानिक पुरस्कार आरएमएल अस्पताल की डॉ. श्रुति को प्रदान किया गया, जबकि कश्मीर के डॉ. सैफ रहमान ने सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार जीता और डॉ. गौरव को सर्वश्रेष्ठ फ्री पेपर पुरस्कार मिला।

# बिना ट्रेड लाइसेंस बेच रहे शराब और बीयर, 9 दुकानें व बार सील

**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन ने शहर में बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित होने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। निगम की ओर से सभी जोनों को निर्देशित किया गया कि जिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों ने अभी तक नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया है, उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में रविवार को जोन 4 की टीम ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 9 शराब और बीयर की दुकानों व बारों को सील कर दिया।

जोन 4 क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई में हुसडिया चौराहा, कमता, साइबर हाइट्स, अहिमामऊ बाजार और पलासियो मॉल जैसे प्रमुख स्थान शामिल रहे। नगर निगम टीम ने विराम खंड-1 हुसडिया चौराहे के पास स्थित मॉडल शॉप, कमता विक्रांत खंड मॉडल शॉप, साइबर हाइट्स स्थित जाओ बार और जलवा बार को सील किया। इसके अलावा पलासियो मॉल में दो लिकर शॉप्स तथा अहिमामऊ बाजार स्थित अंग्रेजी शराब और बीयर शॉप को भी सील किया गया। इसी प्रकार मल्हौर स्थित एक मॉडल शॉप को भी कार्यवाही के तहत बंद किया गया। हालांकि, इनमें से कुछ प्रतिष्ठानों ने रविवार शाम तक अपने लाइसेंस शुल्क का भुगतान कर दिया, जिसके बाद निगम प्रशासन की ओर से नियमानुसार उन्हें खोलने की अनुमति दी गई। नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक व्यवसायिक प्रतिष्ठान होटल, बार, नर्सिंग होम, क्लीनिक, या औद्योगिक इकाई के लिए ट्रेड लाइसेंस बनवाना अनिवार्य है। इनके अलावा नर्सिंग होम / प्रसूतिगृह (किसी भी क्षमता तक), बार, होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, बीयर शॉप, मॉडल शॉप, अंग्रेजी एवं देशी शराब की दुकानें आदि शामिल हैं।

# नुक्कड़ नाटक से बच्चों ने दिया सामाजिक संदेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रविवार को गोमती नगर स्थित शीरोज हैंगआउट कैफे में वी द न्यू डेफिनेशन ऑफ यंगस्टर्स फांउडेशन द्वारा कुटुंब का पैगाम 2025 के प्री-राउंड का सफल आयोजन किया गया।

पैगाम में इस वर्ष की थीम कुटुंब का पैगाम 2025 रखी गई है। इसके अन्तर्गत शहर के 16 प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से परिवार के महत्व को समझाया। युवाओं ने अपने अभिनय से यह संदेश दिया कि परिवार कोई संस्था नहीं, बल्कि प्रेम, अपनत्व और जिम्मेदारी से बुना हुआ वह बंधन है, जो समाज को जीवंत रखता है। इस वर्ष आधुनिकता के दौर में बेशक बढ़ना जरूरी है लेकिन आजादी अपनों से नहीं बल्कि अपनों के लिए होती है।


कार्यक्रम में लखनऊ के प्रमुख शिक्षण संस्थान बीबीडी यूनिवर्सिटी, रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी, आईएमआरटी, स्टडी हॉल कॉलेज, जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, काव्योम फाउंडेशन, एलपीसीपीएस, बीबीएयू और जीसीआरजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स सहित 16 टीमों ने भाग लिया और परिवार, एकता व सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। फिल्म अभिनेता केशव पंडित, सेंट्रल गवर्नमेंट स्टैंडिंग काउंसिल डॉ. शैलेंद्र शर्मा अटल, विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय डॉ. सौरभ मालवीय, डेंटल सर्जन डॉ. शिवानी कटारा, क्लीनिकल साइकलॉजिस्ट डॉ. आस्था शर्मा। निर्णायकों ने प्रतिभागी टीमों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि युवा कलाकारों ने परिवार की गहराई और समाज की वास्तविकता को मंच पर सजीव कर दिया।

इस अवसर पर वी द न्यू डेफिनेशन ऑफ यंगस्टर्स फांउडेशन के संस्थापक देश दीपक सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल एक नाट्य मंच नहीं, बल्कि युवाओं को सामाजिक संवेदनाओं से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्री-राउंड में चयनित टीमें 10 से 14 नवम्बर तक चलने वाले सेमीफाइनल में प्रतिभागिता करेंगी। वहीं, फिनाले 15 नवंबर को गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क के एम्फी थियेटर में आयोजित किया जाएगा। वी द न्यू डेफिनेशन ऑफ यंगस्टर्स फांउडेशन पिछले 11 वर्षों से युवाओं को सामाजिक और मानवीय विषयों पर आधारित नाट्य मंच प्रदान करता आ रहा है, जहां शहर के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी समाज में बदलाव का संदेश लेकर आते हैं।

# अटल नगर योजना में अब 21 तक करा सकेंगे पंजीकरण

## सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना की समय सीमा आज तक

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी बहुप्रतिक्षित अटल नगर आवासीय योजना में पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। देवपुर पारा स्थित इस बहुमंजिली योजना में अब 21 नवंबर तक पंजीकरण कराया जा सकता है। 19 मंजिला की इस योजना में 01 बीएचके व 02 बीएचके के कुल 2496 फ्लैट्स होंगे।

वहीं डालीबाग स्थित मुख्तार अंसारी के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बनाए गए 72 फ्लैटों के लिए पंजीकरण की समय सीमा सोमवार को समाप्त हो रही है। इस योजना के लिए मांग अधिक होने के चलते एलडीए ने पंजीकरण की अवधि नहीं बढ़ाई है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 4 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल व अटल नगर आवासीय योजना लांच की थी। दोनों योजनाओं में 01 बीएचके व 02 बीएचके के कुल 2,568 फ्लैट्स होंगे। जिनकी कीमत कम आय वाले लोगों के भी बजट में है। इनमें सबसे प्राइम लोकेशन पर डालीबाग में माफिया के अवैध कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने 72 फ्लैटों के लिए सबसे अधिक पंजीकरण हुए हैं। अब तक करीब एक लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर इन योजनाओं के भवनों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 4 अक्टूबर से 3 नवम्बर के मध्य खोले गए थे। डालीबाग योजना की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो रही है। प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया इस योजना की अवधि नहीं बढ़ाई गई है जबकि 10 नवंबर को लॉटरी भी होनी है। वहीं पारा स्थित 19 मंजिला अटल नगर आवासीय योजना में पंजीकरण की समय सीमा भी सोमवार को समाप्त हो रही थी। लेकिन लोगों की मांग को देखते हुए पंजीकरण की अवधि को बढ़ा दिया गया है। अब 21 नवंबर तक पंजीकरण कराया जा सकता है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पंजीकरण सिर्फ एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से ही कराया जा सकेगा। इसके लिए भवन के अनुमानित मूल्य की 05 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी होगी, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत होगी। भवनों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। अटल नगर आवासीय योजना अल्प आय एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों के आशियाने का सपना साकार करेगी। योजना में 12 से लेकर 19 मंजिल के 15 टावरों में कुल 2,496 फ्लैट्स होंगे। इसमें से 1,832 भवन 01 बीएचके और 664 भवन 02 बीएचके के होंगे। ये भवन 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे, जिनकी कीमत 9.82 लाख रुपये से शुरू होगी। एलडीए ने इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में लिफ्ट का भी प्रावधान किया है। इससे आवंटियों व उनके परिवार में शामिल बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को आवागमन में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी। इसके अतिरिक्त योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन एवं किड्स प्ले एरिया व पार्किंग आदि की पर्याप्त सुविधा होगी।

# 2030 तक 8500 मेगावाट सौर ऊर्जा लगाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत के तहत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में उभरता हुआ राज्य बन रहा है। 2022 तक सोलर एनर्जी से 10,700 मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था। इसमें 6,400 मेगावाट का उत्पादन बड़ी परियोजनाओं से और 4,300 मेगावाट का उत्पादन ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप की मदद से किया जाएगा। 2030 तक इसे बढ़ाकर क्रमशः 15,000 मेगावाट व 8,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को आत्म निर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने 3 साल में 18,823 किसानों को सोलर पंप दिए हैं। सरकार किसानों के डीजल पम्पसेट्स को सोलर पम्पसेट्स में बदलने का अभियान भी शुरू करने जा रही है। इसके तहत 2030 तक 1 लाख डीजल पम्पसेट्स को सोलर पम्पसेट्स से बदलने का भी लक्ष्य रखा गया है।

वहीं 1 लाख किसानों के यहां ग्रिड कनेक्टेड सोलर पंप स्थापित किये जायेंगे। अभी 3 हॉस पावर तक के सोलर पंप कनेक्शन पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रमशः 45 व 30 फीसदी, 5 हॉस पावर के कनेक्शन 30-30 फीसदी का अनुदान भी दिया जा रहा है। शेष 40 फीसदी राशि के लिए नाबार्ड व अन्य संस्थाओं की भी मदद ली जा रही है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 16 हजार सोलर पम्प स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री कुसुम ए योजना के तहत वह अपनी भूमि पर 500 किलोवाट से लेकर 2 मेगावाट क्षमता तक के सोलर पावर प्लांट लगवा सकते हैं। इससे उत्पादित बिजली सरकार 3.10 रुपए-यूनिट की दर से खरीदेगी। जल्द ही सरकार इसके लिए केन्द्र सरकार से प्रस्ताव मागेंगी। 2030 तक 1000 मेगावाट की क्षमता प्लांट विभिन्न जिलो में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को भी सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना पर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। अब तक 187.16 मेगावाट क्षमता के सोलर रूफ टॉप प्लांट लगवाए जा चुके हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# फ्लैट दिलाने के नाम पर हड़पे 11.37 लाख, मुकदमा दर्ज




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में रहने वाले एक अधिवक्ता ने ब्रोकर बन फ्लैट दिलाने के नाम पर 11लाख 37 हजार रुपये हड़प लिए।

511 स्काइलाइन प्लाजा सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य डॉ आशुतोष मिश्रा के अनुसार मार्च 2021 में अरोपित श्रीनारायण मिश्रा द्वारा ओलेक्स पर एक विज्ञापन प्रकाशित कर अवास विकास के फ्लैटों के आवंटन की पेशकश की गई थी।जिसपर पीड़ित ने उनसे संपर्क किया तो उन्होंने खुद को अवास विकास का लायजनर बताया और उन्हें 11 फ्लैटों का आवंटन करा देने का आश्वासन दिया।उनके इस आश्वासन के आधार पर पीड़ित ने उन्हें प्रति फ्लैट 1 लाख और प्रति फ्लैट 25 हजार के डिमांड ड्राफ्ट के रूप में भुगतान करने की बात कही औ? नगद व बैंक के द्वारा 11लाख37 हजार का भुगतान कर दिया।उसके बाद जब पीड़ित ने फ्लैट से संबंधित दस्तावेज मांगे तो अरोपित ने उन्हें नकली दस्तावेज दे दिये।इसके बाद जब पीड़ित ने आवंटन पत्र की मांग की तो अरोपित बार बार झूठ बोल कर 4 वर्षों तक टालते रहे।जिससे परेशान होकर पीड़ित ने जब अरोपित से पैसे वापस मांगे तो उसे धमकी दी जाने लगी।पीड़ित ने पूरे मामले की लिखित शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है।जिसपर पुलिस तहरीर के आधार पर श्रीनारायण मिश्रा तथा उनकी पत्नी अंकिता नारायण मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## महिला के प्लॉट की बाउंड्री तोड़ कर किया कब्जा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा एक महिला के प्लॉट की बाउंड्री वाल तोड़कर कब्जा कर लिए जाने की शिकायत पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दहिला लोनी कटरा बाराबंकी की रहने वाली विद्यावती पत्नी स्व रमेशचन्द्र के अनुसार उसने 31जुलाई 2020 को माढ़रमऊ में स्थित साहू सोसायटी में प्लाट संख्या 131 सी खसरा संख्या 33 का भाग क्षेत्रफल 2000 वर्गफिट सुनीता सिंह पत्नी अरुण कुमार सिंह निवासी 55ए अलोक नगर कंचना बिहारी मार्ग कल्यानपुर लखनऊ से 24 लाख में क्रय किया था।जिसमें बाउंड्री वाल बनी हुई थी।किन्तु वह जब 4 अप्रैल 2025 को अपना प्लॉट देखने गई तो देखा कि किसी ने उसकी बाउंड्री वाल तोड़कर नई बाउन्ड्रीवाल बना ली है।इसके बारे में जब उसने सोसाइटी कार्यालय में जाकर पता किया तो पता चला कि यह प्लॉट राम सुमिरन ने प्रतीक तिवारी पुत्र अजीत तिवारी को बैनामा कर दिया है जिसकी बाउंड्री वाल उन्होंने ही तोडकर बनवाई है।

इसके बाद जब पीड़िता ने साहू सोसाइटी के मालिक तरुण साहू व सुभाष साहू तथा विनीत तिवारी से जानकारी की तो उन लोगों ने उसे जाति सूचक गालियां देकर भगा दिया।जिसपर पीड़िता ने मालिक एम डी तरुण साहू पुत्र श्री प्रकाश साहू निवासी 3/20 पत्रकार पुरम गोमतीनगर लखनऊ सुभाष कुमार साहू पुत्र स्व लक्ष्मी नारायण साहू निवासी 2/44 विवेक खंड गोमतीनगर लखनऊ राम सुमिरन पुत्र गरीबे निवासी साहू बिल्डिंग हजरतगंज लखनऊ कृष्ण कुमार पुत्र कुंवर सिंह निवासी 4/323 विरत खंड गोमतीनगर लखनऊ सुपरवाइजर सुधीर पुत्र रामबक्स निवासी नीलमथा लखनऊ सुपरवाइजर अवधेश कुमार पुत्र सुखलाल निवासी सौनई कंजेहरा मोहनलालगंज लखनऊ विनीत तिवारी पुत्र अजीत तिवारी निवासी 279 डी ए ग्रीन सिटी अर्जुनगंज लखनऊ व रोहित कुमार रावत पुत्र बु ?द्धि राम व छोटू पुत्र राजेंद्र तथा जीतेन्द्र कुमार पुत्र राजेश गुप्ता निवासी माढर मऊ कला के खिलाफ शिकायत की है।जिसपर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**साइबर जालसाजों ने खाताधारक के क्रेडिट कार्ड का विवरण हासिल कर खाते से उडाये 45450 रुपये:** आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति को झांसे मे लेकर जालसाजों ने उसके क्रेडिट कार्ड खाते से 45,450 रुपये पार कर हडप लिया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रुचिखण्ड प्रथम, शारदा नगर, लखनऊ निवासी ब्रजेश कुमार द्विवेदी पुत्र बाबू लाल द्विवेदी के अनुसार बीते 2 सितम्बर को एक व्यक्ति ने फोन काल पर अपने आप को एसबीआई क्रेडिट कार्ड के कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बता उसके क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर उसके क्रेडिट कार्ड खाते सें 45450 रुपये हडप लिए। पीड़ित ब्रजेश कुमार द्विवेदी के अनुसार बीते 2 सितंबर को कालर ने उनको फोनकाल कर अपना परिचय एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बता उनके क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर उनके क्रेडिट कार्ड को बंद कर नया क्रेडिट कार्ड निःशुल्क जारी कर देने का झांसा दे विश्वास हासिल कर उससे उनके एसबीआई बैक की आईडी का मोबाइल एप डाउनलोड करा खाते से 45,450 रुपये हडप लिए। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस के अनुसार पीडित की लिखित शिकायत की है।

# स्थापना दिवस पर हुआ मां भगवती का जागरण



**लखनऊ।** शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा शिव सरस्वती मंदिर के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल मां भगवती जागरण कृष्ण जागरण पार्टी मथुरा एवं कानपुर की बाबा बफानी की मशहूर झांकियां जिसमें राधा कृष्ण मां दुर्गा गणेश जी बाहुबली हनुमान एवं महाकाल की मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति की गई प्रात 9:00 बजे मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा माता रानी की ज्योत मां चंद्रिका देवी बख्शी तालाब से प्रज्वलित कर के शिव सरस्वती मंदिर मैं लाईगाई एवं रात्रि 9:00 बजे से माता रानी का जागरण शुरू हुआ जिस की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपविजेता 171 पश्चिम विधानसभा अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड के लोकप्रिय पार्षद विनोद यादव एवं पंडित विशाल शास्त्री के मंत्रों द्वारा पूजा अर्चना के साथ माता रानी का जागरण शुरू हुआ जिसमें मंदिर समिति के संरक्षक श्री रविंद्र निगम अध्यक्ष जितेंद्र निगम तीर्थराज यादव अभिषेक मिश्रा जितेंद्र शुक्ला अनुराग दिक्षित सचिन देवल आशीष श्रीवास्तव शिवम पोरवाल गणेश शुक्ला देवेश अवस्थी धैर्य मिश्रा कृष्ण मिश्र एवं महिला समिति सदस्य अर्चना सिंह रीता सिंह राधा शुक्ला माला यादव प्रतिभा मिश्रा प्रगति मिश्रा निकिता जुनेजा संजू अवस्थी रति पांडे आदि लोगों का भरपूर सहयोग जिसकी जानकारी मंदिर की महिला समिति की सदस्य प्रतिभा मिश्रा द्वारा सांझा की गई।

# कमजोर वर्ग के लिए न्याय का पहला पड़ाव बार है : सूर्यकांत

**अवध बार एसोसिएशन का 125वां स्थापना दिवस**

विधि संवाददाता (vol)


**लखनऊ।** कमजोर और गरीब वर्ग के लिए न्याय तक पहुँच का पहला पड़ाव बार होता है, न्याय के लिए कोई भी व्यक्ति जब कोर्ट आता है तो सबसे पहले वकील के पास ही जाता है। इसलिए एक गरीब के दर्द को समझने की शक्ति बार में होनी चाहिए। न्याय के कार्य में बार और बेंच दोनों का समान महत्व है।

ये उद्गार व्यक्त किए देश के नामित मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने। रविवार को उन्होंने गोमती नगर स्थित हाईकोर्ट के ऑडिटोरियम में अवध बार एसोसिएशन के 125वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि हिन्दी में संबोधित किया। उन्होंने आह्वान किया कि बार और बेंच को आने वाली चुनौतियों के सम्बंध में आत्म निरीक्षण करना होगा, एआई का जमाना आ चुका है, देश आर्थिक प्रगति कर रहा है, ऐसे में कामर्शियल मुकदमे बढ़ेंगे, इसके लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा भारत के न्याय तंत्र को दुनिया के सबसे बेहतरीन न्याय तंत्रों में से एक बताया।

नामित सीजेआई ने बताया कि वह बतौर अधिवक्ता कई बार लखनऊ हाईकोर्ट में मुकदमों की बहस के लिए आ चुके हैं, इस मौके पर उन्हें बार के वरिष्ठ सदस्यों मार्गदर्शन भी मिला। उन्होंने एक नज्म कहते हुए बार और बेंच के रिश्ते को अटूट बताया।

कार्यक्रम को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सफेद शर्ट, ब्लैक कोट और गाउन महज यूनिफॉर्म नहीं बल्कि एक विश्वास है। उन्होंने वकीलों से आह्वान किया कि वादकारियों को कानूनी प्रक्रिया के बारे में आसान भाषा में समझाया जाना चाहिए। वहीं दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि अवध बार ने प्रदेश को श्रीपत मिश्रा और सीपी गुप्ता के तौर पर दो-दो मुख्यमंत्री दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके एक सदस्य तो बंटवारे के बाद पाकिस्तान के पहले अटॉर्नी जनरल बने और उनके बेटे पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति। इस अवसर पर लखनऊ बेंच के वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय ने कहा कि बार के सदस्यों को कमजोर वर्ग की आवाज सुननी चाहिए, वकालत में धन पहली प्राथमिकता नहीं है बल्कि न्याय प्रदान करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मजबूर बार मजबूत न्यायपालिका की पहचान होती है। कार्यक्रम को अवध बार के अध्यक्ष एस. चंद्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव ललित तिवारी ने किया।इस अवसर पर तमाम न्यायमूर्तिगण, सुप्रीम कोर्ट व इलाहाबाद बार के पदाधिकारियों के साथ-साथ तमाम जिलों के बार के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# पांच रुपये को लेकर कहासुनी में परिचालक ने सवारी का फोड़ा सिर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** सरोजिनी नगर स्कूटर इंडिया से कमता चिनहट इंटरव्यू देने जा रहे सवारी युवक का रविवार सुबह लखनऊ सिटी बस परिचालक ने पांच रुपए कम होने को लेकर कहासुनी के बाद सर फोड़ दिया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सि ने बताया कि मूलरूप से जनपद प्रतापगढ़ निवासी अजय तिवारी पुत्र राजेश तिवारी सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा में रहते है।पीडित अजय तिवारी के अनुसार वह रविवार सुबह करीब ग्यारह बजे सरोजिनी नगर स्कूटर इंडिया से कमता चिनहट इंटरव्यू देने जा रहे थे। आरोप है कि सिटी बस रूट संख्या 302 से दरोगा खेडा से बैठकर नौकरी के इंटरव्यूह के लिए जा रहे थे उस दौरान बस परिचालक जसमिन सिंह पुत्र चन्द्रपाल निवासी अलीगंज ने सिटी बस किराए मे पांच रुपए कम होने को लेकर कहासुनी के बाद आक्रोशित हो उसके सिर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिसकी जानकारी उसने पुलिस को कंट्रोल नंबर पर दे स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आरोपित परिचालक को कस्टडी में ले पैसेंजर का मेडिकल परीक्षण करा अग्रिम विधिक कारवाई की जा रही है।

**वाहन की टक्कर आरक्षी घायलः** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित डायल 112 के मुख्यालय में ड्यूटी कर रहे पीएसी के आरक्षी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

मूल रूप से 33 वीं वाहिनी पीएसी झांसी व वर्तमान में डायल 112 मुख्यालय लखनऊ की सुरक्षा में ड्यूटीरत अखिलेश कुमार शुक्ला के अनुसार एक प्लाटून पीएसी की डियूटी डायल 112 मुख्यालय की सुरक्षा में लगी हुई है।जिसका एक आरक्षी जितेन्द्र शर्मा 30 अक्टूबर को भोजन करने के बाद मुख्यालय के गेट नं0-01 से गेट नं0-02 की तरफ सड़क पर टहल रहा था।तभी पीछे से आये किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी।जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।जिसे इलाज के लिए एपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विशाल भंडारे के साथ श्री शिव महापुराण कथा का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा धार्मिक प्रकोष्ठ, लखनऊ द्वारा 25 अक्टूबर से ज्ञान सरोवर विद्यालय, वृंदावन योजना, कालिन्दी पार्क के पास आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का समापन हो गया।कथा वाचक व्यास पंडित मुकेश शुक्ला द्वारा पूरे विधि-विधान से विशाल भंडारे के साथ इसका समापन हुआ।महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा के साथ पूरे नौ दिनों तक विश्व के कल्याण और शांति के लिए पांच ब्राह्मणों द्वारा सवा लाख का मृत्युंजय जाप भी चलता रहा। और अंतिम दिन कथा समाप्ति के बाद रुद्राभिषेक और हवन के साथ विशाल भंडारे के साथ इसका समापन किया गया। अध्यक्ष भवान सिंह रावत ने श्री शिव महापुराण कथा के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, मीडिया कर्मियों, पत्रकारों, लखनऊ नगर निगम एवं सभी सहयोगियों को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से भवान सिंह रावत, आर पी जुयाल, अशोक असवाल, पूरन सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह बिष्ट, महावीर खन्तवाल, किशन सिंह बिष्ट, केशव बिटालू, राजेन्द्र रावत, हेमंत गडिया, डी डी नरियाल, विनय रावत, रवींद्र बिष्ट, जगदीश बुटोला, विनय मिश्रा, बी एस डोलिया, दिलीप सिंह, विनोद खन्तवाल, अधिराज सिंह कठैत, सतीश मिश्रा, हर्षपति जुयाल, शिव कुमार मिश्रा, नारायण दत्त जोशी, जगदीश बिष्ट, महेन्द्र सिंह राणा सहित आदि कई शिव भक्तों के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

# विवाहिता की मौत के बाद ससुराली उठा ले गये फ्लैट का सामान, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित फ्लैट में रहने वाली विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद फ्लैट में रखे सामान को निकलवाने की बात को लेकर मृतका के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये है।

डी-1360 इंदिरा नगर लखनऊ के रहने वाले फतेह बहादुर सिंह के अनुसार उनकी बेटी मधु सिंह की शादी 25फरवरी2025 को अनुराग सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी ग्राम मंगलखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव के साथ हुई थी। मधु का पति अनुराग सिंह मर्चेंट नेवी में नौकरी करता था और सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित ओमेक्स वटरस्केप्स में किराए का फ्लैट लेकर पत्नी के साथ रहता था। पीड़ित पिता के अनुसार पति द्वारा बार-बार दहेज की मांग की जा रही थी।इसी बीच 4 अगस्त को उनकी पुत्री मधु सिंह की मौत हो गई थी।जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी। जिसपर पुलिस ने 5 अगस्त को पति अनुराग सिंह को थाने बुलाकर उसे जेल भेज दिया था।पीड़ित का आरोप है फ्लैट में मृतका के जेवर व जरूरी कागजात रखे थे।जिसके चलते उन्होंने फ्लैट को चाभी अरोपित के परिजनों को देने के लिए मना किया था।फिर भी पुलिस ने चाभी आरोपित के बहन पारुल को दे दी थी।जिसके बाद 7 अगस्त की शाम अनुराग की बहन पारुल सिंह अनुराग के मामा अवधेश बहादुर सिंह व अनुराग के मित्र पंकज सिंह आदि ओमेक्स वटरस्केप्स में उस फ्लैट पर विमलेश सिंह की गाड़ी से गए और मृतका के जेवर व अन्य दस्तावेज आदि सामान उठा ले गए।जब पीड़ित को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंच कर वहां लगे सीसीटीवी चेक किये जिसमें यह लोग एक ट्राली एक बैग और एक चादर भरकर सामान ले जाते हुए दिखाई दिए।पीड़ित का आरोप है कि उसने इस मामले की सबूत सहित शिकायत एसीपी गोसाईगंज ऋषभ रूढ़वाल व सहित अन्य अधिकारियों से की थी लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। हालांकि सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने अधिकारियों के निर्देश के बाद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को लेखपाल ने रुकवाया

**माल ।** थाना क्षेत्र के नबीपनाह पंचायत में ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर लेखपाल की उदासीनता के चलते दबंग कब्जा कर बाउंड्री वाल बना रहा है। ग्रामीणों ने आपत्ति कर डायल112 पर सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण को रूकवाया और निर्माण करता से अपने पट्टे के कागजात दिखाने को कहा। मिलीजानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नबीपनाह पंचायत के ऊंचाखेड़ा गांव में एक दशक पूर्व हाट का निर्माण कराया गया था और इसी जमीन पर सामुदायिक शौचालय भी निर्मित है लेकिन नबीपनाह गांव निवासी दबंग रमेश साहू इस ग्रामसभा की जमीन पर रातोरात बाउंड्री का निर्माण कराना शुरू कर दिया।जिसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने डायल112पर सूचना देकर आपत्ति जतायी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रमेश साहू से जमीन के दस्तावेज मांगे जो वह नहीं दिखा सका।इस बीच आपत्ति करता शुभम सिंह ने रमेश साहू द्वारा बनाई जा रही बाउंड्री को ढहा दिया। हालांकि मौके पर मौजूद लेखपाल कुलदीप यादव ने उप निरीक्षक के सामने निर्माण गिराने से लोगों को मना किया और रमेश साहू से जमीन के पट्टे के कागजात लेकर लेखपाल से पैमाईश करने के बाद ही निर्माण कराने को कहा है।

# मानस मन्दिर डालीगंज में गूंजे भजन



**लखनऊ।** देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर मौसमगंज रामलीला मैदान डालीगंज में स्थित मानस मन्दिर में रविवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमें महिलाओं ने सुन्दर सुन्दर भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बनाया। इस मौके पर विनय नाग परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पहले मंदिर में सभी स्थापित देवी देवताओं का नए वस्त्रो के साथ श्रंगार हुआ। भगवान को चांदी के छत्र अर्पित किए गए। दीप दान किया गया। बाद में भजन की शुरूआत मीनाक्षी नाग ने नाम है 'तेरा तारण हारा..., से किया। उसके बाद अंजली नाग ने जब 'राम नाम के हीरे मोती..., भजन सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गये।इसी क्रम में सुनीता नाग ने 'जरा देर ठहरो राम..., नन्दनी चौरासिया ने 'कीर्तन की रात है बाबा..., अंत में संगीता ने 'मुझे दरश दिखा दे मां..., सुनाया। अंत में फलाहारी भंडारा शुरू हुआ। इस मौके पर रामशंकर जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रदोष व्रत आज, होगी भोले बाबा की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित व्रत है। हर महीने की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत किया जाता है। हर महीने की की शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को यह व्रत किया जाता है।

ऐसा मान्यता है कि जो व्यक्ति सच्चे मन से और पूरी निष्ठा के साथ यह व्रत करता है उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। साथ ही जीवन में सुख समृद्धि में वृद्धि होती है और प्रदोष व्रत करने वाली पर भगवान शिव की असीम कृपा तो रहती ही है साथ ही माता पार्वती का आशीर्वाद भी मिलता है। 3 नवंबर सोमवार के दिन त्रयोदशी तिथि का आरंभ 3 नवंबर को सुबह में 5 बजकर 8 मिनट से आरंभ होगा और रात में 2 बजकर 6 मिनट पर त्रयोदशी तिथि समाप्त होगी। ऐसे में नवंबर महीने का पहला प्रदोष व्रत 3 नवंबर को किया जाएगा। इस बार त्रयोदशी तिथि के साथ चतुर्दशी का संयोग भी रहेगा। जिससे बैकुंठ चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है।ऐसे में इस बार के प्रदोष व्रत करने से भगवान शिव के साथ-साथ भगवान शिव की कृपा पाने का दोहरा मौका मिलेगा।यानी इस बार व्रत करने से आपको प्रदोष व्रत के साथ साथ चतुर्दशी तिथि का व्रत करने का लाभ भी मिलेगा।

**प्रदोष व्रत का महत्व :** जो व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति के साथ इस व्रत का पालन करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। भगवान शिव और माता पार्वती शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों को सुख, समृद्धि और संतोष का आशीर्वाद देते हैं।

**प्रदोष व्रत की संपूर्ण पूजा विधिः** इस दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान आदि के बाद सूर्यदेव को अर्ध्य देकर मन में व्रत का संकल्प करें। इसके बाद अपने घर के मंदिर की अच्छे से साफ सफाई करके घी की दीपक जलाएं इसके बाद भगवान शिव के मंत्रों का जप करें।इसके बाद किसी शिवालय में जाएं और वहां जाकर भगवान शिव का अभिषेक कच्चे दूध से करें। इसके अलावा आप गन्ने के रस से भी भगवान शिव का अभिषेक कर सकते हैं। ऐसा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। अभिषेक के बाद मंदिर में बैठकर ही प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें और अंत में आरती करके। सभी को प्रसाद दें और सबसे पहले प्रसाद खाकर अपने व्रत का पारण करें इसके बाद फलाहार कर लें। इस दिन दान पुण्य करने से भी विशेष लाभ मिलता है। आप चाहें तो इस दिन साबुत अनाज जैसा गेहूं, चावल आदि का दान कर सकते हैं।

# गोमती तट पर 500 दीपों का किया गया प्रज्ज्वलन



**लखनऊ।** राष्ट्रीय सनातन संघ द्वारा आज शाम लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान स्थित छट घाट पर देव दीपावली पर्व का आयोजन किया गया इस मौके पर संघ के सनातनी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिए जलाए इससे पहले छठ घाट पर पंडित जी द्वारा गोमा मैया का पूजन किया गया और उन्हें दूध और फूल अर्पित किए गए इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोमती के किनारे देव को अर्पित करने के बाद गोमा मैया की आरती की. इससे पहले राष्ट्रीय सनातन संघ की ओर से एक बैठक का आयोजन भी किया गया इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 जनवरी को राष्ट्रीय सनातन संघ लखनऊ में विवेकानंद जयंती के मौके पर एक बड़ी संगोष्ठी का आयोजन करेगा लखनऊ के अलावा अलावा बिहार महाराष्ट्र दिल्ली और राजस्थान में भी स्वामी विवेकानंद और महर्षि के जयंती के मौके पर पांच राज्यों में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा एवं स्वामी विवेकानंद पर शोध करने वाले छात्रों को सम्मानित करने का भी काम किया जाएगा इस अवसर पर राष्ट्रीय सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खरे महामंत्री विमलेश श्रीवास्तव संयोजक भारत सिंह उपाध्यक्ष बी सिंह वरिष्ठ भाजपा प्रवक्ता हृदय नारायण श्रीवास्तव समेत सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आज भी मनाया गया तुलसी विवाह, मंदिरों में हुई पूजा

**लखनऊ।** राजधानी में रविवार को भी तुलसी विवाह का अयोजन किया गया। महिलाओं ने घरों व मंदरों में विधि-विधान से भगवान सालिगराम और माता तुलसी का विवाह कराया। भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर प्रातःकाल में आरती एवं भजन संकीर्तन का सिलसिला शुरू किया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तों द्वारा तुलसी माता की बारात लेकर ठाकुर जी का दरबार में भगवान सालिकराम जी से विवाह संपन्न कराया।सात फेरे लिए गए। भक्तजनों द्वारा लाए गए सुंदर-सुंदर श्रृंगार से साधनों से माता को सजाया। उसके बाद महिला मंडल ने तुलसी विवाह उत्सव धूमधाम से नाच गाकर मनाया। समापन पर सभी भक्तों को तुलसी विवाह की बधाई दी। उसके बाद पंडित सुनील शास्त्री द्वारा कार्तिक कथा का रसपान कराया गया। अंत में सभी भक्तों को दूध, फल, रसगुल्ला का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं लखनऊ के इस्कॉन मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा और श्री तुलसी शालीग्राम विवाहोत्सव का भव्य आयोजन हुआ।

# गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व 5 को, गुरुद्वारों में सजेगा विशेष दीवान







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सिख समुदाय को कार्तिक पूर्णिमा का बेसब्री से इंतजार रहता है, क्योंकि इसी दिन गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया जाता है।

इस पवित्र अवसर पर गुरुद्वारों में भजन-कीर्तन, विशेष दीवान, अरदास और लंगर का आयोजन किया जाता है। सुबह-सुबह प्रभात फेरियां निकाली जाती हैं और पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल छा जाता है। इस दिन गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाता है। गुरु नानक देव जी का जन्म वर्ष 1469 में ननकाना साहिब हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। उनके पिता का नाम मेहता कालू चंद और माता का नाम माता तृप्ता था। उन्होंने सिख धर्म की स्थापना की और मानवता, समानता व ईश्वर-भक्ति का संदेश फैलाया। उन्होंने पूरे जीवन में अनेक यात्राएं कीं ताकि लोगों को सत्य, सेवा और करुणा का मार्ग दिखाया जा सके। हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 04 नवंबर को रात 10:36 होगी और इसका समापन-05 नवंबर को शाम 06:48 मिनट पर होगा। ऐसे में साल 2025 में यह पर्व 5 नवंबर, बुधवार को मनाया जाएगा।

**गुरु नानक देव जी के प्रेरणादायक संदेश: सेवा और विनम्रता:** गुरु नानक देव जी ने कहा कि मनुष्य को सदैव नम्रता और सेवा भाव से जीवन जीना चाहिए। अहंकार व्यक्ति के पतन का कारण बनता है।

**समानता का संदेश:** उन्होंने सिखाया कि स्त्री और पुरुष दोनों एक समान हैं। महिलाओं का सम्मान करना ही सच्चे धर्म का पालन है।

**तनाव से मुक्ति:** उनका संदेश था कि व्यक्ति को हमेशा प्रसन्न और तनावमुक्त रहना चाहिए। मन की शांति से ही सफलता संभव है।

**धन से मोह न करें:** उन्होंने कहा कि धन को हृदय में स्थान न दें, क्योंकि लालच और अहंकार यहीं से जन्म लेते हैं।

**स्वयं पर विजय:** गुरु नानक देव जी के अनुसार, जो व्यक्ति अपनी बुराइयों और कमजोरियों पर विजय पा लेता है, वही सच्ची सफलता प्राप्त करता है। गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी लोगों को जीवन में शांति, सत्य और करुणा का मार्ग दिखाती हैं। उनका संदेश हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायक बना हुआ है।

**गुरु नानक जयंती का महत्व:** गुरु नानक देव जी का जीवन मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने समाज में समानता, भाईचारा और सेवा का संदेश दिया। उनके उपदेश लोगों को धर्म, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

इस दिन श्रद्धालु उनके वचनों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने जाति-पाति, भेदभाव और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों का विरोध किया और एक समान समाज की स्थापना का संदेश दिया। गुरु नानक जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष सजावट की जाती है, दीये जलाए जाते हैं, नगर कीर्तन निकाले जाते हैं और गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ किया जाता है। लंगर में हर व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के शामिल होकर सेवा और समानता का अनुभव करता है।

## बच्चों ने गाये भजन, गुरबाणी व प्रवचन मिला पुरस्कार



लखनऊ। गुरु नानक देव जन्म उत्सव के उत्सव के पांचवें दिन हरि ओम मंदिर लालबाग में भक्ति भावपूर्ण कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9:00 बजे से आसा- दी वार कार्यक्रम से हुई इसके पश्चात भजन पल्लव अरदास हुई आज विभिन्न सिंधी संगठनों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे छत्तीसगढ़ में सिंधियों के इष्ट देव भगवान झूलेलाल पर एक व्यक्ति विशेष द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने का जो बयान दिया है सिंधी समाज द्वारा उसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई और प्रस्ताव दिया गया कि यदि इस पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कठोर कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो शांतिप्रिय सिंधी समाज को सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके पश्चात बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने भजन, सुखमनी साहिब, गुरबाणी, प्रवचन पर अपनी प्रस्तुति दी साठ से अधिक बच्चों को पुरस्कार दिए गए। आज के कार्यक्रम में जेपी नागपाल, सुरेश छाबलानी, प्रकाश गोधवानी, किशनचंद भमबानी, हरीश वाधवानी, संजय जेसवानी, सुरेश तेजवानी, महेश जतानी, देवीदास केसवानी, राम बालानी, प्रदीप बालानी, प्रकाश कृपलानी, रमेश बालानी, प्रदीप मन्ना, हरदेवी, मीना केसरवानी, महक सहित सैकड़ो श्रद्धाल उपस्थित थे।

## प्रकाश पर्व पर नाका गुरुद्वारे से निकला नगर कीर्तन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गुरुनानक के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन रविवार को निकाला गया। रागी जत्थे ने शबद कीर्तन को निहाल किया, साथ ही गतका दल के करतब आकर्षण का केंद्र रहे। नाका गुरुद्वारा से नगर कीर्तन का शुभारंभ किया। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे रंग-बिरंगी परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए चल रहे थे। इनके पीछे महिलाएं झाड़ू से सड़क को साफ कर रही थीं। उसके पीछे पंच प्यारे और निहंग साहिब थे। गुरु महाराज की पालकी को फूलों से सजाया गया। रास्ते में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कीर्तन का समापन देर रात गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में होगा। विशेष फूलों से सजे दरबार के आगे श्रद्धालुओं का एक जत्था वाहे गुरु, वाहे गुरु की जय... कर रहा था। एक जत्था शाही सवारी के मार्ग को साफ कर रहा था तो दूसरा पुष्प बिछा रहा था। गाजे-बाजे के साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चे प्रस्तुतियां दे रहे थे। मौका था सिखों के दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित भव्य नगर कीर्तन का। नगर कीर्तन गुरुद्वारा नाका हिंडोला से चला तो सड़क के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ जमा थी। श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के दर्शन को भीड़ उमड़ पड़ी। नगर कीर्तन के दौरान परंपरागत वेशभूषा से सुसज्जित पंज प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर शोभा बढ़ा रहे थे। उनके पीछे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब को श्रद्धालु लेकर चल रहे थे। साथ ही श्री गुरुग्रंथ साहिब जी को ज्ञानी गुरजिंदर सिंह चांवर कर रहे थे। नगर कीर्तन चारबाग, गुरुनानक मार्केट, बांसमंडी चौराहा, लाटूश रोड, मोहन मार्केट, अमीनाबाद, गनेशगंज, नाका हिंडोला होता हुआ गुरुद्वारा साहिब वापस पहुंचा। यहां श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की शाही सवारी को ह्यगार्ड ऑफ ऑनरह्व पेश किया गया। पूरे मार्ग पर पंजाब हसदा बैंड ने फौजी अंदाज में प्रस्तुतियां दीं। शहीद बाबा दीप सिंह गतका ग्रुप अमरोहा वालों ने युद्ध कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। कई श्रद्धालुओं ने स्टॉल लगाकर समोसे, बिस्कुट व चाय का प्रसाद बांटा।

# देव दीपावली पर 2.51 लाख दीयों से रोशन होगा शहर का गोमती घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रामायण कालीन प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर की श्री महन्त देव्यागिरि जी विगत 15 वर्षों से निरन्तर गोमती स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत आदि गंगा गोमती की आरती एवं देव दीपावली (कार्तिक पूर्णिमा) के अवसर पर सवा लाख दीपक प्रज्जवलित कर देवा का स्वागत एवं आदि गंगा माँ गोमती की महाआरती पर जनसामान्य को गोमती को स्वच्छ रखने के लिये उत्प्रेरित कर रही हैं।

इसी अभियान के अन्तर्गत इस वर्ष भी मंदिर के तत्वावधान में नमोस्तुते माँ गोमती' द्वारा लखनऊवासियों की जीवनदायनी आदि माँ गोमती की परम्परागत महाआरती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव-दीवावली महोत्सव के सम्बन्ध में आयोजन समिति द्वारा प्रस्तुत त्रिदिवसीय कार्यक्रम के सम्बन्ध में आगामी 03 नवम्बर को अपरान्ह 01 बजे से 04 बजे तक एवं शिक्षण संस्थानो के छात्र-छात्राओं की विभिन्न क्षेक्षणिक प्रतियोगिता सम्पन्न होगी एवं 04 नवम्बर को विद्यालय की छात्राओं एवं महिलाओं द्वारा रंगोली एवं बेदियों की सज्जा प्रतियोगिता 01 बजे से 05 बजे तक सम्पन्न होगी तत्पश्चात श्रद्धालुओं एवं आयोजन से जुड़े श्रद्धालू दीपको को सजाएंगें। ये जानकारी महन्त देव्यागिरि ने एक प्रेसवार्ता में दी। देव-दीवावली महोत्सव के सम्बन्ध में महन्त देव्यागिरि ने जब त्रिपुरासुर राक्षस ने अपने अत्याचारों से देवताओं और ऋषि मुनियों को प्रताड़ित किया तब सभी देवताओं ने भगवान शिव से सहायता की प्रार्थना की, भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का संहार किया। महादेव की इस विजय के उपलक्ष्य में देवो ने दीप प्रज्जवलित कर उत्सव मनाया। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार इस दिवस के अवसर पर देवतागण पृथ्वी लोक में नदियों के तट पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं और दीपों के प्रकाश में अपनी उपस्थित दर्ज कराते हैं। इस दिवस के अवसर पर दीपदान का अत्याधिक महत्व है। महन्त ने लखनऊ के जनसामान्य को महोत्सव में आमंत्रित करते हुए कहा कि अपने इष्ट मित्रों एवं परिजनों के साथ दीपदान का देवों का स्वागत करें और माँ गोमती की स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संकल्प लेकर पुनः लाभ अर्जित करें। इस महोत्सव में इस बार भी शासन के अनेक माननीय मंत्रीगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है ताकि जनसामान्य को गोमती स्वच्छता अभियान का संदेश मिले एवं वे उत्प्रेरित हो इसके साथ महन्त देव्यागिरि ने आयोजन के सहयोगियों एवं सहभागिता कर रहे सभी संस्थाओं का स्वागत करते हुए कहा कि उनका सहयोग सनातन धर्म के प्रति एक अभूतपूर्व सहयोग है। पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के सचिव जगदीश गुप्त 'अग्रहरि' एवं सत्य प्रकाश गुलहरें, शेखर कुमार, राजीव श्रीवास्तव, अजय तिवारी, प्रेम तिवारी, अमित कुमार श्रीवास्तव, मालिनी चतुर्वेदी, उपमा पाण्डेय आदि उपस्थित थीं।

## माता बड़ी भुइयन मंदिर में 13वें सुमेरू रूद्रमहायज्ञ का शुभारंभ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में 108 फीट ऊंची लखनऊ की पहली धर्मध्वजा तले ख्याति प्राप्त माता बड़ी भुइयन मंदिर में अग्नि स्थापन के बाद आज 13वें सुमेरू रूद्रमहायज्ञ शुभारंभ हुआ। इससे पहले शनिवार को आईआईएम रोड के सरौरा स्थित माता बड़ी भुइयन मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मां चन्द्रिका देवी मंदिर में पूजन–अर्चन कर मां गोमती नदी से कलश में जल भर वापस बड़ी भुय्यन माता मंदिर पहुंचे। जिसके बाद माता बड़ी भुइयन मंदिर आनंद गिरि सेवा ट्रस्ट प्रमुख एवं तपस्वी नागा साधु आनंद गिरि व चित्रकूट से आयार्च शिवाकान्त द्विवेदी तथा कुशल पुरोहितों के नेतृत्व में पूरे विधि–विधान के साथ यहां नौ कुण्डीय सुमेरू रूद्रमहायज्ञ का शुभारंभ हुआ। 5 नवंबर तक चलने वाले इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धा एवं आस्था का अनूठा संगम नजर आया। तपस्वी नागा साधु आनंद गिरि महाराज ने बताया कि विश्व के कल्याण, लोगों में सद्बुद्धि, सद्व्यवहार एवं धर्म के विकास के लिए प्रत्येक वर्ष मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में नौ कुण्डीय सुमेरू रूद्रमहायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 4 नवबंर को पूणार्हुति के साथ महायज्ञ का समापन हो जाएगा। वहीं 5 नवंबर को भव्य भंडारा, वार्षिक मेला एवं रावण दहन के साथ यह पांच दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा।

# मैने मोहन को बुलाया हैं वो आता होगा...

## श्री श्याम मन्दिर में वृंदावन की पूनम दीदी के भजनों पर भावुक हुए श्रद्धालु



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रविवार, बीरबल साहनी मार्ग रोड स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम जन्मोत्सव के दूसरे दिन श्री श्याम संकीर्तन रस धारा भजन संध्या आयोजन हुआ। इस दौरान भजन गायिका साध्वी पूर्णिमा उर्फ पूनम दीदी ने राधे नाम संकीर्तन से धूम मचा दी। साध्वी पूर्णिमा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में भजन सुनाने शुरू किए तो श्रोता भावविभोर होकर झूम उठे। श्री श्याम परिवार लखनऊ की ओर से इस भजन संध्या में साध्वी पूनम ने भजनों की तान छेड़ी तो उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। श्रोताओं को अपने भजनों से जोड़ते हुए उन्होंने भजन मैंने मोहन को बुलाया है वह आता होगा..., मुझे अपने ही रंग में रंगले मेरे यार सांवरे..., मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले..., मुश्किल है सहन करना ये दर्द जुदाई का..., मेरे जीवन की जुड़ गई डोर किशोरी तेरे चरणन में..., श्याम मोरे नैनन आगे रहियो..., तू जिने मजी दुःख दे ले..., छाएं काली घटाएं तो क्या..., सारे तीरथ धाम आपके चरणों में गुरुदेव..., तेरेयां चरणा च मेरी अरदास...,ऐंवे रूसिया ना कर मेरी जान सजना.... भजनों पर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

उन्होने कहा कि धर्म बचेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे गौ माता की सेवा सबको करनी ही चाहिए गौ माता वात्सल्य का श्रेष्ठ स्वरूप है ' गौ सेवा करने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है ' भगवान राम और भगवान कृष्ण इस देश की पहचान है ' अगर किसी को कोई नशा करना है तो वह भगवान श्रीकृष्ण के नाम का नशा करे। भजन संध्या में भक्ति का ज्वार ठंड और शीत लहर को भी मात दे रहा था। भजनों की धुन पर भक्त आंखें बंद कर झूमे जा रहे थे। इस अवसर पर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री रूपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सुधीश गर्ग, अनुराग साहू, अनिल गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पुनीत माहेश्वरी, विकास अग्रवाल, रत्नेश अग्रवाल, लोकेश, प्रदीप बंसल उपस्थित रहे।

# भारतीयम संस्था के 35वें स्थापना दिवस पर हुईं सतरंगी प्रस्तुतियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीयम संस्था का 35वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को गोमती नगर विनय खंड चार स्थित भारतीयम भवन में आयोजित किया गया। इसमें नृत्य की विभिन्न सतरंगी प्रस्तुतियां हुईं। इसके साथ ही बताया गया कि इस क्रम में 19 नवम्बर को आर.डी.वर्मन की स्मृति में संगीत कार्यक्रम पंचम धारा और 20 नवम्बर को भारतीयम संस्था की ओर से नाटक द क्लाउन का मंचन किया जाएगा।

रविवार को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गणेश वंदना के उपरांत डोला रे, रंगीला म्हारो, राम आएंगे जैसे विभिन्न लोकप्रिय गीतों और भजनों पर आयुषी गुप्ता, रक्षा शर्मा, अग्रिमा चौरसिया, एंजिल मार्या, वीरा मौर्या, अवंतिका श्रीवास्तव, अनिका सिंह, अविका सिंह, नीता दास, शिप्रा दास, रीता मनराल, श्वेता मनराल, रचना श्रीवास्तव, गरिमा सिंह, बबीता साहू, नमन, पावनी सहित अन्य ने प्रभावी नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। इन सभी नृत्यों का प्रदर्शन, रत्ना अस्थाना के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव प्रदीप नागर सहित वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव रंजन सिंह, केशव पंडित भी उपस्थित रहे। भारतेंदु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक एवं वर्तमान में भारतीयम् संस्था के निदेशक पुनीत अस्थाना ने इस अवसर पर बताया कि भारतीयम साल 1990 में स्थापित, प्रदर्शनकारी कलाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था है। यह पिछले 35 वर्षों से भारतीय एवं पाश्चात्य नृत्य, नाटक, गायन एवं वाद्य संगीत के प्रदर्शन और प्रशिक्षण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने बताया कि नई जनरेशन वास्तव में बहुत क्रिएटिव है। आवश्यकता उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करने की अधिक है। उनकी संस्था इसी दिशा में विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के माध्यम से उनके व्यक्तित्व को संवार रही है। कार्यक्रम संयोजिका शुभ्रा अस्थाना ने बताया कि भारतीयम्-संस्था की ओर से 19 नवम्बर को आर.डी.वर्मन की स्मृति में संगीत कार्यक्रम ह्लपंचम धाराह्व और वरिष्ठ हास्य कलाकार चार्ली चैपलिन को समर्पित वी.वी.शिरवाडकर का लिखा हास्य नाटक द क्लाउन-विदूषक का मंचन 20 नवम्बर को गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना के निर्देशन में शाम सात बजे किया जाएगा।

## मानव कल्याण और मानव सेवा को समर्पित है 'हाफ डॉक्टर'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ संदीप कुमार एवं अजय कुमार अग्रवाल द्वारा क्रमश हिन्दी एवं अंग्रेजी में अच्छे इलाज के 51 नुस्खे एवं हाफ डॉक्टर नामक पुस्तकों का विमोचन एसएनए के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया। विमोचन के बाद यायावर रंगमंडल की ओर से नाटक हाफ डॉक्टर का मंचन भी किया गया जिसका लेखन डा. छवि मिश्रा व निर्देशन पुनीत मित्तल ने किया।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर यायावर रंगमंडल द्वारा संगीतमय नाटक ाफ डॉक्टर प्रस्तुत किया जा रहा है। इस नाटक का निर्देशन पुनीत मित्तल एवं स्क्रिप्ट लेखन डॉ छवि मिश्रा द्वारा किया गया है। इस नाट्य प्रस्तुति का उद्देश्य अपने पाठकों के हृदय में स्वास्थ्य और रोग ही विषयवस्तु को अंकित करना है। पुस्तकें मानव कल्याण एवं मानव सेवा को समर्पित है। पुस्तकों में विभिन्न मानव रोगों की विशद विवेचना की गई है। इन पुस्तकों में आधुनिक चिकित्सा पद्धति की विवेचना करते हुए लोक स्वास्थ्य, निवारक चिकित्सा उपचारात्मक चिकित्सा सामुदायिक चिकित्सा, श्वसन रोग, मधुमेह उच्च रक्तचाप, हृदय रोग निद्रा विकार थायराइड विकार, मानसिक विकार, तंत्रिका रोग, रक्त विकार, जठर रोग, कब्जियत, फिश्चुला, फिशर आदि रोगों की व्याख्या करते हुए स्वस्थ जीवन शैली व्यतीत करने के सुझाव प्रायः हर अध्याय में दिए गए है। स्वस्थ जीवन शैली व्यतीत करने में योग-प्राणायाम-व्यायाम का भी महत्व समझाया गया है। भारत की स्वास्थ्य नीति की विवेचना में शासकीय माध्यम से स्वयं को स्वस्थ रखने के उपाय सुझाए गए हैं। पुस्तक में विभिन्न रोगों के इलाज में आधुनिक चिकित्सा में तकनीकी के प्रयोग में टेलीमेडिसिन, इंडोस्कोप, लैप्रोस्कोप, रोबोट इंटरनेट, गूगल ए आई (अक) आदि के बहुआयामी महत्व को रेखांकित किया गया है। पुस्तक में एक अध्याय रोगजनक आचरण को स्पष्ट करते हुए स्वस्थ जीवन शैली के अनुसार जीवन जीने की परिकल्पना संजोयी गयी है साथ ही पुस्तक में दीघार्यु बनते हुए स्वस्थ वृद्धावस्था व्यतीत करने का सुझाव भी दिया गया है। पुस्तक के कतिपय अध्यायों में नैतिकता का विवरण भी प्रस्तुत किया गया है। उपचार प्रक्रिया में चिकित्सक को गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति की चिकित्सा ट्रीएज करते हुए प्राथमिकता के आधार पर ही करनी चाहिए। साथ ही रोगी अधिकार के अध्याय में यह संसूचित किया गया है कि यदि चिकित्सक अथवा अस्पताल द्वारा उसके साथ उचित व्यवहार न किया जाए तो वह अपने अधिकारों से सजग रहकर सरलतापूर्वक उपचार करा सकता है। एक अध्याय मेडीक्लेम पर लिखा गया है कि चिकित्सा में हो रहे अत्यधिक व्यय की प्रतिपूर्ति कैसे की जाए।

## गीत-संगीत संग लगा नृत्य का तड़का




**लखनऊ।** यूपी दर्शन पार्क में संडे को दर्शकों की खूब मस्ती देखने को मिली जहां स्कूली बच्चे स्कूल की तरफ से घूमने निकले तो यूपी दर्शन उत्सव जो प्रगति इवेंट और जिंक पार्क की तरफ से आयोजित है बच्चों ने यूपी दर्शन उत्सव लखनऊ में खूब खरीदारी और मौज मस्ती की बच्चों के साथ-साथ सभी आयु वर्ग के दर्शकों ने खूब मस्ती और धमाल किया। यूपी दर्शनउत्सव में कश्मीर के दुकानदारों द्वारा बहुत ही अच्छी किस्म के ठंड के कंबल, रजाई जैकेट, शॉल, चादर के साथ-साथ ड्राई फ्रूट की भी दुकानें सजाई है, फूड जोन में अलग मस्ती है उत्सव में सभी कुछ आवश्यक सामान बहुत ही किफायती दर पर उपलब्ध है। यूपी दर्शन उत्सव में सांस्कृतिक मंच से प्रतिदिन एक से बढ़कर एक मनोरंजन, नृत्य ,गायन के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सांस्कृतिक मंच पर आज निर्देशिका सुमन राठौर के नेतृत्व में नृत्य गायन के अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए गणेश वंदना तथा नाममी सॉन्ग अन्वी वर्मा, अंयशी वर्मा, मानशिवनी दीक्षित, दिववेना वर्मा,अद्विक सिंह, इलीशा सिंह, ध्रुविका वर्मा, आयुषी वर्मा, सिंगिंग में रेनू शाक्य, और हारमोनियम पर आर्यन अपने प्रतिभा से सबको अचंभित किया। नाद सिंधु अकैडमी आफ परफॉर्मिंग आर्टस की डांस टीचर दीपा अवस्थी ने कड़ी मेहनत से कोरियोग्राफी की सांस्कृतिक कलाकारों को संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर कर सम्मानित किया ।

# आज से चलेंगी पूजा स्पेशल ट्रेनें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूजा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। 03 नवम्बर को पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली पूजा विशेष गाड़ियां हैं।

03 नवम्बर को 09112 गोरखपुर-बडोदरा पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 05.00 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, कानपुर सेंट्रल होते हुये चलाई जायेगी। 03 नवम्बर को 05131 गोरखपुर-बहराइच पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 05.25 बजे प्रस्थान कर आनन्द नगर, सिद्धार्थनगर, बढ़नी होते हुये चलाई जायेगी। 03 नवम्बर को 05741 गोमतीनगर-न्यु जलपाईगुड़ी पूजा विशेष गाड़ी गोमतीनगर से 09.40 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी, अयोध्या धाम, मनकापुर, गोरखपुर होते हुये चलाई जायेगी।

03 नवम्बर को 04607 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 12.00 बजे प्रस्थान कर सीवान, गोरखपुर, गोंडा, सीतापुर होते हुये चलाई जायेगी। 03 नवम्बर को 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी बढ़नी से 13.30 बजे प्रस्थान कर बलरामपुर, गोंडा, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल होते हुये चलाई जायेगी।

03 नवम्बर को 05132 बहराइच-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी बहराइच से 14.30 बजे प्रस्थान कर बढ़नी, सिद्धार्थनगर, आनन्द नगर होते हुये चलाई जायेगी। 03 नवम्बर को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी।

03 नवम्बर को 03678 गोरखपुर-धनबाद पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 15.30 बजे प्रस्थान कर भटनी, मऊ, औड़िहार, जौनपुर, वाराणसी होते हुये चलाई जायेगी। 03 नवम्बर को 01416 गोरखपुर-पुणे पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी।

03 नवम्बर को 03216 थावे-पटना पूजा विशेष गाड़ी थावे से 18.25 बजे प्रस्थान कर मसरख, खैरा होते हुये चलाई जायेगी।

**आज चलेगी बठिण्डा-गोरखपुर पूजा स्पेशल ट्रेन ... लखनऊ।** रेल प्रशासन द्वारा गोरखपुर-बठिण्डा वाया नई दिल्ली रेल मार्ग पर यात्रियों की मांग को देखते हुए 02556 बठिण्डा-गोरखपुर वाया नई दिल्ली अनारक्षित सुपरफास्ट विशेष गाड़ी 03 नवम्बर को बठिण्डा से किया जायेगा। 02556 बठिण्डा-गोरखपुर सुपरफास्ट विशेष गाड़ी बठिण्डा से 20.30 बजे प्रस्थान कर सिरसा से 21.40 बजे, भट्टू से 22.08 बजे, हिसार से 22.50 बजे दूसरे दिन भिवानी सिटी से 00.04 बजे, कलानौर कलाँ से 00.32 बजे, रोहतक से 01.35 बजे, बहादुरगढ़ से 02.05 बजे, नांगलोई से 02.18 बजे, शकूरबस्ती से 02.28 बजे, नई दिल्ली से 03.25 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 09.05 बजे, उन्नाव से 09.38 बजे, लखनऊ से 11.00 बजे, गोण्डा से 13.05 बजे, मनकापुर से 13.29 बजे, बभनान से 13.55 बजे, बस्ती से 14.20 बजे तथा खलीलाबाद से 14.44 बजे छूटकर गोरखपुर 15.55 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 18 अनारक्षित कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

# इंडियन सिल्क गैलरी एक्सपो का भव्य शुभारंभ



**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा, नव वर्ष एवं वैवाहिक सीजन के शुभ अवसर पर इंडियन सिल्क गैलरी द्वारा आयोजित भव्य हैंडलूम एवं सिल्क एक्सपो का शुभारंभ आज सफेद बरादरी, कैसरबाग में किया गया। यह सात दिवसीय एक्सपो 2 नवंबर 2025 से 8 नवंबर 2025 तक चलेगा। एक्सपो का उद्घाटन माननीय विधायक, मोहनलालगंज श्री अमरेश कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस मौके पर आयोजक श्रीनिवास, जावेद मकसूद, मोनिस सेविटार मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरेश कुमार ने बुनकरों के हित में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनके प्रयासों से देशी हथकरघा एवं रेशम उद्योग को नई गति मिली है और बुनकरों को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने एक्सपो के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं बुनकरों को शुभकामनाएं दीं। एक्सपो के मुख्य आकर्षण इस भव्य एक्सपो में भारत की पारंपरिक हैंडलूम विरासत को प्रदर्शित किया गया है।

स्पेशल कलेक्शन में शामिल हैं: इंडिया हैंडलूम, सिल्क मार्क एवं हैंडलूम मार्क उत्पाद, बनारसी सिल्क तस्सर कांथा गढ़वाल चंदेरी कांचीपुरम पोचमपल्ली इक्कत पैठानी जयपुर बगरू प्रिंट्स सहित कई क्षेत्रीय परिधान।

इन पारंपरिक परिधानों एवं शुद्ध प्राकृतिक रेशों की बेहतरीन रेंज एक ही छत के नीचे किफायती दामों पर उपलब्ध कराई जा रही है। यह एक्सपो त्यौहारों एवं विवाह सीजन पर ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देगा। एक्सपो में रोजाना विशेष डिस्काउंट ऑफर, डिजाइनर कलेक्शन और हस्तनिर्मित परिधानों की विस्तृत श्रृंखला देखने को मिलेगी।

# सेवा ही संगठन का मूल्य भावः आनन्द द्विवेदी

**लखनऊ।** उत्तर विधान सभा क्षेत्र में हर रविवार, सेवा आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जुट रही है। सेवा शिविर का आयोजन अलीगंज स्थित महाराणा प्रताप पार्क सेक्टर क्यूं में आयोजित किया गया शिविर शुरूआत भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने फीता का किया गया।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपके द्वार तक पहुंचाने का कार्य सेवा शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संगठन के कार्य पर काम करती है इसका जीता जागता उदाहरण यह शिविर है इस शिविर के माध्यम से सेवा के भाव से यह सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कॉविड जैसी महामारी में जब किसी पार्टी संगठन के लोग नहीं दिखते थे तब संगठन के कार्यकर्ताओ ने हर मोर्चे पर खड़े होकर के जन सेवा कार्य करने का काम किया है। विधायक डॉ नीरज बोरा का सरकार की इन जनहितकारी योजनाओं से आमजन को सशक्त बनाने का यह प्रयास समाज में खुशहाली और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है। पार्षद स्वदेश सिंह ने आयोजित सेवा



शिविर जनकल्याणकारी योजनाओं में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, वोटर कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजनाओ का लाभ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों को लाभ दिलाने का काम किया।

# दुबई बिजनेस कॉन्क्लेव में भारत-यूएई साझेदारी पर सार्थक चर्चा - नीरज सिंह



**दुबई।** लायंस इंटरनेशनल, रीजन 14, डिस्ट्रिक्ट 318इ के तत्वावधान में आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव 2025 प्री-कॉन्क्लेव नेटवर्किंग इवनिंग में भारत और यूएई के बीच निवेश एवं व्यापारिक साझेदारी को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। कार्यक्रम में एफआईसीसीआई उत्तर प्रदेश यंग लीडर्स फोरम के चेयरमैन नीरज सिंह मुख्य अतिथि एवं गेस्ट स्पीकर के रूप में शामिल हुए।

अपने संबोधन में नीरज सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज भारत का उभरता हुआ ग्रोथ इंजन है और इंडो-गल्फ साझेदारी में अहम भूमिका निभा सकता है।

कार्यक्रम में Coral Perfumes, Kezema Group और Trilogy Fab जैसी प्रमुख कंपनियों ने भारत, विशेषकर उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार विस्तार की योजनाएँ साझा कीं। Trilogy Fab ने 200 से अधिक तकनीशियनों की भर्ती हेतु उत्तर प्रदेश के रोजगार मेलों से सहयोग का ऐलान किया। नीरज सिंह ने इस आयोजन को भारत-यूएई संबंधों को नई दिशा देने वाला सार्थक मंच बताया।

# सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ आरोग्य स्वास्थ्य मेला

## 4906 लोगों ने चिकित्सा सविधा का लाभ उठाया : योगेश रघुवंशी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जिले के सभी ग्रामीण व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.पी.सिंह के साथ पीएचसी खरगापुर और उजरियावां पीएचसी का भ्रमण किया। इसी क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एच.सिद्दीकी ने रहीम नगर तथा खुर्रमनगर पीएचसी, डॉ.गोपीलाल ने पारा और बुद्धेश्वर पीएचसी, डॉ. बी.एन.यादव ने जानकीपुरम पीएचसी व डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव ने जुगौली तथा पटेल



नगर पीएचसी का भ्रमण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से सभी पीएचसी पर रविवार को आरोग्य मेला आयोजित किया जाता है। इन मेले को आयोजित करने के पीछे सरकार की मंशा है कि लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह सुविधाएं पहुंचें। इन मेलों में प्रसवपूर्व जांचों सहित प्रसवकालीन सेवाएं, सम्पूर्ण टीकाकरण किया जाता है। इसके साथ ही बच्चों की स्वास्थ्य जांचें की जाती हैं व दवाओं तथा संदर्भन की सेवाएं सुनिश्चित की जाती हैं। पांच साल के बच्चों में कुपोषण मुख्य समस्या है। इसी क्रम में बच्चों में कुपोषण की पहचान कर आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाता है। परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग व सेवाएं भी मेले के माध्यम से लोगों को दी जाती हैं।

इसके अलावा टीबी, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। इन मेलों में आईसीडीएस की भी सहभागिता होती है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4906 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 1972 पुरुष, 2188 महिलायें और 746 बच्चे शामिल हैं।

# डॉ. सुभाष चंद्रा बने अध्यक्ष और सचिव रजनीश सेठी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- लखनऊ गोल्फ क्लब में चुनाव
- आर एस नंदा बने कैप्टन

**लखनऊ।** वर्ष 2025-2027 के कार्यकाल के लिए लखनऊ गोल्फ क्लब के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा (सेवानिवृत्त, आईपीएस) होंगे। साथ ही इस कार्यकाल के लिए क्लब का सचिव रजनीश सेठी को बनाया गया है। लखनऊ गोल्फ क्लब की नई मैनेजिंग कमेटी के लिए रविवार को चुनाव गोल्फ क्लब में हुए। इस चुनाव में डॉ. सुभाष चंद्रा और रजनीश सेठी के विरोध में कोई प्रत्याशी नहीं उतरा। क्लब के कैप्टन पद के लिए आरएस नंदा देवेंद्र सिंह नामांकन किया था। कैप्टन पद के लिए हुए चुनाव में आरएस नंदा ने देवेंद्र सिंह के 250 मतों के अंतर से हरा दिया। इसके अलावा संयुक्त सचिव पद पर सुधाकर रस्तोगी ने दीपक कुणाल को 225 वोटों के अंतर से पराजित किया। इस मौके पर कायार्कारिणी के छह सदस्य चुने गए। इनमें गुरुमीत सिंह, ध्रुव गोयल, अंकुल अग्रवाल, तरंग सिंघल, अजय अग्रवाल और आमेर एम शेख रहे। इस चुनाव में डॉ. सुभाष चंद्रा और रजनीश सेठी के विरोध में कोई प्रत्याशी नहीं उतरा। ऐसे में डॉक्टर सुभाष चंद्रा को सभी की सहमति से अध्यक्ष और रजनीश सेठी को सचिव निर्वाचित किया गया। क्लब के कैप्टन पद के लिए आरएस नंदा देवेंद्र सिंह नामांकन किया था। कैप्टन पद के लिए हुए चुनाव में आरएस नंदा ने देवेंद्र सिंह को 250 मतों के अंतर से हरा दिया। इसके अलावा संयुक्त सचिव पद पर सुधारकर रस्तोगी ने दीपक कुणाल को 225 वोटों के अंतर से पराजित किया। इस मौके पर कार्यकारिणी के छह सदस्य चुने गए। इनमें गुरुमीत सिंह (हनी कक्कड़), ध्रुव गोयल, अंकुल अग्रवाल, तरंग सिंघल, अजय अग्रवाल और आमेर एम शेख रहे।

# लविवि सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ लुआक्टा की चुनाव तिथि घोषित

**लखनऊ।** लविवि सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने डॉ. एस. पी. त्रिपाठी (चुनाव-अधिकारी) को संगठन के चुनाव सम्पन्न करवाने का दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा कि संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने मुझे सूचित किया है कि लुआक्टा कार्यकारिणी के निर्णयानुसार चुनाव में वे ही सदस्य मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं जिन्होंने 10 नवम्बर तक निर्धारित सदस्यता शुल्क लुआक्टा के कोष में जमा कर दिया है।

मतदाता सूचीः वे शिक्षक साथी जिनका लुआक्टा का सदस्यता शुल्क दिनांक 10 नवम्बर तक लुआक्टा के अध्यक्ष/महामंत्री/कोषाध्यक्ष को प्राप्त हो गया होगा, वे ही साथी मतदान करने हेतु अधिकृत होंगे। मतदाता सूची का प्रकाशन 11 नवम्बर को प्रातः 12 बजे होगा तथा मतदाता सूची में यदि कोई आपत्ति हो, तो 12 नवंबर को सायं 5 बजे तक आमंत्रित है। आपत्तियों का निस्तारण 13 नवंबर को 11 बजे पूर्वाह्न तक होगा। आपत्तियों के निस्तारण के बाद लुआक्टा अध्यक्ष एवम महामंत्री के हस्ताक्षर से मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरान्त कोई परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा। लुआक्टा अध्यक्ष एवं महामंत्री के द्वारा हस्ताक्षरित मतदाता सूची के आधार पर ही मतदान सम्पन्न कराया जायेगा। चुनाव स्थलः मुमताज पीजी कॉलेज, डालीगंज लखनऊ।

नामांकनः नामांकन निर्धारित पदों पर ही भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्र दिनांक 13 नवम्बर को प्रातः 11 से 1 बजे तक मुमताज पीजी कॉलेज, कार्यालय लखनऊ से प्राप्त किये जा सकेंगे। नामांकन पत्र का पी डी एफ भी आनलाइन जारी किया जायेगा, जिसे डाउनलोड कर नामांकन किया जा सकता है। नामांकन तिथि 14 नवंबर को 10:30 बजे प्रातः से 2:00 बजे तक, (स्थान मुमताज पी जी कॉलेज, लखनऊ) नामांकन फॉर्म जमा करने की सुविधा आनलाइन या आफलाइन दोनों प्रकार से उपलब्ध होगी। आनलाइन फॉर्म जमा करने के लिए मोबाइल/व्हाट्सएप नम्बर 8318857588 पर भरा फॉर्म, एवं निर्धारित शुल्क करना होगा, तथा निर्धारित शुल्क की जमा की प्रति भी उपरोक्त मोबाइल/ व्हाट्सअप पर नामांकन के लिए निर्धारित अवधि मे भेजना अनिवार्य होगा। नामांकन पत्र की जाँच एवं अन्तिम प्रकाशनः 14 नवम्बर को 2 बजे के बाद नामांकन की जाँच के पश्चात सभी वैध नामांकन पत्रों की सूची उसी दिन प्रकाशित की जायेगी। नामांकन पत्र की वापसी 15 नवम्बर, को 10 बजे प्रातः से 1 बजे अपरान्ह तक उम्मीदवार को मुमताज पी जी कॉलेज में स्वयं अनिवार्य रूप से उपस्थित हो कर नामांकन पत्र वापस ले सकता है।

जो मतदाता मतदान के दिन किसी अपरिहार्य कारण से मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं हो सकते, वे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु संबंधित शिक्षक/शिक्षिका दिनांक 16 नवम्बर को मतदान स्थल पर स्वयं उपस्थित होना होगा। पोस्टल बैलेट मतदान दिनांक 16 नवंबर को प्रातः 12 बजे से अपराह्न 4 बजे तक (मतदान स्थल) मुमताज पी जी कॉलेज, लखनऊ मे सम्पन्न होगा। मतदान 17 नवम्बर को 9:30 बजे प्रातः से 4:00 बजे सायं तक। मतगणना एवं परिणाम चुनाव के पश्चात मतगणना चुनाव स्थल पर ही सम्पन्न होगी, तत्पश्चात चुनाव परिणाम घोषित होगा। चुनाव के लिए अध्यक्षः 1 पद, उपाध्यक्षः 3 पद जिनमे एक पद लखनऊ जिले को छोड़कर शेष चार जिलों से निर्वाचित होगा। महामंत्रीः 1 पद, संयुक्त मंत्री 3 पद जिनमे एक पद लखनऊ जिले को छोड़कर शेष निर्वाचित होगा। कोषाध्यक्षः 1 पद, प्रतिनिधि पुस्तकालय 1 पद, प्रतिनिधि शारीरिक शिक्षा 1 पद, संकाय प्रतिनिधि प्रत्येक संकाय से एक-एक पद होगा। चार जिलों से लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई जिले में चुनाव हेतु पदः के लिए जिला अध्यक्षः 1 पद, जिला उपाध्यक्षः 1 पद, जिला महामंत्रीः 1 पद और जिला संयुक्त मंत्रीः 1 पद है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया गया आरोग्य स्वास्थ्य मेला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जिले के सभी ग्रामीण व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनबी सिंह ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एपी सिंह के साथ पीएचसी खरगापुर और उजरियावां पीएचसी का भ्रमण किया। इसी क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम एच सिद्दीकी ने रहीम नगर तथा खुर्रमनगर पीएचसी, डॉ.गोपीलाल ने पारा और बुद्धेश्वर पीएचसी, डॉ. बीएन यादव ने जानकीपुरम पीएचसी व डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव ने जुगौली तथा पटेल नगर पीएचसी का भ्रमण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से सभी पीएचसी पर रविवार को आरोग्य मेला आयोजित किया जाता रहा है। इन मेलो को आयोजित करने के पीछे सरकार की मंशा है कि लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह सुविधाएं पहुंचें। इन मेलों में प्रसवपूर्व जांचों सहित प्रसवकालीन सेवाएं, सम्पूर्ण टीकाकरण किया जाता है। इसके साथ ही बच्चों की स्वास्थ्य जांचें की जाती हैं और दवाओं तथा संदर्भन की सेवाएं सुनिश्चित की जाती हैं। पांच साल के बच्चों में कुपोषण मुख्य समस्या है। इसी क्रम में बच्चों में कुपोषण की पहचान कर आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाता है। परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग व सेवाएं भी मेले के माध्यम से लोगों को दी जाती हैं। इसके अलावा टीबी, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।

# एथराइज ने किया ग्रासरूट खेलों के भविष्य पर मंथन

**लखनऊ।** भारत के ग्रासरूट खेल परिदृश्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से एथराइज ने शनिवार को उड्ढँउश्ंइ 25 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सैवी ग्रैंड, गोमती नगर में हुआ, जिसमें लखनऊ के 50 से अधिक स्कूलों और अकादमियों के 100 से ज्यादा कोच शामिल हुए। यह आयोजन स्कूल और अकादमी कोचों को समर्पित था, जो भारत के खिलाड़ियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पैनल चर्चा, ओपन हाउस इंटरएक्शन और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य कोचों के बीच विचार-विमर्श और सहयोग को बढ़ावा देना था। एथराइज के संस्थापक और सीईओ निखिल कुमार ने एथराइज के विजन और रोडमैप को साझा करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य स्कूलों और कोचों को सशक्त बनाना है ताकि भारत में खेल प्रतिभाओं के लिए एक मजबूत और विकसित प्रणाली बनाई जा सके।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने अपना सत्रहवां वार्षिक दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया

विशेष संवाददाता (vol)

## शिक्षा हमें विनम्र और परोपकारी बनाती है : अरविंद कुमार शर्मा



**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने अपना सत्रहवां वार्षिक दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया, जहां विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के नगरीय विकास एवं ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नासिर मुंजी (अध्यक्ष, एमएमटीसी पीएएमपी और अर्का फिनकैप) भी मौजूद थे। इसके अलावा, विश्वविद्यालय के संस्थापक और चांसलर प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर, प्रो चांसलर सैयद नदीम अख्तर, कुलपति प्रोफेसर जावेद मुसर्रत, एडिशनल प्रो चांसलर अदनान अख्तर, एडिशनल प्रो चांसलर डॉ निदा फातिमा, रजिस्ट्रार प्रोफेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीकी और अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह का हिस्सा थे। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. सबा सिद्दीकी ने संभाली।

मुख्य अतिथि अरविंद कुमार शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर से सहमत हूँ जब उन्होंने कहा कि हमारा देश सबसे श्रेष्ठ और महान है। हमारा भारत 'सोने की चिड़िया' है, जैसा कि बॉलीवुड गीत में कहा गया है, 'जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करे बसेरा, वो भारत देश है मेरा।'

भारत कभी एक ऐसा उपमहाद्वीप था, जो अपने जलवायु और भूगोल के कारण अनुकूल था। ब्रिटिश शासन के दौरान, भारत की अर्थव्यवस्था को भारी क्षति पहुंचाई गई। हमें न केवल विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है, बल्कि भारत के महान इतिहास और विरासत को पुनः प्राप्त करना है। मैं आज के सभी स्नातकों को बधाई देता हूँ और चाहता हूँ कि आप विश्वास करें कि आप एक महान देश के हैं। भारत शिक्षा का एक पुराना वैश्विक केंद्र रहा है तक्षशिला, नालंदा इसके उदाहरण हैं। मुझे खुशी है कि इंटीग्रल विश्वविद्यालय वैश्विक शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करते हुए भारतीय विरासत को बनाए रख रहा है। सा विद्या या विमुक्तये अर्थात शिक्षा हमें सभी बंधनों से मुक्त करती है, चाहे वह जाति हो, रंग हो, लालच या इच्छा हो। विद्या ददाति विनयं यानी शिक्षा हमें विनम्र और परोपकारी बनाती है। शिक्षा पाने से आपको योग्य नहीं बनाया जाता, बल्कि उस प्रक्रिया में आपकी विनम्रता बढ़ती है। धर्म से जीवन का सार आता है। किसी भी मापदंड पर भारत से बेहतर और देश नहीं है।

दीक्षांत समारोह में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए चांसलर प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने कहा, आप सभी ने कड़ी मेहनत कर आज यहां तक पहुंच कर यह मुकाम हासिल किया है।

याद रखें, सच्चाई और ईमानदारी से भरा रास्ता अस्थायी न होकर स्थायी लाभ देता है। यह शपथ लें कि आप जीवन में कभी भी गलत रास्ते पर नहीं चलेंगे। हालांकि, वह रास्ता अस्थायी लाभ दे सकता है, लेकिन अंत में वही रास्ता आपको नुकसान पहुंचाएगा। अपने माता-पिता का सम्मान करें, वे आपके जीवन का सबसे बड़ा सहारा हैं। हमेशा अपने शिक्षकों का धन्यवाद करें, जिन्होंने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। अगर आप जीवन में महानता प्राप्त करना चाहते हैं, तो आप कड़ी धूप में मेहनत से डर कर छांव तलाश ना करें बल्कि खुद पर यकीन रखें कि आप वो सब कर सकते हैं जो भी आप सोच सकते हैं।

प्रो-चांसलर सैयद नदीम अख्तर ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा, दीक्षांत समारोह हमारे महत्वपूर्ण मील के पत्थर और उपलब्धियों का प्रतीक होते हैं। यह डिग्रियाँ आपकी उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है कि इस प्रक्रिया में आप किस प्रकार के व्यक्ति बने हैं।

एक मनुष्य अंतिम पलों में ट्रॉफी नहीं मांगता, बल्कि वे रिश्तों को महत्व देता है। इसलिए अपने माता-पिता को कॉल करें, बार-बार धन्यवाद कहना सीखें, और बोलने से अधिक सुनना सीखें। शिक्षा के परिणामस्वरूप, आपको यही सब कुछ बनना है। दुनिया को डॉक्टर और इंजीनियर से अधिक अच्छे इंसानों की आवश्यकता है। सही होने से बेहतर अच्छा होना जरूरी है। विद्यार्थियों, यह आपका विदाई नहीं बल्कि एक निमंत्रण है। आप अपने परिवार की खुशी हैं, अपने शिक्षकों का अभिमान हैं। आपके दिल में प्रेम भरा रहे।

विशिष्ट अतिथि श्री नासिर मुंजी ने कहा, हम सभी को, एक राष्ट्र और व्यक्तियों के रूप में, खोजी रोशनी की तरह अपने आस-पास के पर्यावरण का निरीक्षण करना होगा क्योंकि यह दुनिया तेजी से बदल रही है। इस तेजी से बदलते विश्व में जीवित रहने के लिए विश्लेषणात्मक सोच आवश्यक है।

छात्रों के लिए यह विश्वविद्यालय एक आजीवन मित्र की तरह है और आपको इसे अपना परिवार समझना चाहिए। हम बहुत जल्दी बोल देते हैं, जबकि सुनना जरूरी होता है। सुनना सीखना हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। कुलपति प्रोफेसर जावेद मुसर्रत ने विश्वविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियां साझा करते हुए कहा, हम शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार कर रहे हैं और छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य शिक्षा में नवाचार और गुणवत्ता को सर्वोच्च बनाना है।

समारोह के अंत में रजिस्ट्रार प्रोफेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अब्दुल रहमान खान ने विजेताओं के नाम की घोषणा की। इस साल कुल 4,926 स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियां वितरित की गईं जिसमें 133 पीएचडी की डिग्रियां शामिल हैं। मो. माज (एमसीए) और सायमा सिद्दीकी (एमएससी गणित) ने विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अन्य विजेताओं में फैकल्टी वाइज 13 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर मेडल, प्रोग्राम वाइज 108 गोल्ड मेडल व 105 सिल्वर मेडल से नवाजा` इसके अलावा इंटीग्रल स्टार्टअप फाउंडेशन ने मोहम्मद माज को स्टार्ट अप अवार्ड इन टेक्नोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी इनोवेशन से सम्मानित किया।

यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षिक यात्रा का साक्षी बना, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय विकास में योगदान के लिए प्रेरित भी किया। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने अपने छात्रों को एक मजबूत आधार दिया है, जो उन्हें आगे जाकर बेहतर कल बनाने में मदद करेगा।

3 नवम्बर को जश्न-ए-इंटीग्रल के तहत स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसमें ऑल इंडिया मुशाअरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के बड़े शायर और कवि शामिल होंगे।

# देश में आर्थिक स्थिरता

सतत् और टिकाऊ आर्थिक विकास हासिल करने के लिए हर समय आर्थिक और वित्तीय स्थिरता बनाए रखना एक आवश्यक शर्त है। बहरहाल इसे हासिल करना आसान नहीं है। खासतौर पर विकासशील देशों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। बीते कुछ दशकों में विकासशील देशों में आर्थिक संकट ने कई बार दस्तक दिया है। भारत को वर्ष 1991 में भुगतान संतुलन के संकट का भी सामना करना पड़ा था। बहरहाल समय के साथ हालात बदले हैं और बड़ी संख्या में विकासशील देशों ने अपने नीतिगत ढांचे में बदलाव किया ताकि वे आर्थिक मजबूती बढ़ा सकें। ऐसे वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में जहां एक के बाद दूसरा संकट आ रहा है, भारतीय नीति निर्माता वृहद आर्थिक स्थिरता हासिल करने में कामयाब रहे हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तुलनात्मक रूप से तेज गति से वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है। वास्तव में यह बात माननी होगी कि भारत को 1991 के बाद से कभी बाहरी संकट से नहीं जूझना पड़ा है। लेकिन उसके बाद से भारत ने आर्थिक सुधारों की जो राह अपनायी तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत ने एक लचीली विनिमय दर अपनाई है जो मोटे तौर पर बाजार संचालित है। परंतु रिजर्व



बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करता है ताकि अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित किया जा सके जो आमतौर पर अचानक पूंजी की आवक या उसके बाहर जाने से उत्पन्न होती है। उदाहरण के लिए जब बड़े केंद्रीय बैंकों ने वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में भारी मात्रा में धन डाला और कोविड-19 महामारी के आरंभिक महीनों में नीतिगत ब्याज दरों को काफी कम कर दिया था। इससे भारतीय बाजारों में जबरदस्त पूंजी की आवक देखी गई। रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया ताकि अतिरिक्त नकदी की खपत की जा सके और आरक्षित कोष तैयार किया जा सके। भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार 2020-21 में 100 अरब डॉलर से ज्यादा की बढ़त हुई। उसी समय 2022 में बड़े वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने तालमेल के साथ अपनी ब्याज दरों में इजाफा कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि उभरते बाजारों से बहुत बड़ी मात्रा में पूंजी बाहर गई। इनमें भारत भी शामिल था। फिर रिजर्व बैंक के सक्रिय हस्तक्षेप ने विदेशी मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव को थामने में मदद की। मार्च से अक्टूबर 2022 के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में 100 अरब डॉलर की कमी आई। जब हालात में ठहराव आया तो रिजर्व बैंक ने अपना भंडार बढ़ाया। फिलहाल उसका विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है। विदेशी मुद्रा भंडार ने आर्थिक स्थिरता को जबरदस्त मजबूती प्रदान की। विदेशी मुद्रा प्रबंधन, देश की मजबूती का इकलौता स्तंभ नहीं रहा है। वर्ष2016 में भारत ने मौद्रिक नीति के लिए मुद्रास्फीति को लक्षित करने का लचीला ढांचा अपनाया। इससे न केवल मुद्रास्फीति संबंधी परिणामों के उतार-चढ़ाव को थामने में मदद मिली बल्कि नीतिगत पारदर्शिता में भी इजाफा हुआ और भारतीय नीति निर्माण में भरोसा मजबूत हुआ। भारत में एक नियम आधारित राजकोषीय नीति भी है। इस संदर्भ में सरकार ने अच्छा काम किया। खासतौर पर महामारी के बाद राजकोषीय घाटा बढ़ने पर। सरकार चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 4.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है, जो 2020-21 के 9.2 फीसदी की तुलना में काफी बेहतर है। राजकोषीय अनुशासन के कारण टिकाऊ वृहद आर्थिक माहौल प्रदान किया है। ये सभी कारक एक मजबूत बुनियाद मुहैया कराते हैं लेकिन शायद वे देश की वृद्धि दर को टिकाऊ ढंग से वांछित स्तर तक पहुंचाने में सक्षम नहीं रहे हैं। लेकिन फिर भी अमेरिका की व्यापार अनिश्चितताओं की वजह से संभावित संकट से निपटने में भारत कामयाब हुआ है। फिलहाल उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत और अमेरिका जल्दी ही परस्पर लाभदायक व्यापार समझौते तक पहुंच जायेंगे। लेकिन अमेरिकी झटकों से भारत को सबक लेना चाहिए।

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

# बंगालः बड़े सियासी संग्राम की पृष्ठभूमि तैयार



मनोज बाजपेयी

पं. बंगाल में ममता बनर्जी 14 साल से सत्ता में हैं। भाजपा को जिस तरह पिछले विधानसभा चुनाव में बंगाल में बड़ी सफलता मिली थी, उसको देखते हुए अब वह अपने मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य में भी कमल खिलाने का सपना देख रही है। सियासी हितों का ये टकराव एसआईआर 2.0 के बहाने बिहार से भी बड़े राजनीतिक घमासान और कानूनी विवाद की जमीन तैयार कर रहा है।



चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। संविधान में चुनावों के संचालन, निर्देशन और नियंत्रण का संपूर्ण अधिकार चुनाव आयोग को दिया है और इस लिहाज से मतदाता सूची को चाक-चौबंद बनाने के लिए अगर चुनाव आयोग दो दशक बाद राष्ट्र व्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाकर मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चाहता है, तो यह उसका अधिकार भी है और सांविधानिक दायित्व भी। लेकिन यह पूरा मामला दरअसल इतना सीधा, सपाट और सरल नहीं है।

भाजपा जहां राष्ट्रव्यापी एसआईआर के जरिए मतदाता सूचियों से फर्जी नामों और घुसपैठियों को निकालने की बात करती है, तो विपक्ष इसी बहाने अपनी अल्पसंख्यक सियासत को धार देना चाहता है। बस यही बात सियासी संग्राम की पिच तैयार कर रही है। मतदाता सूची में अवैध घुसपैठियों को लेकर सबसे ज्यादा सवाल पश्चिम बंगाल, असोम, पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों, झारखंड और कुछ हद तक बिहार में उठते रहे हैं। चूंकि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2.0 का कार्यक्रम वर्ष 2026 और 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के मद्देनजर बनाया गया है और इस कारण पश्चिम बंगाल भी स्वाभाविक रूप से इसके दायरे में आ गया है। एसआईआर 2.0 की शुरूआत 4 नवम्बर से होगी और इसी दिन से पश्चिम बंगाल में सियासी घमासान भी शुरू हो रहा है। यह घमासान शायद बिहार से भी ज्यादा तीव्रता, विवादों से भरा और सियासी संग्राम वाला साबित हो। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी बीते 14 सालों से सत्ता में हैं। भाजपा को जिस तरह पिछले विधानसभा चुनाव में बंगाल में भारी सफलता मिली थी, उसको देखते हुए अब वह अपने मार्गदर्शक और संस्थापक डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य में भी कमल खिलाने का सपना देख रही है। सियासी हितों का यह विरोधाभास बिहार से भी बड़े राजनीतिक टकराव और कानूनी विवाद की जमीन तैयार कर चुका है। बंगाल की सियासत जिस तरह से रक्त रंजित रही है उसके मद्देनजर भी अनेक आशंकाएं हैं। बंगाल में राजनीतिक हिंसा आम है। ऐसे में अगर पार्टियों के बीच राजनीतिक घमासान तेज होता है, तो बड़े पैमाने पर राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक टकराव की घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए चुनाव आयोग को भी यहां पर विशेष सावधानी बरतनी होगी। अन्य राज्यों की तरह बंगाल में भी 4 नवंबर से मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण शुरू हो रहा है। इसी दिन तृणमूल कांग्रेस कोलकाता में जुलूस निकालेगी, जिसका नेतृत्व ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी करेंगे। यह जुलूस आंबेडकर प्रतिमा से ठाकुरबाड़ी तक जाएगा। वहीं, सुवेंदु अधिकारी उत्तर 24 परगना में घुसपैठियों को निकालने की मांग को लेकर जुलूस निकालेंगे। भाजपा और टीएमसी दोनों दल एसआईआर मुद्दा बनाकर अपने-अपने सियासी समीकरण दुरुस्त करना चाहते हैं और यही राज्य में सियासी संग्राम का कारण बन रहा है।

## एसआईआर-2.0

जहां तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की बात है तो अंतिम एसआईआर 2002-04 में किया गया था। लंबे 21 सालों के बाद यह अभियान छेड़ा गया है, जाहिर है कि मतदाताओं की संख्या, छंटनी, पात्रता आदि में व्यापक परिवर्तन आए होंगे! एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ से अधिक मतदाता शामिल होंगे। यह कवायद अंतिम सूची के साथ 7 फरवरी, 2026 को समाप्त होगी। भारत का संविधान अनुच्छेद 324 और 326 में चुनाव आयोग को विशेषाधिकार देता है कि वह निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र चुनाव कराए और समय-समय पर मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करता रहे। एसआईआर का दूसरा चरण उप्र से शुरू होगा, क्योंकि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश का सबसे बड़ा राज्य है। उप्र में फरवरी-मार्च, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, लेकिन आयोग की प्राथमिकता पर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल राज्य और संघशासित क्षेत्र होंगे, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होंगे, लेकिन उसे फिलहाल एसआईआर से अलग रखा गया है। असम के संदर्भ में एक विरोधाभास सामने आया है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा एसआईआर के पक्षधर हैं, लेकिन चुनाव आयोग असम में नागरिकता की स्थिति भिन्न मानता है।

आयोग की दलील है चूंकि सर्वोच्च अदालत की देखरेख में असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर अदालत का फैसला अभी आना है, लिहाजा असम पर बाद में एसआईआर का आदेश जारी किया जाएगा। हकीकत यह है कि असम में एनआरसी के तहत जिन 19 लाख से अधिक लोगों की गणना की गई थी, उसमें 7 लाख से ज्यादा ही मुसलमान पाए गये। शेष 12 लाख से ज्यादा गैर-मुस्लिम थे। एनआरसी की यह कवायद 2019 में ही पूरी हो चुकी है, लेकिन सर्वोच्च अदालत का फैसला शेष है। इसी तरह शीर्ष अदालत के आदेशानुसार महाराष्ट्र में 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय (बीएमसी) के चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस एसआईआर के पक्ष में हैं, लेकिन चुनाव आयोग तैयार नहीं है। केरल में भी स्थानीय निकाय के चुनावों की चर्चा जारी है, लेकिन अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में एसआईआर को टाल दिया है, लेकिन केरल में यह अभियान चलाया जाएगा। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है और बिहार के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। अलबत्ता शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप से आधार कार्ड को मान्य दस्तावेज स्वीकार करना पड़ा। विरोधाभास यह भी है कि चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार में दावों, अपील या आपत्ति को लेकर उसे कोई आवेदन नहीं मिला, लिहाजा वह बिहार में अपने प्रयोग पर संतुष्ट है, लेकिन विपक्षी दल और चुनावी पंडितों की एक जमात बार-बार, लगातार पूछ रही है कि आयोग ने कितने घुसपैठिए पकड़े और कितने को मताधिकार के अयोग्य ठहराया? चुनाव आयोग इन सवालों पर चुप ही रहा है। लेकिन उसके सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जिला चुनाव अधिकारियों ने ऐसी शिकायतें गृह मंत्रालय को भेज दी हैं। विदेशी अवैध प्रवासी या घुसपैठिए कितने हैं, उन पर क्या कार्रवाई की जाएगी, यह गृह मंत्रालय ही तय करेगा। यह उसी का विशेषाधिकार है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर का महत्व समझाते हुए कहा है कि पलायन, दो जगह नाम, मृत्यु, अवैध मतदाताओं से सूचियों में अशुद्धि आना स्वाभाविक है। दरअसल कोई पात्र और वैध मतदाता सूची में शामिल होने से न रह जाए और अवैध, अपात्र मतदाता सूची से बाहर किया जाना चाहिए, एसआईआर का बुनियादी मकसद यही है। विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों- तमिलनाडु और बंगाल- में खासकर इस अभियान का बड़ा विरोध हो रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता की पार्टी बंगाल में एसआईआर को विरोध का बड़ा मुद्दा बना रही है। तमिलनाडु में द्रमुक भी इसका विरोध कर रही है। द्रमुक और तृणमूल ने इस कवायद को वैध मतदाताओं का संवैधानिक अधिकार छीन लेने की साजिश करार दिया है। सियासी आरोप अपनी जगह लेकिन मतदाता सूची को दुरुस्त करना जरूरी है। इसका विरोध लोकतांत्रिक सोच नहीं है, क्योंकि 1951 से 2004 तक 8 बार एसआईआर कराया जा चुका है। यह 9वां अभियान है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

सोशल मीडिया

बहराइच के भरथापुर मिहींपुरवा में प्रभावित लोगों से आज भेंट कर उन्हें राहत सामग्री व 4, 4 लाख की सहायता की राशि प्रदान कर क्षेत्र का क्षेत्र हवाई सर्वे भी किया। सीएम योगी.



ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना देश के समुद्री व्यापार में कई गुना वृद्धि करेगी। पांच अरब डॉलर की परियोजना से देश की समुद्री कनेक्टिविटी मजबूत होगी। अमित शाह.



बिहार जाति-धर्म से उठकर अपने मुद्दों पर चुनाव लड़ रहा है, बिहार ने हमेशा देश को दिशा दिखाने का काम किया है। केवल कमाई दवाई, पढ़ाई ही बिहार के मुद्दे हैं। -तेजस्वी यादव.



# ईश्वर को महसूस करें

व्यक्तित्व के निर्माण में आध्यात्मिक ज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

# राहत की पंजीरी तत्काल दें

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें।



पूरन सरमा

# दादा-दादी से लहराती संस्कारों की फसल



समाज/संबंध

नम्रता नदीम

पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। लेकिन जब उसे हॉस्टल में भेजने की तैयारी हो गई तो उसने अपने मम्मी पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जायेगा। क्योंकि हॉस्टल में उसे सबसे ज्यादा दादा-दादी की ही याद आती है। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर का अपनी पोती से भावनात्मक रिश्ता बहुत गहरा है। वह कहते हैं कि जब मैं एक दो महीने उनके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। उनके मुताबिक उनका बार बार यही मन होता है कि वह फिर से उसके पास चले जाएं। शायद यही वजह है कि रघुवीर हर सप्ताह अपनी पोती से फोन पर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती खुद ही फोन कर लेती है।

दरअसल हमारा घर दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता। क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन कामकाजी मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा या दाई-बाबा को बेटों के परिवार से दूर होना पड़ा है। लेकिन यह दूरी या अलगाव मात्र घरों का होता है, इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव वैसा ही बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बेटे-बहू और बच्चे दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। 60 वर्षीय रामकुमारी भावुक होते हुए कहती हैं कि भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे अलग रहते हैं; लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आयी है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे देखकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इस सबके चलते मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, मुझे पता ही नहीं चलता? जिन घरों में बच्चे दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां औसतन दादा-दादी बच्चों पर ही पूरा ध्यान देते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं। 12 साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं है। उसे अपने नाना-नानी के साथ बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती है, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि उन दिना वह मम्मी-पापा की डांट से वह बच जाती है। नानी उस पर अपना पूरा प्यार उस पर बरसाती हैं। नानी उसे कई उपहार भी देती हैं।

अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है। लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। 8 साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल कामकाजी माता-पिता के पास इतना समय कहां होता है कि वह अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें। ऐसे में घरो में बच्चों के लिए दादा-दादी एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं। मानसी के मम्मी-पापा दोनों जब काम पर चले जाते हैं, तो मानसी दिनभर अपने दादा-दादी के साथ रहती है। दिनभर दादा-दादी के साथ रहने वाले ये बच्चे उनके साथ भावनात्मक रूप से इतना ज्यादा जुड़ जाते हैं कि उन्हें अपने माता-पिता की परवाह नहीं होती। दादा-दादी किसी भी बच्चे के हों, वे बच्चों को सब कुछ देते हैं। अच्छे संस्कार, अच्छी शिक्षा, अच्छे उपहार तथा भावनात्मक संतुष्टि। यह सभी यदि माता-पिता न भी दे पाएं और घर में दादा-दादी हों, तो ये सब उनसे मिल जाते हैं। इसलिए कहा भी जाता है कि बहुत जरूरी है घर में दादा-दादी का होना।

## आप की बात

### महिलाओं की सुरक्षा जरूरी

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सरकारी योजनाओं का लाभ

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है इससे सही लोगों को लाभ नहीं मिल पाता।

**प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**टूंडला।** एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में रविवार को यातायात माह जागरूकता अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा रामसिंह कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी नगला सिकंदर फिरोजाबाद में राष्ट्रीय कैडेट कोर 6 उप्र बटालियन एनसीसी फिरोजाबाद के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया। यातायात पुलिस द्वारा कैडेटों को 199 अ व134 अ के बारे में बताया तथा यह कहा कि बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए बिना दोपहिया एवं चार पहिया वाहन न चलाएं। जीवन बहुमूल्य है,इसे व्यर्थ न गवाएं। इसके पश्चात् एन सी सी ज्ञानेश चन्द त्रिपाठी ने कैडेटों को बदले हुए पाठ्यक्रम एवं नवीन परीक्षा पैटर्न के बारे में व्याख्यान दिया सूबेदार सन्तोष कुमार की देख-रेख में एनसीसी कैडेटों ने 0.22 राइफल से फायरिंग का अभ्यास किया। शाम के समय अल्फा एवं डेल्टा कम्पनियों के बीच बॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई जिसमें अल्फा कम्पनी विजेता तथा डेल्टा कम्पनी उपविजेता घोषित हुई। इस अवसर पर कैम्प कमाण्डेन्ट कर्नल के.के.सिंह,डिप्टी कैम्प कमांडेंट कर्नल अजय कुमार, मेजर ज्ञानेश चन्द्र त्रिपाही ले.गोपाल कृष्ण ले.शिवम चौहान रीना शर्मा केयर टेकर सीपी सिंह,सूबेदार मेजर अवतार सिंह सूबेदार उपेंद्र सिंह, सूबेदार सन्तोष कुमार, बीएच एम शक्ति सिंह, हवलदार दार रणधीर सिंह हवलदार रक्षपाल आदि मौजूद रहे।

## 10 साल की दलित बच्ची के साथ रेप

**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र अंतर्गत जंगली गांव में शनिवार की देरसायं 10 साल की दलित बच्ची के साथ तीन नकाबपोश युवकों ने हैवानियत की। बच्ची को उठाकर मंदिर के पास ले गए। वहां बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंसा, फिर दरिंदगी की। राहगीरों को देखकर आरोपी डर गए और मौके से भाग गए। बच्ची किसी तरह से घर पहुंची। उसने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बच्ची जिला अस्पताल में भर्ती है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। मगोर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मजदूर की दो बेटियां गांव के बाहर कुएं पर कपड़े धो रही थीं। बड़ी बेटी ने बताया, ह्लमैं कपड़े लेकर घर लौट आई, जबकि छोटी बहन अकेली रह गई। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो नकाबपोश युवक वहां पहुंचे। युवकों ने कुएं के पास बाइक खड़ी की। बहन के पास जाकर उससे पानी मांगा। वो पानी दे रही थी। इसी दौरान युवकों ने उसे पकड़ लिया। फिर उस जबरन पास के एक मंदिर के पास में ले गए। बहन चिल्लाने लगी तो दरिंदों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की के पिता ने बताया- बाइक सवार दो युवकों ने छोटी बेटी के साथ दरिंदगी की। घटना के दौरान कुछ मजदूर साइकिल से लौट रहे। उन्हें देखते ही आरोपी भाग गए। डरी-सहमी बच्ची किसी तरह बाहर आई और पूरी घटना बताई। एसपी-सीओ ने मौके पर पहुंचकर ली जानकारी घटना की सूचना मिलते ही एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा और सीओ अनिल सिंह मौके पर पहुंचे। घटना की बारीकी से जांच की। एसपी बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए छह टीमें गठित की गई हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर हुआ तुलसी-शालिग्राम विवाह



**मथुरा।** सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवोत्थान एकादशी) महोत्सव का आयोजन रविवार श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर शास्त्री मर्यादाओं एवं पौराणिक महोत्सव के अनुरूप किया गया।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी को देव-शयन होने के चतुर्मास उपरान्त भावानुरूप भगवान विष्णु को योगनिद्रा से जगाने के लिए घण्टे, घड़ियाल, ढोल, मृदंग, झांझ, मजीरे, उद्दाम संर्कीतन श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर किया गया। मान्यताओं, पदम पुराण के उत्तर काण्ड में वर्णित एकादश महात्तम के अनुार श्रीकृष्ण हरि प्रबोधनी (देवोत्थान) एकादशी का व्रत करने से एक हजार अश्वमेघ यज्ञ तथा राजसूय यज्ञ का फल मिलता है। इस अलौकिक परम पुण्यप्रद एकादशी के व्रत से समस्त पाप नष्ट होकर व्रती, मरणोपरान्त भगवत धाम को प्राप्त करता है। देश-विदेश से पधारे लाखों श्रद्धालुओं ने आज श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर आयोजित देवोत्थान एकादशी महोत्सव में शामिल होकर आनन्द प्राप्त किया। देवोत्थान एकादशी पर श्रीतुलसी जी एवं भगवान सालिग्राम के विवाह के साथ ही सभी मांगलिक कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं। अतः इस दिन श्रीतुलसी सालिग्राम विवाह का विशेष महत्व है। विशिष्ट श्रृंगार में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे भगवान श्रीकेशवदेवजी महाराज के मंदिर में प्रातः भव्य तुलसी एवं शालिग्राम पूजन किया गया। सायंकाल 5 बजे श्रीभागवत भवन से उद्दाम संकीर्तन एवं मंगल ध्वनि के मध्य भगवान सालिग्राम जी बारात रूप में जन्मस्थान परिसर में स्थित श्रीतुलसी वाटिका में पधारे, जहाँ भव्य पुष्प मण्डप में विराजमान माँ तुलसी एवं भगवान सालिग्राम का विवाह शास्त्रीय विधि-विधान से सपन्न हुआ। बहुत बड़ी संख्या में ब्रजवासी एवं अमेरिका आदि देशों से पधारे श्रद्धालु भी श्रीतुलसी-सालिग्राम विवाह में कन्यादान-उपहार भेंट कर इस अलौकिक आयोजन के साक्षी बने। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी, उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, ओएसडी नारायण राय, अरूण सिंह, पूजाचार्य विन्ध्येश्वरी प्रसाद अवस्थी, श्रीब्रह्मानन्द मिश्र, सनातन पण्डा एवं प्रशान्त कुमार सतपथी आदि का विशेष योगदान रहा।

## तुलसी-शालिग्राम का विवाह में श्रद्धालुओं का उमड़ा हुजूम

**मथुरा।** देवोत्थान एकादशी के अवसर पर निकटवर्ती गांव शेषसाई स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर क्षीरसागर में तुलसी-शालिग्राम विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दिन से सभी शुभ और मांगलिक कार्यों का पुनः आरंभ हो गया है। श्रद्धालुओं ने श्री हरि विष्णु भगवान और मां लक्ष्मी जी की शेषनाग पर शयन करती प्रतिमा का जलाभिषेक किया और परिक्रमा लगाई। मंदिर परिसर जय जयकार के उद्घोषों से गूंज उठा। लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद वितरण किया, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बन गया। हिंदू धर्म में देवोत्थान एकादशी का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं, जिसके साथ ही चातुर्मास का समापन होता है। यह दिन जीवन में नई शुरूआत और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री महंत सुरेश दास जी महाराज ने बताया कि आज से सभी मंगल कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। श्री महंत जी ने देवोत्थान एकादशी व्रत कथा पर प्रकाश डाला और इसके महत्व को समझाया। देवउठनी एकादशी के बाद से विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। इसी के साथ शादी-विवाह का सीजन भी प्रारंभ हो रहा है, और अब जगह-जगह शहनाइयां बजने लगेंगी।

## हाइवे स्थित ढाबे पर देह व्यापार पकड़ा

**मथुरा।** छाता थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पंजाबी ढाबे पर देर रात पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार का पदार्फाश किया। कार्रवाई में पुलिस ने आपत्तिजनक हालत में दो महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि केडी चौकी क्षेत्र के सेमरी गांव के पास बने ढाबे पर लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां चल रही हैं। सूचना के आधार पर केडी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रोहित उज्ज्वल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात छापेमारी की। मौके से पकड़े गए युवक पर आरोप है वह ढाबे का संचालन करता था और ग्राहकों व महिलाओं की व्यवस्था करता था। प्रारंभिक पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर इस धंधे में शामिल किया गया। पुलिस ने ढाबे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। एसपी (ग्रामीण) ने बताया मामले की गहन जांच चल रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। छाता कोतवाली प्रभारी कमलेश सिंह ने संस्कृति यूनिवर्सिटी के पास एनएच 19 किनारे पंजाबी ढाबा से जाहिद उर्फ मोनू पुत्र जुम्मा निवासी तेलीपाडा को गिरफ्तार किया गया।

## पीएम केंद्रीय विद्यालय बाद मथुरा में संकुल स्तरीय लघु खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**मथुरा।** पीएम केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा में संकुल स्तरीय लघु खेल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में पीएम केन्द्रीय विद्यालय अलीगढ़ पीएम केन्द्रीय विद्यालय मथुरा कैंट पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा पीएम केन्द्रीय विद्यालय हाथरस पीएम केन्द्रीय विद्यालय एम.आर.एन.मथुरा तथा पीएम केन्द्रीय विद्यालय बुलंदशहर शिफ्ट-वन एवं शिफ्ट टू सम्मिलित थे। प्राचार्य पीएम केंद्रीय विद्यालय बाद, मथुरा ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में 60 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ए 140 मीटर दौड़ लंबी कूद टेनिस बॉल थ्रो तथा रिले दौड़ ;200 मीटर एवं 400 मीटर जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। बच्चों ने खेल भावना अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य पीएम केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। यह आयोजन छात्रों में खेलों के प्रति रुचि अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाने वाला सफल आयोजन सिद्ध हुआ।

## आगरा में पीछे से ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो तीन लोग घायल, हाईवे जाम

**आगरा।** एत्मादपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा चालक को झपकी लगने के कारण हुआ, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार के साथ यह हादसा हुआ। आगरा। एत्मादपुर थाना क्षेत्र में छलेसर चौकी के पास आज सुबह एक सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रही एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर से स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान जितेंद्र पुत्र भगवान स्वरूप निवासी टूंडला, मनोज शर्मा निवासी बिहार और सुषमा सारस्वत पत्नी अनुराग सारस्वत निवासी हरीपर्वत आगरा के रूप में हुई है। तीनों किसी शादी समारोह में शामिल होने टूंडला गए थे और लौटते समय चालक को अचानक झपकी लग गई। इसी दौरान स्कॉर्पियो हाईवे पर चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी कपिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। टक्कर के बाद हाईवे पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे हटवाया और यातायात सुचारु कराया। हादसे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## लेखपाल पर दबंगों का हमला, सरकारी दस्तावेज फाड़े, केस दर्ज

आगरा। पिनाहट के बसई अरेला क्षेत्र के गांव सवोरा के पास चकमार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत एक महिला की ओर से की गई थी। आईजीआरएस संदर्भ की शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल आशीष कुमार जांच के लिए मौके पर गए थे। सीमांकन और जांच के दौरान अन्य ग्रामीणों को भी मौके पर आ गए। आरोप है कि तभी मौके पर कुछ दबंग लोग आ गए और उन्होंने मोबाइल छीन लिया गया। शोर मचाने पर मोबाइल को तोड़ दिया। फावड़ा से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। गालीगलौज करते हुए सरकारी दस्तावेज अभिलेख छीनकर फाड़ दिए। पैमाइश करने फीता भी फेंक दिया गया। किसी तरह लेखपाल ने दबंगों से बचकर भाग कर जान बचाई। पीड़ित लेखपाल की ओर से मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई थी, जिस पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली के तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**आगरा।** कागारौल थाना क्षेत्र के गांव बघा में खेत जोतने गए किसान की शनिवार सुबह खेत में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजन ने विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। नवल किशोर उर्फ जीतो निवासी बघा शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे खेत जोतने निकला था। करीब दस बजे घर लौटते समय एक खेत से गुजरते वक्त ट्रैक्टर में 11 हजार वोल्टेज की लाइन का करंट दौड़ गया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत की मेड़ से टकरा गया और टायर आग लगने से फट गए। पुलिस ने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद करवाई और किसान को गंभीर हालत में एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया व पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। मृतक किसान के पास दो बीघा जमीन थी और वह परिवार का एकमात्र सहारा था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नवल किशोर के पिता का पहले ही देहांत हो चुका था।

# दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग के परिवार से मिले सपाई, प्रशासन से की कार्रवाई की मांग



**मथुरा।** शनिवार देरसायं गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के थाना मगोर्रा के गांव जंगली मैं दलित परिवार की नाबालिक बेटी के साथ हुई घटना को लेकर रविवार सुबह जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

विदित रहे कि दलित परिवार की नाबालिक बेटी गांव के पास ही कुए पर कपड़े धो रही थी तभी दो लड़के मोटरसाइकिल पर आए और लड़की को जबरन मंदिर में उठा लेंगे और उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिक बेटी के हालात सीरियस है उसको लेकर सपा के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और परिवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिला पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि ऐसे दरिंदों को जल्द से जल्द पड़कर कठोर कार्रवाई करें जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके अन्यथा की स्थिति में समाजवादी पार्टी पीड़ित को न्याय दिलाने हेतु संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी। जिस तरीके से आज प्रदेश के हालात है मां बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है खासकर दलित पर जो अत्याचार हो रहे हैं बहन बटिया की अत्याचार हो रहे हैं उसमें प्रदेश नंबर वन है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बिहार चुनाव में जाकर लगातार कानून व्यवस्था की दुआई दे रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश के हालात बाद से बदतर होते जा रहे हैं आए दिन लूट डकैती बलात्कार दलितों पर अत्याचार लगता है। अब आम बात हो गई है जिस तरह की घटना कल दलित परिवार की बेटी के साथ गठित हुई है वह बहुत ही शर्मिंदगी पूर्ण प घटना है। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज ना हो करके लगता है अपराधी और बलात्कारी का राज हो गया हो लेकिन सीएम दूसरे प्रदेशों में ऐसे बताते हैं जैसे उत्तर प्रदेश में कोई घटना ही नहीं होती हो और राम राज्य स्थापित हो। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता प्रदीप चैधरी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह यादव जी जिला उपाध्यक्ष चंद हाशमी की महेंद्र चैधरी सहित तमाम समाजवादी साथी मौजूद रहे।

## हाईवे पर गर्भवती को लोडर वाहन ने रौंदा, इलाज के दौरान हुई मौत

**आगरा।** हाईवे किनारे खड़ी गर्भवती महिला को लोडर वाहन ने रौंद दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना से परिवार में चीखपुकार मच गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। पति के साथ सिरसागंज से आगरा आ रही गर्भवती की शुक्रवार को लंगड़े की चौकी के पास तबीयत खराब हो गई। पति ने बाइक को हाईवे किनारे रोक दिया। उसी समय पीछे से आए लोडर वाहन ने महिला को टक्कर मारी दी। एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। फिरोजाबाद के सिरसागंज के नराला निवासी सीटू ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार दोपहर गर्भवती पत्नी किरन को साथ लेकर आगरा आ रहे थे। लंगड़े की चौकी फुट ओवरब्रिज के पास पत्नी ने तबीयत खराब होना बताया। उन्होंने बाइक को किनारे रोक दिया। पत्नी बाइक का सहारा लेकर खड़ी हो गई। वह पानी लेने के लिए बाइक से थोड़ी दूर जाकर आसपास देख रहे थे। उसी समय पीछे से तेज रफ्तार लोडर वाहन आया और पत्नी को चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोग आ गए। उन्होंने पुलिस का सूचना देकर बुलाया। इसके बाद पत्नी को इलाज के लिए एसएन इमरजेंसी ले गए लेकिन जान नहीं बची। हरीपर्वत थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन को सीज कर दिया गया है।

# सीएम सामूहिक विवाह समारोह में 351 जोड़ों का विवाह संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** शहनाइयों के गुंजन और कुरान की आयतों के साथ 351 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह विकास भवन के पीछे उद्यान विभाग के प्रांगण में संपन्न हुआ मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री के साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन,मेयर कामिनी राठौर, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर,भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने परिणय सूत्र में बंध रहे 9 दंपतियों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वचन दिया, इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार ने समदृष्टि अपनाते हुए प्रत्येक वर्ग की गरीब बेटियों के वैवाहिक कार्य को संपन्न करने का जो पुनीत कार्य किया है,उससे गरीब परिवारों की बेटीयों के विवाह की चिंता से निजात मिली है,2024-25 में वधू के परिवार की अधिकतम आय सीमा जो रु0 2 लाख थी, उसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 3 लाख कर दिया गया है, साथ ही 2024-25 में जो वधू के खाते में रुपए 35000 की राशि अंतरित की जाती थी,उसे बढ़ाकर 2025-26 में रुपए 60000 रुपए कर दिया गया है, जो हमारी सरकार की गरीबों की प्रति चिंता को दशार्ता है,हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल भाव पर चलती है, इसका उदाहरण यहां भी देखने को मिल रहा है जहां हिंदू गरीब बेटियों के साथ-साथ 80 गरीब मुस्लिम बेटियों का विवाह भी पूरी रीती रिवाज से कराया जा रहा है,सबसे बड़ी बात इस वैवाहिक समारोह में फर्जी वाडा ना हो इसके लिए वर वधु की उपस्थिति का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन कराया जा रहा है, इस सामूहिक विवाह समारोह में बहुत सारी योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया गया,जिसमें माध्यमिक विद्यालयों में 47.46 लाख की लागत से 4 मल्टीपर्पज हॉल तथा दो अतिरिक्त कक्षो का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 8573.38 लाख की लागत से ग्रामीण संपर्क मार्ग खेल मैदानो तथा पार्क निर्माण के कार्य का शुभारंभ, इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज नसीरपुर में 65.32 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के कार्य का उद्घाटन भी किया गया,इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर विधायक टूंडला प्रेम पाल धनगर और भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी वरबधुओं को शुभ आशीर्वचन देते हुए सरकार की इस लोक हितेषी कार्य को गरीबों के लिए हितकारी उत्सवर्धन बताया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री के हाथों विभिन्न योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया,जिसमें जय देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चाबी वितरित की गई,जबकि शिखा,ममता, सूरज कुशवाहा को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चाबी प्रदान की गई, जबकि प्रशांत कुमार और सोनू कुमार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत चेक वितरित किया गया,जबकि शांति देवी, डोली देवी,आरती देवी जो स्वयं सहायता समूह से संबंधित है, उनको चेक और प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए और अवधेश यादव और गहरी सिंह को कृषि उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ अपर जिलाधिकारी विशु राजा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट,परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

- **सामूहिक विवाह समारोह में पर्यटन व संस्कृति मंत्री ने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया**

## मोबाइल चोर गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना जीआरपी पुलिस ने चैकिंग के दौरान चोरी के मोबाइल के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। रविवार को थानाध्यक्ष जीआरपी मोनू कुमार आर्य उनि सतेन्द्र कुमार मय हमराह हे0का0 कृष्णप्रताप सिंह व का. विपिन कुमार व का० मनोज कुमार के साथ स्टेशन परिसर में चेकिंग कर रहे थे,तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक चोर जो पहले बैण्डरी करता था,वह आज भी मौके की फिराक मे स्टेशन पर घूम रहा है,जिसके पास पूर्व चोरी का मोबाइल भी है, जिसे वह बेचने व मौका मिलने पर किसी अन्य चोरी की फिराक में प्लेटफॉर्म नं. एक के पूर्वी छोर पर बैठा है, मुखबिर की सूचना पर थाना जीआरपी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा जिसने अपना नाम चंदन सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी गाँव-रूदऊ मुस्तकिल थाना-ट्रंण्डला जनपद फिरोजाबाद बताया जिसकी जामातलाशी से पहने पेन्ट की दाहिनी जेब से एक मोबाइल बरामद हुआ।जिसे उसने सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस से चोरी किया था।

## नौका विहार के साथ हुआ चंद्रोदय मंदिर के त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का भव्य समापन



**मथुरा।** वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में चल रहे त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का समापन रविवार को नौका विहार महोत्सव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के श्रीविग्रह को पालकी शोभायात्रा के माध्यम से मंदिर प्रांगण स्थित कल्याणी तक लाया गया, जहाँ उन्हें नौका रूपी कुंज महल में विराजमान कर नौका विहार कराया गया। ठाकुरजी के इस अलौकिक एवं मनोहर नौका विहार दर्शन का दृश्य देखते ही बनता था। भक्तों ने नौका, कल्याणी तथा मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के पुष्पों से भव्य रूप से सजाया। पुष्पों से सुसज्जित नौका पर विराजमान श्री राधा वृन्दावन चंद्र के दर्शन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। हर ओर ह्लराधा वृन्दावन चंद्र की जय !ह्ल के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायमान रहा। शयन आरती के दौरान भक्तों ने दामोदर अष्टकम का सामूहिक गान किया तथा दीपदान कर ठाकुरजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर इस्कॉन बैंगलोर के विभिन्न केंद्रों से आए भक्तगणों सहित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और अन्य राज्यों से भी सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश की प्रमुख रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने की सीएम से की मांग

**टूंडला।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर आग्रह किया है कि उत्तर प्रदेश में चल रही महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए, ताकि प्रदेश की जनता को सुविधा मिले और क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि चोपन चुनार रेलमार्ग दोहरीकरण लंबाई 102 किमी परियोजना अगस्त 2022 में 1424 करोड़ की लागत से स्वीकृत हुई थी। इसमें सोनभद्र जनपद स्थित सोन नदी पर 1128 मीटर लंबे पुल का निर्माण लागत 230.30 करोड़ भी सम्मिलित है। यह परियोजना लगभग 25 लाख की आबादी को सीधा लाभ पहुँचाएगी। लक्ष्य वर्ष 2027 तक निर्धारित है, परंतु निर्माण कार्य की गति को और तेज किए जाने की आवश्यकता है। एटाझ्रकासगंज नई रेल लाइन लंबाई 29 किमी परियोजना के लिए 389 करोड़ की धनराशि 19 फरवरी 2024 को स्वीकृत की गई है तथा भूमि अधिग्रहण हेतु 105 करोड़ का आवंटन भी हो चुका है। भूमि अधिग्रहण की धीमी प्रगति के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। यह लाइन पूर्ण होने पर टूंडला एटा कासगंज सोरों शूकरक्षेत्र उझानी बरेली सिटी पीलीभीत टनकपुर उत्तराखंड के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित करेगी। आगरा फोर्ट बांदीकुई रेल लाइन दोहरीकरण लंबाई 150 किमी परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी 2024 को किया था। 1389 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना निमार्णाधीन है,किंतु इसे समयबद्ध रूप से पूर्ण कराना आवश्यक है। श्री गौतम ने कहा कि ये तीनों रेल परियोजनाएँ प्रदेश के औद्योगिक धार्मिक एवं पर्यटन विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# देवोत्थानी एकादशी पर परिक्रमा मार्ग में बनी अटूट श्रृंखला

- **तीन वन और पंचकोसीय परिक्रमा के लिए परिक्रमार्थियों की भीड़ उमड़ी**



**मथुरा।** देवोत्थान एकादशी पर धर्म नगरी वृंदावन में मध्यरात्रि से ही तीन वन और पंचकोसीय परिक्रमा के लिए परिक्रमार्थियों की भीड़ उमड़ परिक्रमा मार्ग में दिखने लगी थी। भोर के समय हल्की ठंड के बीच परिक्रमा मार्ग में अटूट मानव श्रंखला दिख रही थी। माना जाता है कि द्वापर युग में कंस वध के बाद भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने तीन वन यानि मथुरा, वृंदावन और गरुड गोविंद की परिक्रमा लगाई थी। उनके साथ ब्रजवासियों ने भी परिक्रमा लगाई थी। तभी से इस परम्परा का निर्वहन भक्तों द्वारा किया जाता है।

ऐसी मान्यता है कि तीन वन परिक्रमा करने से मक्त के सारे काट दूर हो जाते हैं और मनोकामना पूर्ण होती है। देवोत्थान एकादशी को रात्रि में देव उठान की पूजा में गन्ना और सिंघाड़ों का प्रयोग किया जाता है। इसी के चलते परिक्रमा मार्ग में गन्ना और सिंघाड़ों की खूब बिक्री हुई। परिक्रमा मार्ग राधे राधे के जयकारों से गुंजायमान रहा। मार्ग देवोत्थान एकादशी पर चतुवेर्दी समाज के लोगों ने कंस वध की प्रतीकात्मक लीला के बाद मध्य रात्रि से ही तीन वन की परिक्रमा शुरू कर दी। वहीं वृंदावन नगर के लोगों ने यहां की पंचकोसी परिक्रमा कर पुण्य लाभकमाया। परिक्रमा का यह क्रम देर सायं तक चलता रहा। पूरा परिक्रमा मार्ग राधे राधे के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था। नगर निगम ने परिक्रमा मार्ग में चाक चैबंद व्यवस्था की थीं। चप्पे चप्पे पर सफाई कर्मचारी तैनात नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर सफाई कर्मचारी तैनात किए गए। वहीं पुलिस प्रशासन भी परिक्रमा पर पैनी नजर रखे हुए था। परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह परिक्रमार्थियों की सुविधा के लिए कहीं हलवा पूड़ी, साग पूडी, खीर फल, चाय और फलाहार आदि का वितरण किया गया। वहीं कई जगह प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर लगाकर निशुल्क उपचार किया गया। देवोत्थान एकादशी पूजा के लिए परिक्रमा मार्ग में जगह जगह पूजा सामग्री और गन्ना की बिक्री हो रही थी। लोग शाम के समय पूजा के लिए पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे थे। पंचकोसीय परिक्रमा में सुबह से ही मानव श्रृंखला बन गई। जो देर शाम नहीं टूटी थी। विदेशी भक्त भी भजन कीर्तन करते परिक्रमा में लगा रहे थे। इस्कोन मंदिर और अटल्ला चुंगी कट पर तैनात पुलिसकर्मी कमी परिक्रमार्थियों रोकते तो कभी वाहनों को। स्मणरेती बिहार घाट, सूरज घाट, श्रृंगारवट घाट, केशीघाट पर श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। खुले पैसे न होने से चाट पकोड़ी के ठेलों पर भीड़ कम रही। आज ज बांकेबिहारी मंदिर के दर्शन करने के लिए भी लोग बड़ी तादाद में पहुंचे।

## निर्माण कार्यों की होगी जांच, खराब गुणवत्ता पर फंसेंगे ठेकेदार, निगम दर्ज करायेगा रिपोर्ट

**आगरा।** निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की अब मुश्किल बढ़ने वाली है। गुणवत्ता खराब मिलने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के साथ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध में नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। आगरा में नगर निगम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की रैंडम जांच होगी। जांच के दौरान गुणवत्ता खराब मिलने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। साथ ही संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज होगी। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने शनिवार को समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों और अभियंताओं को यह निर्देश दिए हैं। सभी अफसरों को लगातार जांच करने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अभियंताओं को निर्देशित किया कि सीएम ग्रिड से संबंधित कार्यों की ड्राइंग शीघ्र उपलब्ध कराई जाए ताकि कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। जिन योजनाओं के टेंडर जारी हो चुके हैं, उनके वर्क ऑर्डर में अनावश्यक देरी न की जाए। शहर की सड़कों की स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़कों पर बने मेनहोल और गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराकर रिपोर्ट उन्हें सौंपी जाए। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान उत्पन्न होने वाले सीएनडी वेस्ट (निर्माण मलबे) का समय पर उठान सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में नगर निगम के सभी निर्माण अभियंता और निर्माण विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 से मिल रही किसानों को रिकॉर्ड उपज

नयी दिल्ली। गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 5-एसआर -05' और 'श्रीराम सुपर 303' गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है।श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और 303, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनमें कल्ले ज्यादा और बालियां लंबी है, और यह रोगों के प्रति सहनशील है।सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। साथ ही साथ श्रीराम द्वारा बाजार में दी जा रही किस्म श्रीराम सुपर 303 से भी किसान बहुत खुश हैं व उत्तम परिणाम पा रहे हैं।

## टोयोटा ने अक्टूबर में 42,892 गाड़ियां बेचीं

बेंगलुरू।टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अक्टूबर 2025 के त्योहारी महीने के लिए अपनी बिक्री परिणामों की घोषणा की, जो इस तरह हैंःइस संख्या में 40,257 घरेलू बिक्री शामिल हैं, जबकि 2,635 गाड़ियां निर्यात बाजारों को भेजी गईं। हमारी वृद्धि हमारे संचालन में सहज तालमेल और ग्राहक-केंद्रियता के अटूट समर्पण का प्रमाण है। हाल ही में पेश की गई अर्बन क्रूजर हायराइडर एयरो एडिशन और 2025 फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन की फेस्टिव एडिशन को उनकी अनूठी स्टाइलिंग और प्रीमियम मूल्य प्रस्ताव के लिए जबरदस्त सराहना मिली है।ये मॉडल अधिकृत डीलरशिप पर बुकिंग और डिलीवरी के लिए उपलब्ध हैं।ड्रम ताओ के साथ हमारे सहयोग ने ग्राहक उत्साह और जुड़ाव को और बढ़ा दिया है।इसके अलावा, त्योहारी सीजन के दौरान अनुकूल आर्थिक वातावरण, जो सरकार की दूरदर्शी जीएसटी सुधारों से मजबूत हुआ है, ने बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया है। टीकेएम में, इससे ग्राहक पूछताछ और ऑर्डर इनटेक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो सामूहिक रूप से हमारे संपूर्ण प्रदर्शन को गति दे रही है।

## निसान ने की घरेलू बिक्री में वृद्धि दर्ज

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने अक्टूबर 2025 में कुल 9675 कारों की बिक्री( कंसोलिडेटेड सेल) की है।इस दौरान घरेलू बिक्री के मामले में कंपनी ने मासिक आधार पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।नवरात्र, दशहरा और दीवाली के दौरान नई निसान मैग्नाइट को लेकर निकली जबर्दस्त मांग के दम पर कंपनी ने यह प्रदर्शन किया है। भारत सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अक्टूबर 2025 में घरेलू स्तर पर निसान मोटर इंडिया की कुल बिक्री 2402 यूनिट्स की रही।यह सितंबर 2025 की तुलना में 45 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें नई निसान मैग्नाइट की अहम भूमिका रही। इस दौरान कंपनी ने कुल 7273 कारों का निर्यात किया, जिससे वैश्विक निर्यात हब के रूप में निसान इंडिया की स्थिति मजबूत हुई है।कंपनी ने हाल ही में अपनी 12 लाखवीं कार निर्यात करते हुए अपनी मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड की फिलॉसफी को मजबूती दी है।

## स्कोडा ने सालाना बिक्री में बनाया नया रिकॉर्ड

बंगलुरु।स्कोडा ऑटो इण्डिया ने बीते अक्टूबर माह में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुये देश में अपनी अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार किया।इस साल भारत में अपने 25 साल पूरे करने वाली स्कोडा ऑटो इण्डिया ने जनवरी से अक्टूबर 2025 के बीच 61,607 वाहनों की बिक्री दर्ज की। यह उपलब्धि कंपनी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ तिमाही और अर्धवार्षिक प्रदर्शन के बाद आई है। अक्टूबर 2025 में 8,252 से अधिक यूनिट्स की बिक्रीके साथ स?कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्रीभी दर्ज की है।हमने वर्ष 2025 की शुरूआत भारत में ब्रांड को मजबूती से आगे बढ़ाने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के संकल्प के साथ की थी।यह ह्यअब तक की सबसे बड़ी बिक्री हमारे स्पष्ट दृष्टिकोण, दृढ़ संकल्प और तेज कार्यान्वयन का प्रमाण है इन्हीं ने भारत में हमारी प्रगति को नई गति दी है।

# कंपनियों की पूंजी 95447 करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली।सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 95,447.38 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही।

शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 91,685.94 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 47,431.32 करोड़ रुपये बढ़कर 20,11,602.06 करोड़ रुपये



हो गया। भारतीय स्टेट बैंक ने सप्ताह के दौरान 30,091.82 करोड़ रुपये जोड़े और इसका मूल्यांकन 8,64,908.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत14,540.37 करोड़ रुपये बढ़कर 11,71,554.56 करोड़ रुपये पर और एलआईसी का मूल्यांकन 3,383.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,65,897.54 करोड़ रहा। इस रुख के उलट बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 29,090.12 करोड़ रुपये घटकर 6,48,756.24 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 21,618.9 करोड़ रुपये घटकर 9,61,127.86 करोड़ रुपये पर आ गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,822.38 करोड़ रुपये घटकर 6,15,890 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 11,924.17 करोड़ रुपये घटकर 5,79,561.93 करोड़ रुपये रह गया।एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,547.96 करोड़ रुपये घटकर 15,18,679.14 करोड़ रुपये और टीसीएस का मूल्यांकन।,682.41 करोड़ रुपये घटकर 11,06,338.80 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली।स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं और वैश्विक रुख से तय होगी।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है।यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहने की उम्मीद है, जिसमें कई महत्वपूर्ण आंकड़े जारी होंगे और प्रमुख कंपनियां अपने तिमाही नतीजे भी जारी करेंगी। गुरु नानक जयंती गुरुपर्व की छुट्टी के कारण बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई के अंतिम आंकड़ों के साथ-साथ एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के आंकड़ों पर भी सबकी नजर रहेगी। आय के मोर्चे पर, कई प्रमुख सूचकांक कंपनियां अपने तिमाही परिणामों की घोषणा करने वाली हैं।इनमें भारती एयरटेल, टाइटन कंपनी,




अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स, इंटरग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, ल्यूपिन, बजाज ऑटो और हिंडाल्को शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर, व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रमों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों के रुझानों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। निवेशक विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। तीन महीने की निकासी के बाद अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने शेयरों में 14,610 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इस सप्ताह बाजार व्यस्त वृहद कैलेंडर से संकेत लेगा, जिसमें भारत और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए एसएंडपी वैश्विक विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों की एक श्रृंखला वैश्विक वृद्धि गति के बारे में नई जानकारी प्रदान करेगी। इन आंकड़ों के अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की चाल निवेशकों की धारणा और क्षेत्रीय रुझानों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 273.17 अंक या 0.32 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 73.05 अंक या 0.28 प्रतिशत गिरा। भारतीय बाजारों ने अक्टूबर के आखिरी सप्ताह का समापन मुनाफावसूली के साथ किया क्योंकि निवेशकों ने निरंतर तेजी के बाद कुछ दांव लगाए।

## त्योहारी सीजन में पेट्रोल की बिक्री बढ़ी, डीजल की मांग रही स्थिर

नयी दिल्ली। त्योहारों के दौरान यात्रा में तेजी के कारण अक्टूबर में भारत में पेट्रोल की बिक्री पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान डीजल की खपत स्थिर रही जो इस रुझान के उलट है। यह जानकारी उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से मिली है।

त्योहारों के सीजन की शुरुआत से ईंधन की मांग बढ़ने के कारण अक्टूबर में पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 36.5 लाख टन हो गई। सितंबर में पेट्रोल की बिक्री 34 लाख टन रही थी।देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री अक्टूबर में मामूली गिरावट के साथ 76 लाख टन रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 76.4 लाख टन थी।ऐतिहासिक रूप से, जून में बारिश के मौसम के आगमन के साथ डीजल की खपत में गिरावट आती थी, क्योंकि सिंचाई पंप चलाने के लिए ईंधन की मांग कम हो जाती थी और वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती थी। हालांकि, अक्टूबर से बिक्री बढ़ जाती थी क्योंकि बारिश कम होती है और त्योहारी सीजन की वजह से ट्रक की आवाजाही भी बढ़ती है। लेकिन इस साल, यह रुझान उलट गया है और अक्टूबर में खपत में बढ़ोतरी के बजाय मामूली गिरावट देखी गई। पेट्रोल की खपत अक्टूबर, 2023 की तुलना में 16.3 प्रतिशत अधिक थी।

## एफपीआई ने शेयर बाजार में 14610 करोड़ डाले

नयी दिल्ली।लगातार तीन माह तक निकासी के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजार में फिर लिवाल बन गए हैं। अक्टूबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 14,610 करोड़ रुपये डाले हैं।

इस निवेश को कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के जल्द ही साकार होने की उम्मीदों से बल मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, यह बदलाव लगातार निकासी के लंबे दौर के बाद आया है। एफपीआई ने भारतीय शेयरों से सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में



17,700 करोड़ रुपये निकाले थे। अक्टूबर में एफपीआई का नए सिरे से निवेश, धारणा में एक उल्लेखनीय बदलाव को दर्शाता है। यह भारतीय बाजारों के प्रति वैश्विक निवेशकों के नए विश्वास का प्रतीक है। यह बदलाव हाल ही में हुए सुधारों और प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तिमाही नतीजों के बाद बेहतर जोखिम धारणा और आकर्षक मूल्यांकन के कारण हुआ है। यह बदलाव मुद्रास्फीति में कमी, ब्याज दर चक्र में नरमी की उम्मीदों और जीएसटी युक्तिकरण जैसे सहायक घरेलू सुधारों के साथ भी हुआ है, जिससे निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ है। नवीनतम निवेश प्रवाह को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के बेहतर नतीजों, अमेरिकी फेड रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के जल्द ही साकार होने की उम्मीद से समर्थन मिला है। इस प्रवृत्ति की स्थिरता निरंतर वृहद मजबूती, एक बेहतर वैश्विक वातावरण और आने वाली तिमाहियों में कंपनियों के नतीजों पर निर्भर करेगी।

## प्रतिस्पर्धा आयोग के पास पेटेंट विवादों की जांच का अधिकार नहीं : एनसीएलएटी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कहा है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास पेटेंट मामलों से संबंधित विवादों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है। सीसीआई के उस आदेश के खिलाफ अपील को खारिज करते हुए, जिसमें नियामक ने स्विस फार्मा कंपनी विफोर इंटरनेशनल (एजी) के खिलाफ एक शिकायत बंद कर दी थी।

एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि पेटेंट अधिनियम प्रतिस्पर्धा अधिनियम पर ऊपर होगा। पहले के फैसलों का हवाला देते हुए, एनसीएलएटी ने कहा कि टेलीफोनैक्टीबोलागेट एलएम एरिक्सन मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले और विशेष अनुमति याचिका संख्या 25026।2023 में उच्चतम न्यायालय के फैसले को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि सीसीआई के पास विफोर इंटरनेशनल के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने का अधिकार नहीं है। एनसीएलएटी, जो सीसीआई द्वारा पारित आदेशों पर अपीलीय प्राधिकरण है, ने कहा कि विफोर इंटरनेशनल के पास फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज इंजेक्शन का पेटेंट है, जो आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के उपचार के लिए आवश्यक है।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, पाम तेल में गिरावट

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में महंगे दाम पर लिवाली प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन, लागत से कम दाम पर बिकवाली से सोयाबीन तेल, मलेशिया में बाजार टूटने से पाम एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखी गई।

दूसरी ओर, कम हाजिर दाम पर किसानों की बिकवाली घटने से सोयाबीन तिलहन, उत्पादक राज्यों में बरसात के मौसम के कारण आवक प्रभावित होने से मूंगफली तेल-तिलहन एवं बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह भी महंगे सरसों की लिवाली प्रभावित रहने के कारण सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही।

वहीं महाराष्ट्र, गुजरात और कुछ अन्य राज्यों में बरसात जैसे मौसम की वजह से मंडियों में कमजोर आवक के कारण सोयाबीन तिलहन, मूंगफली



तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। आर्थिक तंगी से जूझ रहे आयातकों द्वारा बैंकों में अपना ऋण साख पत्र (एलसी) को प्रचलन में बनाये रखने की कोशिश के तहत लागत से कम दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट रही। मलेशिया में दाम टूटने के बीच सीपीओ एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। सूत्रों ने कहा कि सरकार को यह देखना होगा कि 80-90 के दशक में देश किन कारणों से तेल-तिलहन के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा था। संभवतः उस समय देश में तिलहन का बाजार था और विदेशी कंपनियों और उनके प्रवक्ताओं का हस्तक्षेप कम था जो मलेशिया इंडोनेशिया जैसे खाद्य तेल निर्यातक देशों के हितों को साधने की कोशिश में मनमाना आकलन करते नजर आते हैं। हाल के दिनों में ऐसे ही प्रवक्ता मलेशिया में लगभग 10 प्रतिशत और तेजी आने का अनुमान जता रहे थे लेकिन दरअसल पिछले कुछ दिनों में मलेशिया में 8-9 प्रतिशत तक बाजार टूटा है। उन्होंने कहा कि 80-90 के दशक में एक तो तिलहनों का बाजार होने से उनकी उपज बाजार में खप जाती थी। उस समय विदेशी तेल कंपनियों के प्रवक्ताओं का भी देश के बाजार में हस्तक्षेप कम होता था। खाद्य तेल की महंगाई बढ़ने पर सरकार खाद्य तेलों का आयात कर उसे राशन दुकानों के माध्यम से सस्ते में आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराती थी। लेकिन विदेशी कंपनियों के प्रवक्ताओं का देश के बाजारों में हस्तक्षेप विभिन्न स्तर पर बढ़ने के बाद से देश के तेल-तिलहन मामले में विदेशों पर निर्भरता घटने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। इस विषय पर गौर किया जाना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद से देखने को मिला कि खाद्य तेलों की महंगाई को लेकर एक हौव्वा खड़ा किया गया कि इससे घरों का बजट बिगड़ता है यह लोगों के दिमाग में स्थापित किया गया। जबकि सच्चाई यह थी कि हर घर में खाद्य तेल की खपत दूध, मांस, अंडे जैसे वस्तुओं की तुलना में बहुत कम ही होती है। प्रवक्ताओं को दूध, अंडे और चिकेन के दाम बढ़ने पर विशेष चिंता जताते की जरूरत महसूस नहीं होती लेकिन तेल-तिलहन का दाम बढ़ने पर वे परेशान रहते रहते हैं।

## ले. जनरल अविनाश ने 'आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल' के कमांडेंट का पदभार संभाला

नई दिल्ली। कानपुर निवासी ई.एन.टी. सर्जन लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास, जिन्होंने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में लगभग चार दशकों तक अनुकरणीय सेवाये दी हैं, ने नई दिल्ली स्थित सशस्त्र बलों के प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण अस्पताल, 'आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल' (आर एंड आर हॉस्पिटल) के कमांडेंट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल दास का सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है। अपने सेवा काल के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल दास द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के साथ-साथ प्रशासनिक एवं कमांड पदों पर रहते हुये महत्वपूर्ण कार्य किया



गया है। पुणे स्थित आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से स्नातक लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने नई दिल्ली स्थित आर्मी के बेस हॉस्पिटल एवं कमांड हॉस्पिटल लखनऊ में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में भी कार्य किया है। कमांडेंट, सी.एच. (एन.सी.) रहते हुए उन्होंने कमांड हॉस्पिटल, उधमपुर को नए अत्याधुनिक एवं सुसज्जित अस्पताल भवन में स्थानांतरित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।?

अपने दीर्घ और विशिष्ट करियर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल दास ने असाधारण नेतृत्व और सेवा भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्हें चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सी.ओ.ए.एस.), चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड स्टाफ कमेटी (सी.आई.एस.सी.) तथा जी.ओ.सी. इन सी. प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया जा चुका है। 'आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल' के कमांडेंट के रूप में उनकी नियुक्ति से अस्पताल में उत्कृष्टता के मानकों में और वृद्धि होने की अपेक्षा है।

## पेज एक का शेष

### सुदृढ़ न्यायिक

अमृत काल में भारत ने तीन नए कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को लागू कर न्याय व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि रूल ऑफ लॉ तभी प्रभावी हो सकता है जब बेंच (न्यायपीठ) और बार (अधिवक्ता समाज) के बीच बेहतरीन समन्वय हो। बेंच विवेक का प्रतीक है और बार संवेदना का। जब विवेक और संवेदना साथ आते हैं, तब न्याय का सच्चा स्वरूप मूर्त रूप लेता है। सीएम योगी ने जानकारी दी कि प्रदेश में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है।10 जनपदों में इसके लिए धनराशि जारी कर दी गई है, जहां एक ही परिसर में सभी स्तरों के न्यायालय, अधिवक्ता कक्ष और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय अब अपने उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे के लिए देशभर में जाना जा रहा है। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रदेश में 380 से अधिक पॉक्सो और फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए गए हैं। साथ ही, लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के प्रयास भी तेज हुए हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में हर रेंज पर विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं तथा उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक संस्थान की स्थापना कर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट, ई-पुलिसिंग, ई-प्रॉसिक्यूशन और ई-फॉरेंसिक को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर जोड़ने की प्रक्रिया जारी है।इससे न्यायिक प्रणाली अधिक पारदर्शी, त्वरित और सशक्त बनेगी। अंत में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के छात्रों से कहा कि वे सत्य, धर्म और निष्ठा के पथ पर चलते हुए देश की न्याय व्यवस्था को नई दिशा दें।उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भी बधाई दी, जो इस माह भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विश्वविद्यालय के विजिटर और सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, प्रदेश सरकार में मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, विवि के कुलपति प्रो अमर पाल सिंह, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण, विवि के फैकल्टी मेम्बर्स, विधायक राजेश्वर सिंह, उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावकगण मौजूद रहे।

### इसरो ने

क्षमता के लिए इस महत्वपूर्ण, जटिल उपग्रह को साकार करने के लिए कई इसरो केंद्रों में कार्यरत पूरी उपग्रह टीम को बधाई देता हूं।प्रक्षेपण अभियान के दौरान हमें कठिन और चुनौतीपूर्ण समय का सामना करना पड़ा।मौसम उतना अनुकूल नहीं था। लेकिन फिर भी, मैं इस अवसर पर आप सभी की सराहना करता हूं कि इस कठिन मौसम की स्थिति में भी, हम सफलतापूर्वक इस मिशन को भव्य और सफल तरीके से पूरा कर पाए। इसरो प्रमुख ने आगे कहा कि इस मौके पर मैं एक महत्वपूर्ण प्रयोग की भी घोषणा करना चाहूंगा जो हमने किया है।स्वदेशी रूप से विकसित सी-25 क्रायोजेनिक चरण।पहली बार, हमने उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करने और चरण को पुनः उन्मुख करने के बाद, सफलतापूर्वक प्रज्वलित किया है।थ्रस्ट चैंबर... यह एक महान प्रयोग होने जा रहा है, जो भविष्य में क्रायोजेनिक चरण को पुनः आरंभ करने के लिए डेटा प्रदान करेगा, जिससे बाहुबली रॉकेट एलवीएम-3 का उपयोग करके कई कक्षाओं में कई उपग्रहों को स्थापित करने के लिए मिशन लचीलापन सक्षम होगा।' सीएमएस-03 उपग्रह तेज और उच्च क्षमता वाली बैंडविड्थ से उन्नत प्लेटफॉर्म कनेक्टिविटी बढ़ाएगा और दूरदराज के क्षेत्रों तक डिजिटल पहुंच में सुधार करेगा। इससे नागरिक सेवाओं के अलावा नौसेना के जहाजों, विमानों और पनडुब्बियों के बीच सुरक्षित संचार संपर्क स्थापित होगा जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा और मजबूत होगी।नौसेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह उपग्रह नौसेना की अंतरिक्ष-आधारित संचार और समुद्री क्षेत्र जागरूकता क्षमताओं को मजबूत करेगा।इसमें कई स्वदेशी अत्याधुनिक घटक शामिल हैं जिन्हें विशेष रूप से भारतीय नौसेना की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है।

### हत्या के

पुरवा के रहने वाले लक्ष्मीकांत नामक व्यक्ति ने दर्ज कराये गये मुकदमे में पुलिस को बताया था कि 17 दिसंबर 2015 की रात साढ़े आठ बजे वह गांव के छोटेलाल वर्मा और करीम के साथ अपने ट्यूबवेल परिसर में गया था। शिकायत के अनुसार, वहां पहुंचते ही बाजरे के खेत से अचानक किसी ने गोली चलायी जो करीम को लग गयी। टॉर्च जलाकर देखने पर गांव के ही मनीष वर्मा, नन्हे लाल वर्मा, सुनील वर्मा और एक बाल अपचारी नजर आये।वे चारों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये।

उन्होंने बताया कि गोली लगने से घायल करीम की प्रतापगढ़ स्थित अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गयी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक किशोर सहित चार आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदम दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। पांडेय ने बताया कि न्यायालय ने मामले की सुनवाई करने के बाद तीन आरोपियों मनीष कुमार वर्मा, नन्हे लाल वर्मा एवं सुनील वर्मा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। किशोर के मामले को किशोर न्याय बोर्ड को विचारार्थ भेजा गया है।

### उत्तराखंड आस्था

सुविधाओं के साथ यह पुल वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए भी पूरी तरह सुलभ बनाया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह संरचना आधुनिक विकास और पर्यावरणीय संवेदनशीलता के संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। फुट ओवर ब्रिज के उद्घाटन के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति निकेतन में नव विकसित घुड़सवारी क्षेत्र का भी शुभारंभ किया। 0.7 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस अत्याधुनिक एरीना का निर्माण केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने किया है। यहां राष्ट्रपति अंगरक्षकों के आठ चयनित घोड़े रखे जाएंगे। राष्ट्रपति ने स्वयं घोड़ों को घास खिलाई और उनके रखरखाव की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि हमारे अंगरक्षक न केवल अनुशासन और समर्पण के प्रतीक हैं, बल्कि वे राष्ट्र की मयार्दा और परंपरा के जीवंत प्रहरी भी हैं। घुड़सवारी क्षेत्र में आगंतुकों के लिए विशेष गाइड टूर, देखने के गलियारे और सुरक्षित बाड़े बनाए गए हैं। यह परिसर सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। शाम को राष्ट्रपति मुर्मू ने उत्तराखंड संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रपति निकेतन के एम्फीथिएटर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में भी भाग लिया। लोक कलाकारों ने राज्य की लोकधुनों, नृत्यों और पारंपरिक परिधानों से सजे मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति ने कलाकारों से भेंट कर उनके कार्य की सराहना की और कहा कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति भारत की आत्मा की सबसे सुंदर झलक है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### चुनाव में

चाहता हूं कि निर्वाचन आयोग के लिए कोई पक्ष या विपक्ष नहीं है। हमारे लिये सभी समकक्ष हैं। उन्होंने कहा, हमारे 243 पीठासीन अधिकारी, इतनी ही संख्या में पर्यवेक्षक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और व्यय पर्यवेक्षक सभी तैयार हैं। मुझे विश्वास है कि बिहार के चुनाव न केवल पारदर्शिता, क्षमता, सादगी और लोकतंत्र की उत्सवपूर्ण भावना के साथ होंगे बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श स्थापित करेंगे। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए इसी माह छह नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। कुमार ने कहा, मैं बिहार के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एकजुट होकर लोकतंत्र के इस उत्सव को मनाएं। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आगे आना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। जय हिंद, जय भारत।

### विकसित बिहार

अब राज्य सरकार अपनी ओर से 3,000 रुपये और जोड़ेगी। मोदी ने कहा, जो वादा करते हैं, उसे निभाते हैं यही राजग का ट्रैक रिकॉर्ड है। मैंने गारंटी दी थी, अब लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पहले यहां अरवा (कच्चा) चावल मिलता था, अब उसना (पक्का) चावल दिया जा रहा है। गरीबों को पक्का घर देने की गारंटी भी हमने पूरी की। प्रधानमंत्री ने कहा, देश की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वन रैंक वन पेंशन योजना लागू करने की गारंटी मैंने दी थी, और हमने उसे पूरा किया। बिहार के हजारों लोग सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने अनुच्छेद-370 हटाने की गारंटी दी थी, जो 70 साल बाद पूरी हुई। अब जम्मू-कश्मीर में भारतीय संविधान लागू हो चुका है। मोदी ने कहा था कि आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मारेंगे, हमने ऑपरेशन सिंदूर किया और यह गारंटी निभाई। इससे हर भारतीय गर्वित हुआ। मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में धमाके हो रहे थे, लेकिन कांग्रेस का पहला परिवार यहां बेचैन था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नामांकन वापसी से एक दिन पहले कांग्रेस और राजद में जबरदस्त झगड़ा हुआ तथा कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि राजद का नेता मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बने। लेकिन, राजद ने बंदूक की नोक पर यह पद अपने लिए तय करवाया। उन्होंने कहा कि राजद ने बिहार को कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और भ्रष्टाचार की भूमि बना दिया। जंगलराज के दौर में बिहार में 37 हजार अपहरण हुए थे। मोदी ने कहा कि चाहे कांग्रेस हो या राजद, दोनों बिहार की पहचान मिटाना चाहते हैं। ये घुसपैठियों की रक्षा करना चाहते हैं। बिहार की जनता को तय करना है कि राज्य के संसाधनों पर हक बिहार के लोगों का होगा या घुसपैठियों का। जो घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, वे पापी हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद की पाठशाला जंगलराज की पाठशाला है। रोहतास का डालमियानगर कभी एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक केंद्र था, लेकिन कांग्रेस और राजद ने उसे बर्बाद कर दिया।

### दुलार चंद

और भारी वस्तु से प्रहार के कारण हुए शॉक से कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर के कारण हुई। एसएसपी ने कहा, इस आधार पर जांच से यह साबित होता है कि यह हत्या का मामला है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में तीनों आरोपियों की मौजूदगी घटना स्थल पर पाई गई है। उन्होंने कहा, हत्या की जांच के लिए चार प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। जिनमें एक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक प्राथमिकी में अनंत सिंह का नाम भी शामिल है। कई आपराधिक मामलों में नामजद और स्थानीय दबंग माने जाने वाले अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी फिलहाल मोकामा से विधायक हैं। अनंत सिंह पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का भी मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि उनके काफिले में बड़ी संख्या में वाहनों के चलने की शिकायतें मिली थीं। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अनंत सिंह ने पहले माना था कि उनके समर्थकों और मृतक के बीच झड़प हुई थी, लेकिन उन्होंने इसका ठीकरा अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी सूरजभान सिंह पर फोड़ा, जिनकी पत्नी वीणा देवी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की प्रत्याशी हैं।




# दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत ने जीता वर्ल्ड कप

## क्रिकेट : शेफाली की 87 रन की आक्रामक पारी, दीप्ति शर्मा 58 गेंद में 58 रन व जेमिमा 37 गेंद में 24 रन बनाये

एजेंसी

नवी मुंबई। भारत की लड़कियों ने आखिरकार 47 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रच ही दिया। इंडिया विमेंस ने रविवार को फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। पाटील स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58, स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने 3 विकेट लिए। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने शतक लगाया, लेकिन टीम को जिता नहीं सकीं। दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लिए।







चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में आयी शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87 रन) और दीप्ति शर्मा (58 गेंद में 58 रन) की अर्धशतकीय पारियों के साथ रिचा घोष की तेज तर्रार बल्लेबाजी (24 गेंद में 34 रन) के बूते भारत ने रविवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में सात विकेट पर 298 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर शेफाली ने स्मृति मंधाना (58 गेंद में 45 रन) के साथ पहले विकेट के लिए शतकीय (106 गेंद में 104 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (37 गेंद में 24 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने धीमी होती पिच पर बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी से भारत को 300 रन से अंदर रोक दिया। इससे पहले चार जुलाई 2022 को श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 71 रन की पारी खेलने वाली शेफाली ने 21वें ओवर में सुने लुस की गेंद पर ऐनेक बॉश से मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए वनडे की अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान सात चौके और दो छक्के लगाये। भारतीय टीम 26वें ओवर के बाद लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही जिससे टीम शानदार शुरूआत के बावजूद रन गति को तेज करने में नाकाम रही। दीप्ति शर्मा इस दौरान वनडे विश्व कप में 15 विकेट और 200 रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया जबकि रिचा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तीन चौके और दो छक्के जड़े। दक्षिण अफ्रीका के लिए आयोबोंगा खाका सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 58 रन देकर तीन विकेट लिये। शेफाली और मंधाना ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। स्मृति ने मारिजान काप के पहले ओवर में खेल परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने की कोशिश की तो वहीं शेफाली ने दूसरे ओवर में अपनी पारी का आगाज आयोबोंगा खाका की गेंद पर चौके साथ किया। मंधाना ने काप की गेंद पर प्वाइंट क्षेत्र में कट कर शानदार चौका लगाया। शफाली ने काप तो वहीं मंधाना ने खाका के खिलाफ छठे ओवर में लगातार दो कलात्मक चौके लगाकर अपनी शानदार लय को जारी रखा। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने तेज गेंदबाजों के असरहीन दिखने के बाद आठवें ओवर में स्पिन का सहारा लेते हुए नोनकुलुलेको म्लाबा (47 रन पर एक विकेट) को गेंद थमाई लेकिन शेफाली ने उनका स्वागत भी चौके से किया। भारत ने शुरुआती 10 ओवर में बिना किसी नुकसान के 64 रन के साथ इस विश्व कप में पावरप्ले का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। पावरप्ले के बाद भारत की रनगति पर थोड़ा अंकुश लगा लेकिन नाडिन डि क्लार्क (52 रन पर एक विकेट) की गेंद पर शेफाली ने अपनी पारी का पहला छक्का जड़ दबाव कम किया।

## संक्षेप

### विश्व स्नूकर में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे आडवाणी

बेंगलुरु। तीन बार के चैंपियन पंकज आडवाणी सोमवार से दोहा में शुरू हो रही आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुषों की प्रतियोगिता दो चरण (तीन से छह नवंबर और सात से 13 नवंबर) में होगी जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सीधे दूसरे चरण में जाएंगे। पारस गुप्ता, ध्वज हारिया, मलकीत सिंह और मोहम्मद हुसैन अंतिम चरण में आडवाणी और बृजेश दमानी के साथ शामिल होने की कोशिश करेंगे। शुक्रवार से शुरू होने वाली महिलाओं की प्रतियोगिता में मौजूदा राष्ट्रीय 6 रेड चैंपियन कीर्तना पांडियन और नताशा चेतन सहित छह भारतीय खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी।

### सिनर व ऑगर में होगा खिताबी मुकाबला

पेरिस। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को आसानी से 6-0, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया और फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाये। इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर यदि फाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को हरा देते हैं तो वह छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ की जगह फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। ऑगर अलियासिमे ने इससे पहले ला डिफेंस एरिना में सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-6 (3), 6-4 से हराया। सिनर ने इनडोर टूर्नामेंट में अपने जीत के सिलसिले को 25 मैचों तक बढ़ा दिया है। उन्होंने गत विजेता ज्वेरेव को लगातार चौथी बार हराकर उन पर 5-4 की बढ़त बना ली है।

### उन्नति हुड्डा बाहर, हाइलो में भारतीय चुनौती समाप्त

सारब्रूकेन (जर्मनी)। उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को यहां 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और शनिवार रात 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई।

## पंत ने भारत ए को रोमंचक जीत, श्रृंखला 1-0 से आगे

एजेंसी

बेंगलुरू। कप्तान ज्षभ पंत की 90 रन की शानदार पारी और निचले क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों की बदौलत भारत ए ने रविवार को यहां पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। भारत ए अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

दूसरा मैच अगले गुरुवार से बीसीसीआई सीओई मैदान पर ही खेला जाएगा। भारत ए ने मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 119 रन से आगे बढ़ाई। पंत (90 रन, 113 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और आयुष बडोनी (34 रन, 47 गेंद) ने सुबह अच्छी शुरुआत की और 12 ओवर में 63 रन जोड़े। भारत को 275 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दिन 166 रन की जरूरत थी। पंत और बडोनी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। पंत ने दिन की दूसरी ही गेंद पर तेज़ गेंदबाज़ ओकुहले सेले पर छक्का जड़ा और उसके बाद एक हाथ से शॉट लगाकर थर्ड मैन क्षेत्र में दो चौके लगाए। सेले ने दिन के पहले ओवर में 14 रन दिए। पंत हालांकि अपना शतक



पूरा नहीं कर पाए। उन्हें तियान वान वुरेन की गेंद पर पुल करने का समय नहीं मिला और गेंद हवा में लहरा गई। लेसेगो सेनोक्वाने ने दूसरी स्लिप से दौड़ते हुए कैच लपका। सेनोक्वाने के लिए यह बड़ी राहत की बात थी क्योंकि उन्होंने प्रेनेलन सुब्रायन की गेंद पर फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर पंत का कैच छोड़ा था। पंत तब 80 रन पर खेल रहे थे।

लेकिन जिस तरह से पंत ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी की और मैच में 139.3 ओवर तक विकेटकीपिंग की, वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए सीनियर टीम की घोषणा करने से पहले चयनकर्ताओं के लिए एक सुखद संकेत हो सकता है। बडोनी भी वान वुरेन की अच्छी दिशा में डाली गई बाउंसर पर पुल नहीं कर सके और डीप फाइन लेग पर कैच आउट हो गए।

## जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कश्मीर मैराथन को दिखई हरी झंडी हिस्सा लिया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को यहां कश्मीर मैराथन के दूसरे सत्र को हरी झंडी दिखाई जिसमें विदेश और देश के अलग-अलग हिस्सों से 1500 धावकों ने हिस्सा लिया। मैराथन को हरी झंडी दिखाए जाने के कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी भी मौजूद थे जबकि उमर अब्दुल्ला ने पिछले साल की तरह इस साल भी हाफ मैराथन में हिस्सा लिया। उमर अब्दुल्ला ने अपने निजी एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, अभी-अभी कश्मीर हाफ मैराथन पूरी की। मैंने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन पिछले साल के मुकाबले अपने प्रदर्शन में सुधार किया। पूर्ण मैराथन और हाफ मैराथन पूरी करने वाले सभी धावकों को बधाई। बहुत बढ़िया। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक हैंडल से भी एक संदेश पोस्ट किया। उन्होंने कहा श्रीनगर में हजारों उत्साही धावकों के बीच मुख्यमंत्री ने आज सुबह कश्मीर मैराथन-2025 को हरी झंडी दिखाई जो जम्मू-कश्मीर की फिटनेस, जज्बे और कभी नहीं रुकने वाली भावना का जश्न है। संवाददाताओं से बात करते हुए सुनील शेट्टी ने कहा कि पहलगाम में हुए जानलेवा आतंकी हमले के बाद कश्मीर में चीजें सामान्य होने लगी हैं।

## प्रमोद-सुकांत, नितेश व मनीषा ने जीता स्वर्ण पदक



एजेंसी

जकार्ता। भारत के पैरा-बैडमिंटन दल ने इंडोनेशिया पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें प्रमोद भगत और सुकांत कदम की जोड़ी के अलावा चार अन्य खिलाड़ियों ने अलग अलग वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद ने सुकांत के साथ मिलकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 के फाइनल में इंडोनेशिया के द्वियोको और सेटियावान को सीधे गेम में 21-16, 21-12 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत का दबदबा एसएल3 और एसएल4 पुरुष एकल वर्ग में भी रहा जिसमें नितेश कुमार और शिवकुमार पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बने। महिला एकल एसयू5 में मनीषा रामदास ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया जबकि एसएच6 में सुमति सिवन ने शानदार जीत से भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। प्रमोद ने मिश्रित युगल में भी कांस्य पदक जीता जबकि तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने पुरुष एकल एसएच6 में कांस्य और मिश्रित युगल एसएच6 में रजत पदक जीता। कृष्णा और उनकी जोड़ीदार सुमति सिवन को फाइनल में इंडोनेशिया की सुभान और मर्लिना की जोड़ी से 13-21, 9-21 से हार मिली। अन्य खिलाड़ियों में सोलाईमलाई (एसएच6 पुरुष), एस कुमार (डब्ल्यूएच।पुरुष), प्रेम कुमार और अल्फिना जेम्स (मिश्रित युगल डब्ल्यूएच 1-डब्ल्यूएच2) और अबू हुबैदा और प्रेम कुमार (पुरुष युगल डब्ल्यूएच 1-डब्ल्यूएच2) ने भी देश के लिए पदक जीते।

❍ इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन

## केन विलियमसन ने लिया संन्यास

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला शुरू होने से कुछ दिन पहले रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। न्यूजीलैंड के लिए 93 टी-20 मैच खेलने वाले विलियमसन को हाल ही में 2026 के सत्र के लिए आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊसुपर जायंट्स का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। संन्यास लेने की घोषणा करने के कारण इस 35 वर्षीय बल्लेबाज को बुधवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया। विलियमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2575 रन बनाए लेकिन वह एक भी शतक नहीं लगा पाए। वह कैरेबियाई टीम के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की तैयारी के सिलसिले में आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में भी नहीं खेलेंगे।

## टी-20 : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया

एजेंसी

होबार्ट। अर्शदीप सिंह की उम्दा गेंदबाजी के बाद वाशिंगटन सुंदर की तूफानी पारी से भारत ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। ऑस्ट्रेलिया के 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने वाशिंगटन की 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 49 रन की पारी और जितेश शर्मा (13 गेंद में नाबाद 22) के साथ उनकी छठे विकेट की 25 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर जीत दर्ज की। तिलक वर्मा (29), अभिषेक शर्मा (25) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (24) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। वाशिंगटन को इस मैच में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्ले से एकादश में अपने चयन को सही साबित किया।

❍ श्रृंखला 1-1 से बराबर

ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। अर्शदीप (35 रन पर तीन विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (33 रन पर दो विकेट) ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 74 रन कर दिया था लेकिन टिम डेविड (74) और मार्कस स्टोइनिस (64) ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर मेजबान टीम का स्कोर छह विकेट पर 186 रन तक पहुंचाया। डेविड ने 38 गेंद का सामना करते हुए पांच छक्के और आठ चौके मारे जबकि स्टोइनिस ने 39 गेंद की पारी में दो छक्के और आठ चौके जड़े।



लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पावरप्ले में 64 रन जोड़े लेकिन फॉर्म में चल रहे अभिषेक और शुभमन गिल (15) के विकेट गंवा दिए। अभिषेक ने बार्टलेट पर छक्के से खाता खोला और फिर सीन एबट की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा।

वह हालांकि एलिस की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर जोश इंग्लिस को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (24) ने आते ही एलिस और एबट पर छक्के मारे लेकिन एलिस ने गिल को पगबाधा कर दिया। सूर्यकुमार भी स्टोइनिस की गेंद पर एक्सट्रा कवर पर एलिस को आसान कैच दे बैठे। तिलक और अक्षर पटेल ने इसके बाद पारी को संभाला। दोनों ने 10वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। एलिस की गेंद पर बार्टलेट ने अक्षर का शानदार कैच लपककर भारत को चौथा झटका दिया। वाशिंगटन ने इसके बाद मोर्चा संभाला। उन्होंने एलिस पर छक्के के साथ शुरुआत की और फिर एबट की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे। तिलक ने बार्टलेट की गेंद को विकेट के पीछे खेलने की कोशिश में इंग्लिस को आसान कैच थमाया जिससे भारत का स्कोर पांच विकेट पर 145 रन हो गया।

भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 35 रन की दरकार थी और वाशिंगटन ने जितेश के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। जितेश ने बार्टलेट और एलिस पर चौके मारे जबकि वाशिंगटन ने मैथ्यू कुहनेमन की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। जितेश ने इसके बाद एबट पर चौके के साथ भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद अर्शदीप ने दो ओवर में दो विकेट चटकाकर मेहमान टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे इस प्रारूप के भारत के सबसे सफल गेंदबाज अर्शदीप ने ट्रेविस हेड (06) और जोश इंग्लिस (01) को अपने लगातार ओवरों में पवेलियन भेजकर तीसरे ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 14 रन पर दो विकेट किया।

अर्शदीप की शॉर्ट गेंद पर कड़ा प्रहार करने की कोशिश में हेड गेंद को हवा में लहरा गए और सूर्यकुमार ने मिड ऑफ पर आसान कैच लपका। अर्शदीप के अगले ओवर में इंग्लिस भी फाइन लेग पर अक्षर पटेल के हाथों लपके गए। डेविड ने इसके बाद तूफानी बल्लेबाजी का नजारा पेश किया और भारत के सभी गेंदबाजों को निशाने पर रखा। उन्होंने अपने पांच में से चार छक्के सीधे मारे जबकि अक्षर की गेंद को कवर्स के ऊपर से छह रन के लिए भेजा।

## लखनऊ व अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी सेमीफाइनल में

लखनऊ। मेजबान लखनऊ मंडल सहित अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी ने राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के समन्वय से क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल मे किया जा रहा है। लखनऊ की खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और आजमगढ़ के खिलाफ 14-12 के अंतर से जीत दर्ज की।

❍ राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता

लखनऊ की जीत में ऋतु पाल ने कमाल दिखाया जिन्होंने सर्वाधिक 8 गोल दागे। शाम के सत्र में पहले क्वार्टर फाइनल में अयोध्या मंडल ने बस्ती को शानदार अंदाज में 14-6 से पराजित किया।

## गोरखपुर में सीएम कप : हैंडबॉल व खो-खो 21 से 23 नवंबर तक

लखनऊ। बाबा गोरखनाथ की नगरी गोरखपुर इस माह एक बड़े खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। यहां स्थित वीर बहादुर सिंह गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में सीएम कप उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर पुरुष हैंडबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिता 21 से 23 नवंबर 2025 तक आयोजित होगी।




इस प्रतियोगिता के ब्रांड एम्बेसडर गोरखपुर के सांसद रवि किशन होंगे। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में लीग कम नॉक आउट प्रणाली पर खेली जाएगी। इसकी रूपरेखा उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय एवं पंकज पाण्डेय महासचिव उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव ने तैयार की है। अमित पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत हैंडबॉल की स्पर्धा कॉलेज के बहुउद्देश्यीय हाल में होगी, जब कि खो-खो की भिड़ंत कॉलेज के खेल मैदान पर देखने को मिलेगी। हैंडबॉल में 18 मंडलों व यूपी पुलिस, एसएसबी, अमेठी हास्टल व साई सैफई, एनइ रेलवे सहित कुल 23 टीमें भाग लेंगी। दूसरी ओर खो-खो की प्रतियोगिता में 16 मंडलों व यूपी पुलिस, एसएसबी की टीमें प्रतिभाग करेंगी। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने इस आयोजन के बारे में कहा कि सीएम कप न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि प्रदेश के खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और क्षमता को परखने का अवसर भी है। गोरखपुर जैसे ऊर्जावान शहर में इन खेलों का आयोजन युवाओं के उत्साह को नई दिशा देगा। उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव पंकज पाण्डेय ने बताया कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश के हर मंडल से उभरते खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएं।

❍ सांसद रवि किशन होंगे ब्रांड एम्बेसडर, खेल प्रतिभाओं को करेंगे प्रोत्साहित

# यूक्रेन के ओडेसा पर ड्रोन हमले में दो की मौत

## जपोरिज्जिया क्षेत्र पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद अनेक निवासियों को बिजली के बिना रहना पड़ा

एजेंसी



कीव। यूक्रेन के दक्षिण-पश्चिमी ओडेसा क्षेत्र में ड्रोन हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही रूस ने देश की ऊर्जा अवसंरचना पर भी हमला करना जारी रखा। देश के आपातकालीन सेवा विभाग के अनुसार, रविवार तड़के यूक्रेन के काला सागर तट पर ओडेसा क्षेत्र में एक कार पार्किंग पर रूसी ड्रोन ने हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने बताया कि इस हमले में तीन अन्य लोग घायल हो गए। रूस द्वारा जपोरिज्जिया क्षेत्र पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद अनेक निवासियों को बिजली के बिना रहना पड़ा। क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि हमलों में लगभग 60,000 लोगों को बिजली आपूर्ति के बाधित होने का सामना करना पड़ा और दो लोग घायल हुए। उन्होंने टेलीग्राम पर मलबे में बदली इमारतों की तस्वीरें पोस्ट कीं। यूक्रेन के राष्ट्रीय ऊर्जा ऑपरेटर, उक्रेनेर्गो ने कहा कि यूक्रेन की विद्युत ग्रिड पर हमलों के परिणामस्वरूप, रविवार को कई क्षेत्रों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। हमलों का उद्देश्य यूक्रेन के मनोबल को कमजोर करना तथा हथियार निर्माण और अन्य युद्ध-संबंधी गतिविधियों को बाधित करना है, जो रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर पूर्ण आक्रमण के लगभग चार वर्ष बाद हुआ है। विश्लेषकों और अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष रूस ने अपनी रणनीति बदल दी है और विशिष्ट क्षेत्रों तथा गैस अवसंरचना को निशाना बनाया है।

इस बीच क्षेत्रीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में रूस के तुआप्से बंदरगाह पर एक तेल टैंकर और बुनियादी ढांचे में आग लग गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में काला सागर बंदरगाह पर टर्मिनल संरचनाओं और एक टैंकर में आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। एसोसिएटेड प्रेस स्वतंत्र रूप से इन तस्वीरों की पुष्टि नहीं कर सका। तुआप्से में एक प्रमुख तेल निर्यात टर्मिनल और सरकारी स्वामित्व वाली रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट की एक रिफाइनरी स्थित है।

## कनाडा और फिलीपीन ने युद्ध अभ्यास बढ़ाने, चीन की आक्रामकता रोकने के लिए रक्षा समझौता किया

मनीला (फिलीपीन)। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के कटु आलोचक कनाडा और फिलीपीन ने रविवार को एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य उनकी सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास करना और आक्रामकता को रोकना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कनाडा एवं अन्य पश्चिमी देश कानून के शासन को बढ़ावा देने और क्षेत्र में व्यापार व निवेश बढ़ाने में मदद करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर अन्य देशों के साथ रक्षा संबंध स्थापित करने के प्रयास कर रहे हैं, ताकि उनके देश की सेना को विवादित जल क्षेत्र में सैन्य रूप से अपेक्षाकृत मजबूत चीन का सामना करने में मदद मिल

# पीएम विज्ञान व प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन का आज करेंगे उद्घाटन



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन नवंबर को पहले उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन करेंगे और देश में निजी क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को प्रोत्साहित करने के लिए एक मेगा फंड की शुरुआत करेंगे। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। ईएसटीआईसी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया गया है, जिसे हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, उद्योग और सरकार की ओर से 3,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके अलावा नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रमुख वैज्ञानिक, नवोन्मेषक और नीति निर्माता भी भाग लेंगे। देश के आरएंडडी पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना निधि की शुरुआत करेंगे। बयान में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र आधारित अनुसंधान एवं विकास व्यवस्था को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में उन्नत सामग्री एवं विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव विनिर्माण, नीली (महासागरीय) अर्थव्यवस्था, डिजिटल संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और अर्धचालक विनिर्माण, उभरती कृषि प्रौद्योगिकियां, ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकियां, क्वांटम साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियां समेत 11 विषयों पर चर्चा की जाएगी।

संक्षेप

## बिहार चुनाव : कांग्रेस ने पीएम से प्रश्नपत्र व रोजगार पर पूछे सवाल

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासन में जंगलराज होने के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आरोपों पर पलटवार करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्य में प्रश्नपत्र लीक, रोजगार की तलाश में परिवारों के पलायन और जघन्य अपराधों में कथित वृद्धि के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधते हुए राज्य में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि का हवाला दिया और प्रधानमंत्री से पूछा कि क्या यह उनकी ट्रबल इंजन सरकार का तथाकथित मंगल राज है? राजग बिहार में मतदाताओं को यह कहते हुए आगाह कर रहा है कि सत्ता में महागठबंधन की वापसी से पूर्ववर्ती राजद शासन में व्याप्त जंगल राज का युग वापस आ जाएगा, जहां अपराधी दंड के भय से मुक्त होकर काम करते थे। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना की उन्हीं सड़कों पर जहां नौकरी और निष्पक्ष भर्ती परीक्षा की मांग को लेकर युवाओं पर लगभग हर महीने लाठीचार्ज किया जाता था, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री वोट के लिए रोड शो कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने वैष्णव से मुलाकात कर रेलवे संपर्क पर की चर्चा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और पर्यटन स्थल उमरंगसो तक नयी रेल लाइन बिछाने सहित राज्य में रेलवे संपर्क संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने कोकराझार जिले से होकर भूटान के साथ प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय लाइन पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा आज सुबह माननीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के साथ बहुत ही उपयोगी बैठक हुई। हमने असम में रेलवे के विस्तार और लोगों के लिए समग्र संपर्क बढ़ाने के प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन मुद्दों पर उन्होंने चर्चा की गई उनमें होजई जिले के उमरांगसो शहर से लंका तक एक नयी रेलवे लाइन, कोकराझार से भूटान के गेलेफू तक नयी रेलवे लाइन के काम में तेजी लाना, असम के लिए तीन नयी अमृत भारत ट्रेन और राज्य से गुजरने वाली सभी प्रमुख रेलगाड़ियों के राज्य में अधिक ठहराव शामिल है।

# नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या घटी

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत में नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों के वर्गीकरण की ताजा समीक्षा में पाया गया कि अप्रैल में नौ राज्यों में इनकी संख्या 46 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है और चिंताजनक जिलों की श्रेणी में केवल चार तथा सबसे अधिक प्रभावित जिलों की श्रेणी में महज तीन जिले रह गए हैं। यह समीक्षा वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना 2015 के एक हिस्से के रूप में की गई, जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकारें इस खतरे का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 15 अक्टूबर को ताजा वर्गीकरण अधिसूचित किया था। सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है, लिहाजा सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) के अंतर्गत आने वाले जिलों की संख्या एक अप्रैल को 46 से घटकर अब 38 रह गई है। आधिकारिक रिकॉर्ड भी इस बात की पुष्टि करते हैं। एसआरई एक शीर्ष स्तरीय एलडब्ल्यूई नीति योजना है, जिसके तहत केंद्र वामपंथी उग्रवाद से लड़ने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

एसआरई जिलों को आगे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों और विरासत एवं प्रबल जिलों में वर्गीकृत किया जाता है। सूत्रों के अनुसार, मार्च 2026 तक नक्सलवाद का खात्मा करने की केंद्र सरकार की घोषणा के तहत सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्वाई के बाद, इन सभी श्रेणियों में नक्सली हिंसा और प्रभाव के स्तर में गिरावट देखी गई है।

# बिहार चुनाव के कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में खरगे, राहुल व प्रियंका शामिल





एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा, कन्हैया कुमार एवं निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

बिहार के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश राम, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, सचिन पायलट, रणदीप सुरजेवाला और सैयद नसीर हुसैन के साथ-साथ वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, तारिक अनवर, गौरव गोगोई, मोहम्मद जावेद और अखिलेश प्रसाद सिंह भी इस सूची में शामिल हैं। बिहार में छह और 11 नवंबर को दो चरण में मतदान होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामपंथी दलों के इंडिया गठबंधन ने बृहस्पतिवार को राजद नेता तेजस्वी यादव को बिहार चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, प्रमोद तिवारी, अजय राय, इमरान प्रतापगढ़ी, पवन खेड़ा, शकील अहमद, रंजीत रंजन, राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, जिग्नेश मेवाणी, अनिल जयहिंद और राजेंद्र पाल गौतम भी पार्टी द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं।

# वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तत्काल कदम उठायें सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या को उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से हस्तक्षेप की रविवार को अपील की। प्रियंका ने कहा कि केरल के वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली लौटकर सांस लेना वास्तव में चौंकाने वाला अनुभव है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा, अब समय आ गया है कि हम सभी अपने राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर एकजुट हों और इसके खिलाफ कुछ ठोस कदम उठाएं। केंद्र और राज्य सरकारों को तुरंत कार्वाई करनी चाहिए। हम सब किसी भी ऐसे कदम का समर्थन और सहयोग करेंगे जो इस भयावह स्थिति से निपटने में मददगार साबित हो। प्रियंका गांधी ने कहा कि दिल्लीवासी हर



साल इस जहरीली हवा को झेलने पर मजबूर होते हैं और उनके पास कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने कहा, सांस से जुड़ी बीमारियों से ग्रस्त लोगों, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों, सभी को तत्काल राहत की आवश्यकता है। हमें इस प्रदूषण से निपटने के लिए तुरंत कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, पर्यावरण मंत्री यादव तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार को हवा की धीमी गति के कारण प्रदूषक तत्व कम तितर-बितर हुए और दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी रही। राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार के 303 से बढ़कर रविवार सुबह 386 दर्ज किया गया। दिल्ली के वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली हवाओं की गति शाम और रात के दौरान आठ किलोमीटर प्रति घंटा से कम हो गई।

## मुख्यमंत्री विजयन के खिलाफ आईयूएमएल नेता की टिप्पणी अत्यंत निंदनीय : केरल मंत्री

तिरुवनंतपुरम। केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने रविवार को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी. एम. ए. सलाम की मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे निंदनीय करार दिया। सलाम ने यह टिप्पणी केरल सरकार द्वारा पीएम श्री योजना से संबंधित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को लेकर की थी। यह समझौता बाद में राज्य सरकार द्वारा स्थगित कर दिया गया था।

## इंटरटेनमेंट...

# 'महा मुंज्या' में बदल गयी लीड एक्ट्रेस की कहानी




**मुंबई**। फिल्म 'महा मुंज्या' को लेकर हाल ही में अफवाहें उड़ रही थीं कि शरवरी वाघ की जगह प्रतिभा रांटा को फिल्म में लिया गया है। लेकिन डायरेक्टर आदित्य आदित्य सरपोतदार ने इस बात को पूरी तरह से गलत बताया है। उन्होंने दिए इंटरव्यू में साफ कहा कि यह खबर सिर्फ अफवाह है और ऐसी कोई भी चीज सच नहीं है। आदित्य आदित्य सरपोतदार ने बताया कि शरवरी वाघ और अभय वर्मा फिल्म की कोर टीम में शामिल हैं और शरवरी 'मुंज्या' परिवार का एक अहम हिस्सा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभा रांटा की एंट्री जैसे कोई भी नया कास्टिंग इश्यू सही समय पर फिल्म की टीम की तरफ से घोषित किया जाएगा। इसलिए फिलहाल शरवरी वाघ फिल्म में लीड रोल में ही बनी रहेंगी।

❍ डायरेक्टर बोले- प्रतिभा रांटा नहीं, शरवरी वाघ फिल्म में लीड रोल में ही बनी रहेंगी

फिल्म 'मुंज्या' डायरेक्टर आदित्य आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी थी, जिसमें शरवरी वाघ के साथ अभय वर्मा, मोना सिंह, सत्यराज और अन्य कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का सीक्वल 'महा मुंज्या' को लेकर भी दर्शकों के बीच उत्साह बहुत है, लेकिन शरवरी के हटाए जाने और प्रतिभा रांटा के आने की खबरें बेबुनियाद साबित हो गई हैं।

# ईशा देओल की बर्थडे पर इमोशनल पोस्ट



**मुंबई**। एक्ट्रेस ईशा देओल आज 44 साल की हो चुकी हैं। बर्थडे के खास मौके पर उन्होंने पेरेंट्स धर्मेंद्र और हेमा मालिनी के साथ बचपन की अनदेखी तस्वीर शेयर करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है।

ईशा देओल ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वो धर्मेंद्र और हेमा मालिनी को थामे हुए एक तस्वीर के लिए पोज करती नजर आई हैं। वहीं पेरेंट्स बेहद खूबसूरती से उनकी ओर देख रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'मैं हूं तो सिर्फ आपकी वजह से। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं पापा और मम्मा।' ईशा देओल ने पोस्ट में फैंस को भी सभी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने लिखा, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद इतने प्यारे जन्मदिन की शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए। आप सभी से बहुत प्यार है। खुश रहें, स्वस्थ रहें और मजबूत बनें।' ईशा की पोस्ट पर एक्ट्रेस मनीषा कोइराला ने भी कमेंट करते हुए इसे एडोरेबल कहा है। इसके अलावा भी कई सेलेब्स फोटो की तारीफ करते हुए एक्ट्रेस को बर्थडे विश दे रहे हैं।

## 5 करोड़ एलुमनी लेने की खबर पर भड़कीं माही विज

मुंबई। टेलीविजन इंडस्ट्री के पावरकपल जय भानुशाली और माही विज इन दिनों तलाक की खबरों से सुर्खियों में बने हुए हैं। रिपोर्ट्स रहीं कि दोनों ने तलाक के पेपर्स साइन कर दिए हैं और माही विज ने जय भानुशाली से 5 करोड़ रुपए की एलुमनी मांगी है। अब माही विज ने इन खबरों पर भड़कते हुए इनका खंडन किया है। उन्होंने साफ कहा है कि वो तलाक नहीं ले रहे हैं। एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि जब तक वो खुद किसी खबर की पुष्टि न करें, किसी भी खबर पर यकीन न किया जाए। माही विज ने अपने यूट्यूब चैनल से हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने तलाक की खबर पर कहा, 'तीन-चार दिन से एक न्यूज फीड में बहुत आ रही है।

# शाहरुख की फिल्म 'किंग' का टाइटल रिवील

**मुंबई**। शाहरुख खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने शाहरुख के बर्थडे के खास मौके पर मोस्ट अवेटेड फिल्म किंग का टाइटल रिवील किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म से शाहरुख की पहली झलक भी दिखाई है।

❍ नए अवतार में दिखे बादशाह, कितने खून किए याद नहीं, डर नहीं दहशत हूं, 2026 में होगी रिलीज

ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद ये सिद्धार्थ-शाहरुख की दूसरी फिल्म है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और सिद्धार्थ आनंद ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म किंग का ग्रैंड टाइटल रिवील किया और



शाहरुख का फर्स्ट लुक दिखाया। '100 देशों में बदनाम, दुनिया ने दिया सिर्फ एक ही नाम- किंग। किंग टाइटल रिवील। ये शो टाइम है। 2026 में सिनेमाघरों में।' कितने खून किए, याद नहीं। अच्छे लोग थे या बुरे, कभी पूछा नहीं। बस उनकी आंखों में एहसास था कि ये उनकी आखिरी सांस है और मैं उसकी वजह। हजार जुर्म, 100 देशों में बदनाम, दुनिया ने दिया सिर्फ एक ही नाम। डर नहीं दहशत हूं। इट्स शो टाइम। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। फिल्म में शाहरुख खान नेवर सीन बिफोर लुक देखने मिलने वाला है, जिसकी पहली झलक सामने आ चुकी है।

'किंग' का टाइटल रिवील शाहरुख खान की शानदार पहचान का जश्न है, डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद की तरफ से फैंस के लिए एक तोहफा। इसे शाहरुख के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com